महानगर नई दिल्ली गुरुवार 29 अगस्त, 2019, रु. 5.00 (14 पेज) दिल्ली, कोलकाता, लखनऊ और चंडीगढ़ से प्रकाशित

जनसत्ता

jansatta.com epaper.jansatta.com facebook.com/jansatta twitter.com/jansatta

# उड़ी के गुरेज में पाकिस्तान के दो कमांडो मार गिराए

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 28 अगस्त।

उड़ी के गुरेज सेक्टर में बुधवार को आतंकियों को साथ लेकर घुसपैठ की कोशिश कर रहे पाकिस्तानी सेना के दो कमांडो को भारतीय सैनिकों ने ढेर कर दिया। घुसपैठ कराने की कोशिश में पाकिस्तान ने संघर्षविराम का उल्लंघन किया।

भारतीय सैनिकों की जवाबी कार्रवाई में पाकिस्तानी स्पेशल फोर्स के दो अन्य कमांडो घायल हुए हैं। मंगलवार को एसएसजी के तीन कमांडो ढेर किए गए थे। एक सप्ताह में पाकिस्तान के 10 कमांडो मारे गए हैं। दरअसल, सैन्य खुफिया इकाई ने सूचना जुटाई है कि पाकिस्तान ने नियंत्रण रेखा के नजदीक अपनी स्पेशल फोर्सेज के 100 से ज्यादा कमांडो तैनात किए हुए हैं। पाकिस्तान इन कमांडो का इस्तेमाल बॉर्डर एक्शन टीम और कमांडो दस्ते की मदद के लिए कर रहा है। ये लोग आतंकियों के साथ घुसपैठ की फिराक में हैं।

**घुसपैठ** कराने के इरादे से संघर्षविराम उल्लंघन, एक सप्ताह में ढेर किए गए 10 पाकिस्तानी कमांडो

**नियंत्रण** रेखा के पास आतंकियों के साथ जुटे पाकिस्तानी एसएसजी के सौ कमांडो

सैन्य प्रवक्ता के मुताबिक, पाकिस्तान अपनी नापाक हरकतों से बाज नहीं आ रहा बाकी पेज 8 पर

## जम्मू-कश्मीर : अनुच्छेद 370 हटाने के आदेश को दी गई चुनौती

# सुप्रीम कोर्ट का पांच सदस्यीय संविधान पीठ करेगा समीक्षा

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 28 अगस्त।

जम्मू-कश्मीर की संवैधानिक स्थिति में बदलाव करने का केंद्र का निर्णय बुधवार को न्यायिक समीक्षा के दायरे में आ गया। सुप्रीम कोर्ट ने अनुच्छेद 370 के अधिकतर प्रावधानों को रद्द करने के केंद्र के फैसले को चुनौती देने वाली याचिकाओं को पांच सदस्यीय संविधान पीठ को सौंप दिया जो इन पर अक्तूबर के प्रथम सप्ताह में सुनवाई करेगी। प्रधान न्यायाधीश रंजन गोगोई, न्यायमूर्ति एसए बोबडे और न्यायमूर्ति एस अब्दुल नजीर के पीठ ने इस मुद्दे को लेकर दायर याचिकाओं पर केंद्र और जम्मू कश्मीर प्रशासन को नोटिस जारी किए। पीठ ने इन याचिकाओं में उठाए गए मुद्दों पर केंद्र से जवाब मांगा है।

याचिकाओं में कहा गया है कि अनुच्छेद 370 के अधिकतर प्रावधानों को रद्द करने संबंधी कानून और राष्ट्रपति के आदेश 'गैरकानूनी और जम्मू कश्मीर की जनता को संविधान के अनुच्छेद 14 और 21 में प्रदत्त मौलिक अधिकारों का उल्लंघन करने वाला है। पीठ ने अटार्नी जनरल केके वेणुगोपाल और सालिसीटर जनरल तुषार मेहता की बाकी पेज 8 पर

**संविधान पीठ** इन मुद्दों से संबंधित 11 याचिकाओं पर अक्तूबर के प्रथम सप्ताह में सुनवाई करेगा।



## राज्य में देंगे 50 हजार नौकरियां : मलिक

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 28 अगस्त।



**कहा**, दो-तीन दिनों में केंद्र करेगा बड़े एलान

जम्मू-कश्मीर के राज्यपाल सत्यपाल मलिक ने बुधवार को एलान किया कि अगले दो से तीन महीने में जम्मू-कश्मीर और लद्दाख में 50,000 सरकारी नौकरियों के लिए भर्ती की जाएगी।

उन्होंने कहा कि एक- दो दिनों में कश्मीर के विकास के लिए केंद्र सरकार कई बड़ी घोषणाएं कर सकती हैं। मीडिया से बातचीत के दौरान राज्यपाल मलिक ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर हमला करते हुए उन्हें राजनीतिक नौसिखुआ बताया। मलिक ने कहा कि अनुच्छेद 370 पर फैसला जम्मू-कश्मीर और लद्दाख के लोगों के हित और बेहतरी के लिए लिया गया है। उन्होंने कहा, 'आने वाले दो-तीन महीनों में जम्मू-कश्मीर और लद्दाख में 50,000 सरकारी नौकरियां दी जाएंगी। जल्द ही पदों और आवेदन तिथि, प्रक्रिया के बारे में जानकारी दी जाएगी।'

उन्होंने कहा कि सूबे के सात लाख सेब उत्पादकों की समस्याओं से हम वाकिफ हैं। गवर्नर मलिक ने कहा, '50 डिग्री कॉलेज और खोले जाएंगे। लड़कियों के लिए अलग से कॉलेज बनाए जाएंगे। पांच नए मेडिकल कॉलेज बनने हैं। हर जिले में एक आइटीआइ होगी। प्रधानमंत्री ने हर बाकी पेज 8 पर

## मंत्री समूह का गठन

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 28 अगस्त।

जम्मू-कश्मीर और लद्दाख में विकास, सामाजिक और आर्थिक मुद्दों को देखने के लिए बुधवार को एक मंत्री समूह (जीओएम) का गठन किया गया। जम्मू-कश्मीर और लद्दाख केंद्रशासित प्रदेशों के रूप में 31 अक्तूबर को अस्तित्व में आएगा। गृह बाकी पेज 8 पर

### जम्मू-कश्मीर पर भीतर



**घाटी में हाई स्कूल खुले**
कश्मीर घाटी के उन क्षेत्रों में बुधवार को हाई स्कूल खोल दिए गए जहां पर प्रतिबंधों में ढील दी गई है। पेज 5 पर



**येचुरी को इजाजत**
कोर्ट ने कहा, किसी भी नागरिक को किसी भी हिस्से में जाने का हक पेज-8 पर



**फैसल ने प्रति मांगी**
केंद्र को दो सितंबर तक का समय दिया, तीन सितंबर को होगी सुनवाई। पेज -2 पर

## कश्मीर में मीडिया पर प्रतिबंध : केंद्र-राज्य सरकार को नोटिस

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 28 अगस्त।

सुप्रीम कोर्ट ने जम्मू कश्मीर में संचार पर पाबंदी सहित कई कठोर प्रतिबंधों को हटाने के लिए दायर याचिका पर बुधवार को केंद्र और जम्मू कश्मीर प्रशासन को नोटिस जारी किए। साथ ही, उनसे एक हफ्ते के अंदर जवाब देने को कहा है। दरअसल इन प्रतिबंधों से मीडिया का कामकाज प्रभावित हो रहा है।

जम्मू कश्मीर को विशेष दर्जा देने वाले अनुच्छेद 370 के ज्यादातर प्रावधानों को रद्द करने के फैसले बाकी पेज 8 पर

## कराची के ऊपर तीन विमानन मार्ग बंद किए पाकिस्तान ने

इस्लामाबाद, 28 अगस्त (भाषा)।

पाकिस्तान ने कराची विमानन क्षेत्र के तीन मार्गों को 28 अगस्त से 31 अगस्त तक के लिए बंद कर दिया है। नागर विमानन प्राधिकरण ने बुधवार को इसकी घोषणा की। इससे पहले पाकिस्तान सरकार ने कहा था कि वह भारतीय उड़ानों के लिए देश के विमानन क्षेत्र के इस्तेमाल पर पूर्ण पाबंदी लगाने पर विचार कर रही है।

इस पाबंदी से कराची के ऊपर तीन मार्गों का इस्तेमाल कर रही अंतरराष्ट्रीय उड़ानों पर असर पड़ेगा। पायलटों को कराची को पार करने के लिए वैकल्पिक बाकी पेज 8 पर

## शाह ने कहा, पुलिस मामलों में दोषसिद्धि की दर 'बहुत ही दयनीय'

नई दिल्ली, 28 अगस्त (भाषा)।



केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने बुधवार को कहा कि देश में आपराधिक मामलों में दोषसिद्धि दर 'बहुत ही दयनीय' है। उन्होंने कहा कि वर्षों पुरानी तकनीकों जैसे संदिग्ध को थर्ड डिग्री देने और फोन टैपिंग से अपराधों पर नकेल या अपराधियों को दोषी साबित कराने में वांछित नतीजे नहीं मिलेंगे।

शाह ने यहां पुलिस अनुसंधान एवं विकास ब्यूरो (बीपीआरडी) के 49वें स्थापना दिवस कार्यक्रम में पुलिस संगठनों के आला अधिकारियों से यह बात कही। उन्होंने कहा कि अपराधियों के गुनाह को साबित करने के लिए जांचकर्ताओं के लिए फोरेंसिक सबूतों बाकी पेज 8 पर

## राहुल के बयान को आधार बना संरा पहुंचा पाक

# भाजपा हुई हमलावर, माफी की मांग

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 28 अगस्त।

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी के कश्मीर पर दिए एक बयान को आधार बनाकर पाकिस्तान के संयुक्त राष्ट्र पहुंचने के बाद भाजपा ने विपक्षी दल के नेता पर हमला बोला है। विवाद बढ़ते देख राहुल गांधी ने बुधवार को दूसरा बयान जारी किया, जिसमें उन्होंने दो-टूक कहा कि जम्मू-कश्मीर भारत का आंतरिक मामला है और वहां पाक ही हिंसा भड़का रहा है।

कांग्रेस नेताओं द्वारा स्थिति स्पष्ट किए जाने के बावजूद सूचना एवं प्रसारण मंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता प्रकाश जावडेकर ने कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष पर तीखा हमला किया और कहा कि उन्हें माफी मांगनी चाहिए। कांग्रेस ने अपनी हरकतों से देश को शर्मसार किया है। जिस प्रकार राहुल गांधी ने जम्मू-कश्मीर के बारे में टिप्पणियां कीं, वे निंदनीय हैं।

जावडेकर ने कहा कि राजनीतिक मतभेद रहे हैं लेकिन ऐसा कभी किसी ने नहीं कहा या बोला जिसका पाकिस्तान ने इस्तेमाल किया हो। इस तरह का गैर जिम्मेदाराना राजनीतिक व्यवहार पिछले 70 वर्षों में नहीं देखा गया। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि राहुल गांधी के बयान को सबूत बनाते हुए पाकिस्तान को यूएन में याचिका लगाने का मौका मिला। यह दिवालियापन तो है ही साथ ही कांग्रेस की वोटबैंक की राजनीति भी है। देशभर के बाकी पेज 8 पर



**कांग्रेस** के पूर्व अध्यक्ष का यू-टर्न, कहा : जम्मू-कश्मीर हमारा आंतरिक मामला

# कोयला खनन में 100 फीसद एफडीआइ को केंद्र सरकार की मंजूरी

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 28 अगस्त।

केंद्र सरकार ने बुधवार को कोयला खनन उत्खनन कारोबार व अनुबंध पर विनिर्माण कार्य में विदेशी कंपनियों को 100 फीसद पूंजी निवेश (एफडीआइ) की मंजूरी दी है। एकल ब्रांड खुदरा कारोबार करने वाली विदेशी कंपनियों के लिए प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआइ) के नियमों में ढील दी गई है। इनके अलावा केंद्रीय मंत्रिमंडल ने 24,000 करोड़ की लागत से अगले तीन साल में 75 नए मेडिकल कॉलेज खोले जाने के फैसले पर भी मुहर लगाई गई है। साथ ही, गन्ना किसानों को निर्यात छूट देने का ऐलान किया गया। यह राशि सीधे किसानों के खाते में जाएगी।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक के बाद वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने बताया कि कोयला खनन और संबद्ध ढांचागत सुविधा में स्वतः मार्ग से 100 फीसद एफडीआइ की मंजूरी दी गई है। उन्होंने कहा कि घरेलू विनिर्माण को बढ़ावा देने के लिए अनुबंध विनिर्माण में स्वतः मार्ग से 100 फीसद एफडीआइ की अनुमति दी गई है। इसके अलावा डिजिटल मीडिया में 26 फीसद एफडीआइ की मंजूरी दी गई है।

एकल खुदरा ब्रांड में एफडीआइ के बारे में मंत्रिमंडल ने घरेलू बाजार से 30 फीसद खरीद की अनिवार्यता से जुड़े नियम की परिभाषा का दायरा बढ़ाया है। साथ ही विदेशी कंपनियों के लिए एकल खुदरा ब्रांड को ऑनलाइन बिक्री शुरू करने से पहले देश में खुदरा दुकान स्थापित करने की अनिवार्यता को भी खत्म कर दिया गया है।

केंद्रीय मंत्री प्रकाश जावडेकर के मुताबिक, मंत्रिमंडल की बैठक में 24,000 करोड़ रुपए के खर्च से 75 नए मेडिकल कॉलेज खोले जाने को मंजूरी दी गई। इससे छात्रों के लिए 15,700 नई मेडिकल सीटें सृजित होंगी। जिन क्षेत्रों व जिलों में मेडिकल कॉलेज नहीं हैं, उन्हें प्राथमिकता दी जाएगी। पिछले पांच साल में मेडिकल पीजी और एमबीबीएस बाकी पेज 8 पर

**24,000** करोड़ की लागत से तीन साल में खोले जाएंगे 75 नए मेडिकल कॉलेज, केंद्रीय मंत्री प्रकाश जावडेकर के मुताबिक



**100 फीसद** एफडीआइ अनुबंध आधारित विनिर्माण क्षेत्र में, केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल के अनुसार



## मोदी की रूस यात्रा में अहम रक्षा और परमाणु समझौते की तैयारी

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 28 अगस्त।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी चार से छह सितंबर तक रूस के शहर व्लादिवोस्तोक की यात्रा पर होंगे। इस दौरान वे रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से शिखर वार्ता करेंगे। भारत और रूस के बीच कई अहम रक्षा व परमाणु करार पर दस्तखत किए जाएंगे। उनकी इस यात्रा को लेकर रूस के भारत स्थित राजदूत निकोलाई कुदाशेव ने बुधवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की रूस यात्रा से दोनों देशों के पहले से प्रगाढ़ संबंधों में एक 'नए अध्याय' की शुरुआत होगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि अनुच्छेद बाकी पेज 8 पर



व्लादिमीर पुतिन



नरेंद्र मोदी

## उत्तर प्रदेश के डीजीपी को महिला आयोग का नोटिस

भाषा/जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली/देहरादून, 28 अगस्त।

पूर्व केंद्रीय गृह राज्य मंत्री स्वामी चिन्मयानंद के खिलाफ 'यौन शोषण' का आरोप लगाने वाली छात्रा के लापता होने के मामले पर स्वतः संज्ञान लेते हुए राष्ट्रीय महिला आयोग ने बुधवार को उत्तर प्रदेश के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) को नोटिस जारी किया और विस्तृत रिपोर्ट तलब की।

दूसरी ओर आरोपों से घिरे चिन्मयानंद सरस्वती हरिद्वार में अपने आश्रम में है। वे इस बारे में मीडिया से कुछ भी बोलने को तैयार नहीं है। आयोग ने बाकी पेज 8 पर

**चिन्मयानंद** के खिलाफ यौन शोषण का मामला। **महिला आयोग** ने कहा : मामले की जल्द जांच हो, लड़की की सुरक्षा सुनिश्चित की जाए।



### दरअसल




हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री ने दिए जांच के आदेश | **शिकायत** | कांग्रेस विधायक ब्राक्टा ने उठाया था विधानसभा में यह मुद्दा

# निजी क्लीनिक ने महिला को बताया एचआइवी पॉजिटिव, सदमे से मौत

शिमला, 28 अगस्त (जनसत्ता)।

राजधानी शिमला के दुर्गम क्षेत्र की 22 वर्षीय एक महिला को निजी क्लीनिक के 'एचआइवी पॉजिटिव' बताए जाने के बाद कोमा में चले जाने और फिर गहरे सदमे से मौत हो गई। अब हिमाचल प्रदेश की जय राम सरकार ने इस मामले में गहन जांच की घोषणा की है।

मुख्यमंत्री का कहना है कि निदेशक-स्वास्थ्य मामले की जांच कर 15 रोज में सरकार को संबंधित रिपोर्ट सौंपेंगे और उसके बाद ही अगली कार्रवाई की जाएगी। दरअसल, रोहड़ू से ही कांग्रेस विधायक मोहन लाल ब्राक्टा ने बुधवार यहां प्रदेश विधानसभा में यह मामला 'पॉइंट ऑफ ऑर्डर' के तहत उठाया।

कांग्रेस विधायक ने कहा कि 22 वर्षीय महिला जब बीमार हुई तो इसे रोहड़ू अस्पताल में परिजनों ने भर्ती कराया। लेकिन वहां कोई स्त्रीरोग विशेषज्ञ नहीं थी तो उसके परिजन उसे एक क्लीनिक में ले गए। वहां डॉक्टरों ने उसकी जांच-पड़ताल के लिए कुछ टेस्ट कराए और फिर इन जांच-पड़तालों की रिपोर्ट तैयार कर उन्हें थमा दी। लेकिन क्लीनिक के डॉक्टरों ने रिपोर्ट में दर्ज ब्योरे के बारे में महिला के परिजनों को कुछ भी नहीं बताया। इसी निजी क्लीनिक की ओर से उन्हें यह कहकर कि महिला एनीमिया से ग्रस्त है यानी उसमें खून की कमी है, इसलिए उसे राजधानी शिमला के सरकारी कमला नेहरू अस्पताल रेफर कर दिया। ब्राक्टा ने सदन को बताया कि पीड़ित महिला के परिजन उसे लेकर कमला नेहरू अस्पताल पहुंचे जहां महिला का ऑपरेशन सफल रहा। जब महिला के पति ने वहां सरकारी अस्पताल में डॉक्टरों से संपर्क किया तो उन्होंने उनकी पत्नी के कुछ और टेस्ट कराने की सलाह दी। इस पर पति ने कहा कि वह तो टेस्ट करवा चुके हैं।

पति ने सरकारी अस्पताल के डॉक्टरों को निजी क्लीनिक की वह रिपोर्ट दिखाई तो पता चला कि इसमें तो उनकी पत्नी को 'एचआइवी पॉजिटिव' बताया गया है।

जब यह जानकारी महिला को मिली तो उसे गहरा मानसिक एवं भावनात्मक आघात लगा और वह कोमा में चली गई। इसके बाद महिला को वहां से शिमला के ही इंदिरा गांधी मेडिकल अस्पताल (आईजीएमसी) में दाखिल करा दिया गया जहां मंगलवार को उसने कोमा में ही दम तोड़ दिया। हालांकि, सरकारी अस्पताल में पीड़ित महिला के जो टेस्ट कराए गए, उसमें एचआइवी पॉजिटिव होने की बात नहीं थी।

ब्राक्टा ने मांग की कि मामले की गहन जांच होनी चाहिए और महिला के परिजनों को उचित मुआवजा भी मिलना चाहिए। साथ ही रोहड़ू अस्पताल में महिला डॉक्टर की तैनाती का भी बंदोबस्त होना चाहिए।

सदन में मुख्यमंत्री जय राम ठाकुर ने इसे एक बेहद चिंताजनक मसला करार दिया। उनके संज्ञान में अब यह मामला आ गया है तो पहले वे पूरे मामले की रिपोर्ट लेना चाहते हैं, उसके बाद ही अस्पताल के खिलाफ कोई कार्रवाई की जाएगी और महिला के परिवार वालों को मुआवजा भी दिलाया जाएगा।

**ब्राक्टा ने मांग की कि मामले की गहन जांच होनी चाहिए और महिला के परिजनों को उचित मुआवजा भी मिलना चाहिए। साथ ही रोहड़ू अस्पताल में महिला डॉक्टर की तैनाती का भी बंदोबस्त होना चाहिए।**

अनुच्छेद 370, तीन तलाक और ईडब्लूएस आरक्षण रहेंगे अहम मुद्दे

## परिचर्चा में गरजेंगे वाम-दक्षिण और आम

सुशील राघव
नई दिल्ली, 28 अगस्त।

छह सितंबर को होने वाली अध्यक्षीय परिचर्चा में इस बार अनुच्छेद 370 को खत्म करने से लेकर कश्मीर के वर्तमान हालात, तीन तलाक, ईडब्लूएस आरक्षण से लेकर परिसर में दीवारों पर लिखने पर लगे प्रतिबंध चर्चा और बहस होना तय है। इसी एक झलक बुधवार को जेएनयू छात्र संघ चुनाव आयोग की ओर से आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में दिखाई दी। अध्यक्ष पद के सभी उम्मीदवारों ने बारी-बारी से अपनी बात मीडिया के सामने रखी।

**आईशी बोस, वाम एकता**

आईशी बोस ने कहा कि आज देश में धर्मनिरपेक्षता के वातावरण को खराब किया जा रहा है। दलितों और अल्पसंख्यकों की देश में ही नहीं परिसर में लिंचिंग हो रही है। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि परिसर से एक नजीब नाम का छात्र गायब हो जाता है, जिसका आज तक पता नहीं चलता। बोस ने कहा कि जेएनयू में सीएसकैश को खत्म कर आइसीसी लाया गया, जहां शिकायतकर्ता जाने से डरते हैं क्योंकि वहां अपराधी का ही संरक्षण होता है। उन्होंने कहा कि वाम एकता विद्यार्थियों के मुद्दों को उठाने के लिए बनाई गई है।

**जितेंद्र सूना, बापसा**

सूना ने कहा कि आज देश में दबे-कुचलों को कभी गाय तो कभी श्रीराम के नाम पर मारा जा रहा है। उन्होंने कहा कि इस परिसर में लेफ्ट और राइट के बीच में आम छात्र पिस रहा है। जब ओबीसी आरक्षण लागू हुआ तो उस समय पश्चिम बंगाल में वाम की सरकार थी लेकिन उन्होंने इस आरक्षण को लागू करने से मना कर दिया था और कहा था कि हमारे यहां जातिवाद नहीं है। सूना ने कहा कि परिसर में एससी और एसटी विद्यार्थी सबसे अधिक संख्या में पढ़ाई बीच में छोड़ रहे हैं लेकिन इसके बारे में कोई बात नहीं कर रहा है। उन्होंने यूजीसी को यूनिवर्सिटी मनु कमीशन कहा।



जेएनयू छात्र संघ अध्यक्ष पद के लिए चुनाव में उतरे (बाएं से) जितेंद्र सूना, प्रियंका भारती, आईशी बोसी, राघवेंद्र मिश्रा, मनीष जागिड़ और प्रशांत कुमार।

**मनीष जांगिड़, एबीवीपी**

मनीष ने कहा कि जो वाम संगठन एक साल में अपने छात्र संघ को ही अधिसूचित नहीं करा पाए, वो भला विद्यार्थियों की समस्याओं के लिए क्या संघर्ष करेंगे। उन्होंने कहा कि अनुच्छेद 370 के खत्म होने के बाद जम्मू-कश्मीर में दलितों और महिलाओं को अन्य लोगों की तरह समान अधिकार मिले हैं लेकिन इस पर कोई वाम संगठन नहीं बोलेगा। 1990 में जब श्रीनगर के लाल चौक पर तिरंगा जलाया गया था तो एबीवीपी के दस हजार कार्यकर्ताओं ने वहां जाकर तिरंगा फहराया था। उन्होंने कहा कि तीन तलाक जैसी कुप्रथा खत्म हुई है लेकिन इस पर भी यहां कोई नहीं बोलेगा।

**प्रशांत कुमार, एनएसयूआइ**

प्रशांत ने कहा कि अनुच्छेद 370 को खत्म करने पर हमारे एबीवीपी के साथी जश्न मना रहे हैं लेकिन वे कश्मीर की जमीन को तो चाहते हैं लेकिन कश्मीरियों को नहीं। उन्होंने कहा कि लेफ्ट और राइट के बीच में आम विद्यार्थी परेशान हैं। उन्होंने कहा कि यदि हम जीतते हैं तो दो नए पदों को सृजित करेंगे जिनमें संस्कृति सचिव और खेल सचिव शामिल हैं। इससे परिसर के विद्यार्थियों को संस्कृति और खेल से जुड़ने का मौका मिलेगा। उन्होंने कहा कि जेएनयू की जो दीवारें कभी बोलती थीं आज वे खामोश हैं। हम जीतने के बाद इन दीवारों पर फिर से लिखना शुरू करेंगे।

**प्रियंका भारती, छात्र राजद**

प्रियंका ने कहा कि मंडल कमीशन लागू होने के करीब बाद 20 साल बाद विश्वविद्यालयों में इसे लागू किया गया लेकिन ईडब्लूएस आरक्षण एक दिन में लागू कर दिया गया। उन्होंने कहा कि पांच लाख सालाना आमदनी वाला कैसे गरीब हो सकता है। गरीब तो वो होता है जो बिना खाने के मरता है जैसे एक बच्ची भात-भात कहते हुए मर गई। उन्होंने कहा कि इस परिसर में हम जैसे एकलव्यों का अंगूठा कटाने के लिए कई द्रोणचार्य बैठे हैं जो साक्षात्कारों में अपना कमाल दिखाते हैं। उन्होंने वाम एकता पर वार करते हुए कहा कि इन्हें एकता की याद चुनावों के समय ही आती है। प्रियंका ने कहा कि वाम ने अगर संघर्ष किया होता तो जेएनयू की प्रवेश परीक्षा ऑनलाइन नहीं होती।

**राघवेंद्र मिश्रा, निर्दलीय**

राघवेंद्र ने कहा कि कुछ समय से जेएनयू के केंद्रीय पुस्तकालय में हर शुक्रवार को नमाज अता होती है। मैंने इसके खिलाफ छात्र संगठनों से लेकर विश्वविद्यालय प्रशासन तक को लिखा है लेकिन कोई इस ओर ध्यान नहीं दे रहा है। उन्होंने कहा कि हम पुस्तकालय को मस्जिद नहीं बनने देंगे। उन्होंने कहा कि जेएनयू छात्र संघ के कार्यालय में मार्क्स की फोटो तो है लेकिन गांधी की नहीं। अगर मैं जीतता हूं तो सबसे पहले यहां गांधी, सावरकर और गोलवलकर की तस्वीर लगाऊंगा। इसके अलावा हमारे उत्तर-पूर्व से कई महान लोग हुए हैं, उनकी भी तस्वीर यहां लगनी चाहिए। उन्होंने अनुच्छेद 370 और तीन तलाक कानून पर सभी को बधाई दी। उन्होंने कहा कि यदि में जीतता हूं तो जेएनयू परिसर में मां सरस्वती की मूर्ति स्थापित कराऊंगा।

## एसएफआइ को मिली अध्यक्ष पद की उम्मीदवारी

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 28 अगस्त।

- एसएफआइ की आईशी घोष अध्यक्ष पद के लिए चुनाव में उतरी हैं
- अब तक इस गठबंधन में आइसा अध्यक्ष पद पर चुनाव लड़ता था

जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) छात्र संघ चुनाव में वामपंथी छात्र संगठन 'वाम एकता' के बैनर तले चुनाव लड़ रहे हैं। कई सालों से जारी इस एकता में इस बार अध्यक्ष पद की उम्मीदवारी स्टूडेंट्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (एसएफआइ) के हाथ लगी है। एसएफआइ की आईशी घोष अध्यक्ष पद के लिए चुनाव में उतरी हैं। अब तक इस गठबंधन में ऑल इंडिया स्टूडेंट्स एसोसिएशन (आइसा) अध्यक्ष पद पर चुनाव लड़ता था लेकिन इस बार उसे महासचिव पद की उम्मीदवार से संतोष करना पड़ा है। वहीं, उपाध्यक्ष पद की उम्मीदवारी डेमोक्रेटिक स्टूडेंट्स फेडरेशन (डीएसएफ) को जबकि संयुक्त सचिव पद की उम्मीदवारी ऑल इंडिया स्टूडेंट्स फेडरेशन (एआइएसएफ) को मिली है।





चुनाव में केंद्रीय पैनल के चार पदों पर 14 उम्मीदवार मैदान में हैं। केंद्रीय पैनल के सभी चार पदों पर केवल वाम एकता और अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) ने ही उम्मीदवार उतारे हैं। इन दोनों संगठनों के अलावा हाल में ही छात्र राजनीति में प्रवेश करने वाले संगठन छात्र राष्ट्रीय जनता दल (सीआरजेडी) ने दो पदों पर उम्मीदवार उतारे हैं। वहीं, भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन (एनएसयूआइ) केवल अध्यक्ष पद के लिए चुनाव लड़ रहे हैं। बिरसा आंबेडकर फुले स्टूडेंट्स एसोसिएशन (बापसा) अध्यक्ष और महासचिव पद पर चुनाव लड़ रही है।

चुनाव अधिकारी की ओर से जारी उम्मीदवारों की अंतिम सूची के मुताबिक अध्यक्ष पद के लिए छह, उपाध्यक्ष व महासचिव पद के लिए तीन-तीन और संयुक्त सचिव पद के लिए दो उम्मीदवार मैदान में हैं।

अध्यक्ष पद के लिए एबीवीपी ने मनीष जांगिड़ को, बापसा ने जितेंद्र सूना को, एनएसयूआइ ने प्रशांत कुमार को, छात्र राजद ने प्रियंका भारती को अध्यक्ष पद का उम्मीदवार बनाया गया है, जबकि संस्कृत संस्थान में शोधार्थी राघवेंद्र मिश्रा अध्यक्ष पद के लिए निर्दलीय उम्मीदवार हैं। उपाध्यक्ष, महासचिव व संयुक्त पद के लिए वाम एकता की ओर से क्रमशः साकेत मून, सतीश चंद्र यादव व मोहमद दानिश को और एबीवीपी की ओर से क्रमशः श्रुति अग्निहोत्री, सबरीश पीए और सुमंत कुमार साहू को उम्मीदवार बनाया गया है। छात्र राजद की ओर से उपाध्यक्ष पद के लिए ऋषिराज यादव को उम्मीदवार बनाया है जबकि बापसा की ओर से महासचिव पद पर वसीम आरएस को मैदान में उतारा है।

छात्र संघ चुनाव कार्यक्रम के मुताबिक चार सितंबर को अध्यक्षीय परिचर्चा, छह को मतदान और 6 सितंबर रात 9 बजे से मतगणना का कार्य शुरू हो जाएगा और नतीजे 7 या 8 सितंबर को आएंगे।

## अध्यक्ष पद पर राजीब रे और एके भागी के बीच मुकाबला

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 28 अगस्त।

दिल्ली विश्वविद्यालय शिक्षक संघ (डूटा) पदाधिकारियों के चुनाव के लिए गुरुवार को मतदान होगा। इस बार वामपंथी और दक्षिणपंथी धड़े का सीधा मुकाबला है। डेमोक्रेटिक टीचर्स फ्रंट (डीटीएफ) की ओर से एक बार फिर से निर्वतमान डूटा अध्यक्ष राजीब रे पर भरोसा जताया गया है। वहीं, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के शिक्षक संगठन एनडीटीफ ने अध्यक्ष पद के लिए एके भागी को उतारा है। दोनों के बीच कड़ा मुकाबला है। सुबह दस बजे से शाम साढ़े पांच बजे तक मतदान होगा। इसके बाद शाम साढ़े छह बजे से मतगणना शुरू होगी जो देर रात तक चलेगी।

## शाहबेरी : बिल्डर पर लगाई रासुका

जनसत्ता संवाददाता
नोएडा, 28 अगस्त।

शाहबेरी मामले में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की नाराजगी के बाद अवैध निर्माण करने वाले बिल्डरों के खिलाफ प्रशासनिक सख्ती कड़ी हो गई है। इसी कड़ी में शाहबेरी के बिल्डर शाहबुद्दीन को राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम (रासुका) के तहत निरुद्ध किया गया है। शाहबेरी में 17 जुलाई 2018 को जिस निर्माणाधीन इमारत के गिरने से दबकर नौ लोगों की मौत हो गई थी, उस इमारत का अवैध निर्माण शाहबुद्दीन ने किया था। बताया गया है कि अवैध इमारत बनाकर बेचने के मामले में संभवतः प्रदेश में रासुका की पहली कार्रवाई है।

सेक्टर-27 स्थित जिलाधिकारी कैंप कार्यालय में बुधवार दोपहर डीएम बीएन सिंह और एसएसपी वैभव कृष्ण ने संयुक्त प्रेसवार्ता की। उन्होंने बताया कि मेरठ के लिसाडी गेट निवासी शाहबुद्दीन ने खसरा संख्या-5 में छह मंजिला टावर का अवैध निर्माण किया था। उसे पता था कि इमारत निर्माण में घटिया सामग्री का प्रयोग किया गया है। वह कमजोर है और कभी भी गिर सकती है। यह इमारत निर्माण के दौरान ही 17 जुलाई 2018 की रात करीब नौ बजे भरभरा कर गिर गई। इस इमारत के संपर्क में आने से एक अन्य इमारत भी गिर गई थी। मलबे में दबकर नौ लोगों की मौत हो गई थी। शाहबेरी में अवैध निर्माण करने वाले बिल्डरों को प्रशासन समेत ग्रेटर नोएडा विकास प्राधिकरण ने समय-समय पर चेतावनी भी दी है।

इसके बावजूद आरोपियों ने उस चेतावनी को दरकिनार कर आपराधिक कार्य किया। शाबहुद्दीन फिलहाल न्यायिक हिरासत में है। उस पर पहले ही गैंगस्टर की कार्रवाई हो चुकी है। डीएम के मुताबिक गैंगस्टर मामले में शाहबुद्दीन की जिला न्यायालय से जमानत याचिका खारिज हो चुकी है।

## खट्टर का दावा, पांच साल में विकास की गति होगी दोगुनी

फरीदाबाद, 28 अगस्त (जनसत्ता)।

हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने अपनी जन-आशीर्वाद यात्रा के 45वें विधानसभा क्षेत्र में जोरदार स्वागत के बाद कहा कि पिछले पांच सालों में हमारी सरकार के कार्यकाल में विकास का पहिया थमा नहीं है। हमने बिना भेदभाव के पूरे प्रदेश में विकास कार्य करवाए हैं। उन्होंने कहा कि अगले पांच सालों में विकास की गति को दोगुना किया जाएगा। विपक्ष पर तंज कसते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि जन-आशीर्वाद यात्रा के दौरान जिस तरह से लोगों का समर्थन मिल रहा है। उसके बाद विपक्ष के पास कहने के लिए भी कुछ नहीं बचा। जन-आशीर्वाद यात्रा में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सुभाष बराला कहते है कि प्रदेश में सुशासन की जो नीव मुख्यमंत्री ने रखी है, उससे चौतरफा विकास के रास्ते खुलें हैं।

मुख्यमंत्री ने पल्ला फरीदाबाद को करीब 400 करोड़ रुपए की एक बड़ी परियोजना की सौगात दी है। मुख्यमंत्री ने फरीदाबाद में निर्माणित होने जा रहे इंटरनेशनल कन्वेंशन सेन्टर का शिलान्यास किया। इसकी स्थापना करीब 8 एकड़ से अधिक में होगी। उन्होंने बताया कि इमारत का निर्माण दो साल में पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है।

परियोजना का शिलान्यास करने से पहले मुख्यमंत्री का पल्ला में जोरदार स्वागत किया गया। आयोजित जनसभा में मुख्यमंत्री ने कहा कि फरीदाबाद क्षेत्र को भी मौजूदा सरकार के कार्यकाल में विकास की मुख्यधारा के साथ जोड़ते हुए विकास की अनेक परियोजनाएं शुरू की गई है। उन्होंने कहा कि फरीदाबाद सहित पूरे हरियाणा में जिस तरह का माहौल यात्रा में उन्हें देखने को मिला है।

## पेड़ से पत्ते तोड़ने के विवाद में छात्र पर जानलेवा हमला

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 28 अगस्त।

उत्तरी दिल्ली के बुराड़ी में पेड़ से पत्तियां तोड़ने को लेकर हुए विवाद के बाद दसवीं कक्षा के एक छात्र की पिटाई मामला सामने आया है। घायल आदित्य राज इस समय अस्पताल में भर्ती है। परिवार ने पुलिस पर लापरवाही बरतने का आरोप लगाया है, जबकि बुधवार को पुलिस अधिकारी का कहना था कि आरोपियों को गिरफ्तार करने के लिए टीमों का गठन किया गया है। आरोपी स्थानीय हैं और वे अपने-अपने घरों से फरार है। आरोपियों ने अग्रिम जमानत के लिए एक अदालत का रुख किया था लेकिन उन्हें जमानत नहीं मिली। आरोपियों के खिलाफ आईपीसी धारा 308 के तहत मामला दर्ज है और उनकी तलाश जारी है।

आदित्य राज के चचेरे भाई आदर्श ने पुलिस में दी शिकायत में कहा है कि जन्माष्टमी समारोह के लिए वे अपने भाई आदित्य और अन्य साथियों के साथ चंदन विहार स्थित एक मंदिर गए थे। वहां से लौटते समय उनमें से एक युवक ने अशोक वृक्ष से कुछ पत्ते तोड़ लिए। वहां विनोद नामक एक व्यक्ति कार में शराब पी रहा था। जब उसने पत्तों को तोड़ते हुए देखा तो उसने गुस्से में आकर अपनी कार को आगे पीछे कर आदर्श का रास्ता रोक लिया। आदर्श भागने लगा लेकिन आरोपी ने उसका पीछा किया। आरोपी ने चंदन विहार कालोनी के प्रवेश लार पर उसे पकड़ लिया और पीटना शुरू कर दिया। इस पर आदित्य और उसके अन्य चचेरे भाइयों ने हस्तक्षेप किया। आरोपी के साथ एक और व्यक्ति लाठी लेकर आया और आदित्य के सिर पर लाठी से कई बार हमला किया।

## प्रेमिका के दोस्त को फंसाने के लिए खुद को गोली मारी

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 28 अगस्त।

पंजाबी बाग इलाके में प्रेमिका की दूसरे युवक से दोस्ती एक युवक को इतना नागवार गुजरा कि उसने दूसरे युवक को फंसाने के लिए खुद को गोली मार ली। गोली मारने का आरोप प्रेमिका के साथ रहने वाले दूसरे युवक पर लगा दिया। पुलिस ने जांच के बाद खुद को गोली मारने वाले आरोपी और उसके दो दोस्तों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि 26 साल के गुलाम साबिर परिवार के साथ पंजाबी बाग इलाके में रहता है। उसका पिछले चार साल से इलाके की ही एक युवती से प्रेम प्रसंग चल रहा था। कुछ दिनों पहले वह उत्तर प्रदेश में ठेकेदारी करने चला गया था। इसी दौरान दिल्ली में उसकी प्रेमिका ने पुनीत नामक एक अन्य युवक से नजदीकी बढ़ा ली। उत्तर प्रदेश से लौटने के बाद जब उसे यह बात पता चली तो उसने पुनीत को कई बार समझाया पर वह नहीं माना। इसके बाद आरोपी ने उसे फंसाने की साजिश रची। सोमवार शाम अपने दो दोस्तों को साबिर घर बुलाया। उन्हें योजना समझाने के बाद पुनीत को फोन कर घर आने के लिए कहा। पुनीत के आते ही तीनों उसे युवती से दूर रहने की धमकी देने लगे। लेकिन पुनीत ने मना कर दिया और वापस जाने लगा। इसी दौरान साबिर ने खुद को गोली मार दी और शोर मचा दिया कि पुनीत उसे गोली मार कर भागा है। अपनी पिस्तौल छिपाने के लिए उसने एक दोस्त को दे दी। जबकि दूसरे दोस्त को गवाह के रूप में अपने पास रखा जिसने पुलिस को सूचना दी। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने साबिर को अस्पताल में भर्ती कराया और मामले की जांच शुरू की।

## 'भारतीय प्रेस परिषद के फैसले का स्वागत'

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 28 अगस्त।

नेशनल यूनियन ऑफ जर्नलिस्ट (इंडिया), इंडियन फेडरेशन ऑफ वर्किंग जर्नलिस्ट और नेशनल फेडरेशन ऑफ न्यूजपेपर इम्पलाइज ने संयुक्त रूप से भारतीय प्रेस परिषद की ओर से जम्मू-कश्मीर में प्रेस की स्वतंत्रता पर पाबंदी लगाए जाने को सुप्रीम कोर्ट में न्यायोचित ठहराए जाने संबंधी अपने रुख में बदलाव करने का स्वागत किया है। नेशनल यूनियन ऑफ जर्नलिस्ट (इंडिया) के अध्यक्ष अशोक मलिक, इंडियन फेडरेशन ऑफ वर्किंग जर्नलिस्ट के अध्यक्ष के विक्रम राव और नेशनल फेडरेशन ऑफ न्यूजपेपर इम्पलाइज के अध्यक्ष सी एम पापनई ने कहा कि प्रेस परिषद का यह दायत्वि है कि वह कठिन से कठिन समय में भी यह सुनिश्चित करे कि प्रेस की आजादी कायम रहे और उस पर अनावश्यक रूप से प्रतिबंध नहीं लगाए जाएं।

## उन्नाव बलात्कार मामले में पीड़िता के चाचा का बयान दर्ज

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 28 अगस्त।

अदालत ने बुधवार को उन्नाव बलात्कार मामले में पीड़िता के चाचा के बयान को दर्ज किया। मामले में भाजपा विधायक कुलदीप सेंगर प्रमुख आरोपी हैं। सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर तीस हजारी अदालत के जिला जज धर्मेश शर्मा युवती के कथित अपहरण और यौन उत्पीड़न के मामले की सुनवाई कर रहे हैं। अदालत ने पहले मीडिया को बलात्कार से बचने वाले के नाम और पते, उसके परिवार और गवाहों और मामले के कुछ अन्य पहलुओं की रिपोर्टिंग से परहेज करने का निर्देश दिया है। अदालत ने 9 अगस्त को सेंगर पर महिला के अपहरण और बलात्कार के आरोप में आरोप तय किए थे। 2017 में उन्नाव में एक नाबालिग लड़की से कथित तौर पर बलात्कार के मामले में भाजपा से निष्कासित विधायक कुलदीप सेंगर के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धाराओं 120 बी (आपराधिक षड्यंत्र), 363 (अपहरण), 366 (अपहरण एवं महिला पर विवाह के लिए दबाव डालना), 376 (बलात्कार) और बाल यौन अपराध संरक्षण कानून (पॉक्सो) की प्रासंगिक धाराओं के तहत मामले के तहत सुनवाई चल रही है।

**पुरी पहले से ही हिरासत में, नहीं कर सकते आत्मसमर्पण : ईडी**

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने बुधवार को अदालत से कहा कि मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री कमलनाथ के भांजे रतुल पुरी आत्मसमर्पण करने की स्थिति में नहीं हैं जैसा कि उन्होंने अगस्तावेस्टलैंड हेलीकॉप्टर घोटाला मामले में करने की पेशकश की है क्योंकि वे अन्य मामले में पहले से ही हिरासत में हैं। प्रवर्तन निदेशालय ने यह बात विशेष न्यायाधीश अरविंद कुमार के समक्ष पुरी की एक अर्जी का विरोध करते हुए कही। इस अर्जी में पुरी ने हेलीकॉप्टर घोटाले से जुड़े धनशोधन मामले में आत्मसमर्पण करने की अनुमति मांगी है।

## 'कांग्रेस को डूसू चुनाव में जीत का भरोसा'

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 28 अगस्त।

प्रदेश कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष हारुन यूसुफ, देवेंद्र यादव और राजेश लिलोठिया ने दिल्ली विश्वविद्यालय छात्र संघ (डूसू) के चुनावों में भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन (एनएसयूआइ) के उम्मीदवारों की जीत का दावा करते हुए कांग्रेस कार्यकर्ताओं और नेताओं का आह्वान किया कि वे एनएसयूआइ उम्मीदवारों की जीत सुनिश्चित करने के लिए हर संभव कोशिश करें। तीनों कार्यकारी अध्यक्षों ने कहा कि कांग्रेस अभी चुनौती पूर्ण दौर से गुजर रही है और ऐसे वक्त में डूसू चुनाव जीतने से कार्यकर्ताओं का मनोबल बढ़ेगा और आगामी विधानसभा चुनावों में भी पार्टी पूरे दमखम से मैदान में उतरेगी।

प्रदेश कांग्रेस के राजीव भवन स्थित कार्यालय में बुधवार को कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं की बैठक हुई जिसमें डूसू चुनाव को लेकर रणनीति पर चर्चा हुई।

## आज भी प्रयोग हो रहे हैं हवा से चलने वाले मीटर : गोयल

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 28 अगस्त।

पानी के बिलों में उपभोक्ताओं को राहत दिए जाने के बाद भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने दिल्ली सरकार पर हमले तेज कर दिए हैं। बुधवार को भाजपा नेता विजय गोयल ने कहा कि उपभोक्ताओं को आज भी हवा से चलने वाले मीटर का प्रयोग करना पड़ रहा है। इन मीटर की वजह से पानी के बिल बढ़ रहे हैं। उन्होंने बताया कि खुद मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने पानी के मीटर को लेकर नाराजगी जाहिर की थी। इस मीटर की वजह से ही उपभोक्ताओं को पानी नहीं आने की स्थिति में भी पानी का बिल देना पड़ रहा है। अब दिल्ली सरकार साढ़े चार साल बाद इस पर राहत देकर वाहावाही लूटने की कोशिश कर रही है।



उन्होंने मांग कि जल बोर्ड की स्थिति पर दिल्ली सरकार एक श्वेतपत्र लेकर आए ताकि पानी की स्थिति जनता के सामने साफ हो सके। इस बार दिल्ली सरकार ने जल बोर्ड की विफलताओं को दबाने के लिए राहत की घोषणाएं की हैं। उन्होंने बताया कि इस मीटर की वजह से उपभोक्ताओं को बीते सालों में भारी बिल भुगतान करने पड़े हैं। इसकी लगातार शिकायत सामने आ रही है। उन्होंने कहा कि जल्द ही इसके लिए आरडब्लूए संगठनों के साथ मिलकर एक विशेष हस्ताक्षर अभियान शुरू किया जाएगा और दिल्ली सरकार की पोल खोली जाएगी। इस प्रेसवार्ता में आरडब्लूए प्रतिनिधि सौरभ गांधी व भाजपा नेता गुलशन विरमानी भी उपस्थित थे। उन्होंने बताया कि 20 हजार लीटर तक मुफ्त पानी देने की योजना भी बेईमानी है क्योंकि दिल्ली के सात लाख उपभोक्ताओं के मीटर खराब हैं। इस वजह से उन उपभोक्ताओं को प्रोविजनल बिल भेजे जा रहे हैं।

## खबरों में शहर

**कांग्रेस व्यापारी संगठन के नेता 'आप' में हुए शामिल**

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 28 अगस्त।

कांग्रेस व्यापारी संगठन के नेताओं ने बुधवार को आम आदमी पार्टी (आप) की सदस्यता ली। पार्टी प्रदेश संयोजक गोपाल राय ने इन नेताओं को पार्टी की टोपी व पटका पहनाकर स्वागत किया। बताया जा रहा है कि कांग्रेस से आए नेता रिठाला विधानसभा से संबंधित हैं। इस मौके पर विधायक महेंद्र गोयल भी उपस्थित थे। पार्टी में शामिल होने वाले नेताओं में ओबीसी प्रकोष्ठ के अध्यक्ष सुशील चौधरी, रिठाला व्यापार समिति के अप्रधान जेके अग्रवाल व्यापार समिति के सचिव बीपी सिंह और महेश रोहिला शामिल थे। सुशील चौधरी ने कहा कि आप पार्टी ने बीते 5 साल में दिल्ली के जनहित के लिए काम किए हैं। दिल्ली सरकार के काम से प्रेरित होकर पार्टी में शामिल होने का फैसला लिया है।

**मुख्यमंत्री डीयू के कॉलेजों का आर्थिक संकट दूर करें : गुप्ता**

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 28 अगस्त।

विधानसभा में विपक्ष के नेता विजेन्द्र गुप्ता ने अपने बयान में कहा कि दिल्ली सरकार के अंतर्गत आने वाले दिल्ली विश्वविद्यालय (डीयू) से संबद्ध कॉलेज गंभीर आर्थिक संकट का सामना कर रहे हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री केजरीवाल से अनुरोध किया कि इन कॉलेजों को आर्थिक संकट से उबरने के लिये अविलंब अनुदानतथा वित्तीय संस्वीकृतियां (सेंक्शंस) जारी करें। उन्होंने कहा कि दिल्ली सरकार का यह प्रमुख दायित्व है कि वे इन कालेजों के विद्यार्थियों, अध्यापकों तथा कर्मचारियों के हितों की रक्षा करे।

**पंजाबी, उर्दू व संस्कृत अनिवार्य नहीं**

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली 28 अगस्त।

दिल्ली सरकार स्कूलों में त्रिभाषा फॉर्मूले के तहत पंजाबी, उर्दू व संस्कृत में से किसी भी विषय की पढ़ाई अब नहीं होगी। दो सालों से दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी की ओर से लड़ा जा रहा मुकदमा दिल्ली हाई कोर्ट ने खारिज कर दिया है। याचिकाकर्ता मनजीत सिंह जीके ने अदालत में इस हार का ठीकरा मौजूदा डीसीजीपीसी के अध्यक्ष मनजिंदर सिंह सिरसा पर फोड़ा है।

## आज के कार्यक्रम

**सभा संगोष्ठी**

**इंडिया एक्सपो सेंटर** : 'वाटर एक्सपो-2019' में जल प्रबंधन से जुड़े मशीनों पर तीन दिवसीय प्रदर्शनी और पानी पर चर्चा का आयोजन, हॉल नंबर 9, इंडिया एक्सपो सेंटर एवं मार्ट, ग्रेटर नोएडा, उद्घाटन सुबह 10 बजे।

**इंडिया इंटरनेशनल सेंटर** : अफ्रीका पर लिखी पुस्तक पर चर्चा, सभागार-1, इंडिया इंटरनेशनल सेंटर, 40-मैक्समूलर मार्ग, शाम साढ़े छह बजे।

**प्रदर्शनी**

**इंडिया इंटरनेशनल सेंटर** : पेरु में कपड़े की बुनाई परंपरा पर कला प्रदर्शनी, आर्ट गैलरी, कमला देवी ब्लाक, इंडिया इंटरनेशनल सेंटर, मैक्समूलर मार्ग, सुबह 11 बजे से, एक सितंबर तक।

# कश्मीर घाटी में हाई स्कूल खुले, छात्र नदारद रहे

श्रीनगर, 28 अगस्त (भाषा)।

कश्मीर घाटी के उन क्षेत्रों में बुधवार को हाई स्कूल खोल दिए गए जहां पर प्रतिबंधों में ढील दी गई है। बहरहाल, छात्र नदारद रहे।

जम्मू-कश्मीर का विशेष दर्जा खत्म करने के फैसले के बाद से लागू प्रतिबंधों की वजह से घाटी के हाई स्कूल तीन हफ्ते से ज्यादा समय से बंद थे। अधिकारियों ने बताया कि आज सबुह हाई स्कूल खोल दिए गए। बहरहाल इन स्कूलों में कर्मचारियों की सीमित उपस्थिति देखी गई।

इससे पहले मंगलवार को जम्मू-कश्मीर सूचना एवं जनसंपर्क विभाग की निदेशक सेहरिश असगर ने कहा था, 'शिक्षा विभाग ने कल से घाटी के उन इलाकों में सभी हाई स्कूलों को खोलने का फैसला किया है जहां प्रतिबंधों में ढील दी गई है।' घाटी के 81 थाना क्षेत्रों से लोगों के आवाजाही पर लगी रोक भी अब हटा ली गई है। स्कूलों की स्थिति पर जानकारी देते हुए शिक्षा के निदेशक यूनिस मलिक ने मंगलवार को बताया कि पूरी घाटी में 3,037 प्राथमिक और 774 माध्यमिक स्कूल खोल दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि गत एक हफ्ते में स्कूलों में बच्चों और शिक्षकों की उपस्थिति में उल्लेखनीय सुधार हुआ है।

अधिकारियों ने बताया कि घाटी में संचार पर रोक में कुछ हद तक ढील गई है। सुधरते हालात के मद्देनजर अधिकतर इलाकों में लैंडलाइन फोन सेवा बहाल कर दी गई है। अनुच्छेद-370 के तहत जम्मू-कश्मीर को मिले विशेष दर्जे को खत्म करने और राज्य को दो केंद्र शासित प्रदेशों जम्मू-कश्मीर और लद्दाख में बांटने के केंद्र के पांच अगस्त के फैसले के बाद से बीएसएनएल ब्रॉडबैंड एवं निजी लीज लाइन इंटरनेट सहित मोबाइल और इंटरनेट सेवाएं बंद हैं।

## सांप के काटने से दंपति सहित तीन श्रद्धालु मरे

**बीकानेर, 28 अगस्त।** बीकानेर जिले के छत्तरगढ़ पुलिस थाना क्षेत्र में एक दंपति सहित तीन श्रद्धालुओं की सांप के काटने से मौत हो गई।

जिला पुलिस अधीक्षक प्रदीप मोहन शर्मा ने बुधवार को बताया कि श्रीगंगानगर जिले से रामदेवरा जा रहे तीन श्रद्धालुओं की सांप के काटने से मौत हो गई। मृतकों की पहचान राजू राम, चुन्नी लाल, उनकी पत्नी राधी देवी के रूप में की गई है। श्रद्धालुओं का एक जत्था मंगलवार की रात को मोतीगढ़ के मंदिर परिसर में रात्रि विश्राम के लिए रुका था।

**Invitation for Expression of Interest to submit Resolution Plan for**

**Lanco Solar Private Limited**

**Addendum to Advertisement published on July 29, 2019**

This is in reference to the advertisement inviting Expression of Interest ('EOI') to submit Resolution Plan for Lanco Solar Private Limited ('Corporate Debtor') published in **Jansatta** on **July 29, 2019** **('Main Advertisement).**

The Last date of submission of EOI as specified in the Main Advertisement stands extended upto 6.00 PM on September 16, 2019.

An updated Form G is available on the website of the Lanco Group (Relevant Link: http://www.lancogroup.com/DynTestform.aspx?pageid=130) and on the website of the Insolvency and Bankruptcy Board of India (Relevant Link: https://www.ibbi.gov.in/). The Committee of Creditors/Resolution Professional reserves the right to cancel or modify the process without assigning any reason and without any liability whatsoever. This is not an offer document.

In case of any further queries, the interested party may communicate at iplancosolar@gmail.com

Sd./-
**Huzefa Fakhri Sitabkhan**
**Resolution Professional**
**Lanco Solar Private Limited**
**Registration No.:**
**IBBI/IPA-001/IP-P00031/2017-18/10115**

**Place: Mumbai**
**Date: August 29, 2019**

## सिडनी में चोरी के आरोपी क्षेत्रीय निदेशक का एअर इंडिया से इस्तीफा

नई दिल्ली, 28 अगस्त (भाषा)।

एअर इंडिया ने सिडनी हवाईअड्डे पर गत जून में एक दुकान से पर्स चुराते हुए कथित तौर पर पकड़े गए पूर्वी क्षेत्रीय निदेशक रोहित भसीन का इस्तीफा स्वीकार कर लिया है। एयरलाइन के अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी।

एक अधिकारी ने बताया कि एअर इंडिया में उनका अंतिम दिन 31 अगस्त होगा। अधिकारी ने कहा, 'भसीन का निलंबन सोमवार को निरस्त कर दिया गया था ताकि मंगलवार को उनका इस्तीफा स्वीकार किया जा सके। निलंबन निरस्त करना केवल एक तकनीकी मामला था।' भसीन को निलंबित रखा गया था और गत 22 जून को इस घटना के बाद से उनके एअर इंडिया के परिसर में आने पर भी रोक लगा दी गई थी।

एयरलाइन के प्रवक्ता ने 23 जून को कहा था, 'यह प्रारंभिक रिपोर्ट है कि क्षेत्रीय निदेशक के रूप में कार्यरत एक कैप्टन रोहित भसीन को सिडनी में एक दुकान से पर्स चोरी करते हुए कथित तौर पर पकड़ा गया है।

**कार्यालय: आय कर आयुक्त (न्यायिक)**
**कमरा सं. 162-ए, सी.आर. बिल्डिंग, नई दिल्ली**
**फोन एवं फैक्स: 23379308, ईमेल: delhi.cit.judicial@income tax.gov.in**

एफ.नं.सीआईटी (जुडि)/एनसीएलटी मामले/2019-20/584 तिथि 14 अगस्त, 2019

**एनसीएलटी मामले में मामलों की सुनवाई से संबंधित सूचना**

एतद्द्वारा निम्न कंपनियों तथा उनके निदेशकों को सूचित किया जाता है कि एनसीएलटी विषयों/मामलों के संदर्भ में नीचे तालिका में कॉलम सं. 4 में वर्णित तिथि को माननीय राष्ट्रीय कम्पनी विधि अधिकरण सीजीओ कॉम्प्लैक्स, लोधी रोड, नई दिल्ली के समक्ष सुनवाई की जायेगी जिसके लिये वे आवश्यक अनुपालन करें।

| क्रम सं. | मामला संख्या तथा मामले का टाईटल | अंतिम ज्ञात निदेशकों का नाम | सुनवाई की अगली तिथि |
|---|---|---|---|
| 1. | अपील नं. 311/2017-आईटीओ वार्ड 18(1) बनाम आरओसी (मै. न्यूएज बिल्डवेल प्रा.लि.) | 1. पवन कुमार<br>2. सुमित कौण्डल | 1.10.2019 |
| 2. | अपील नं. 10/252/एनडी/2019-आईटीओ वार्ड 6(3) बनाम आरओसी (मै. कॉनफ्लक्स टेलीसर्विसेस प्रा.लि.) | 1. नीरज पोद्दार<br>2. अरुण कुमार भारती | 6.9.2019 |
| 3. | अपील नं. 11/252/एनडी-2019-आईटीओ वार्ड 6(3) बनाम आरओसी (मै. कोजी मार्केटिंग प्रा.लि.) | 1. राकेश गोयल<br>2. राम नारायण साह | 6.9.2019 |
| 4. | अपील नं. 105/252/एनडी/2019-आईटीओ वार्ड 6(3) बनाम आरओसी (मै. कूलेनहीट इंजीनियर्स प्रा.लि.) | 1. यश पाल रहेजा<br>2. सुदेश रहेजा | 2.9.2019 |
| 5. | अपील नं. 105/252/एनडी/2019-आईटीओ वार्ड 6(3) बनाम आरओसी (मै. कूलेनहीट इंजीनियर्स प्रा.लि.) | 1. धीरज सभरवाल<br>2. सूरज प्रकाश | 2.9.2019 |
| 6. | अपील नं. 106/252/एनडी/2019-आईटीओ वार्ड 6(3) बनाम आरओसी (मै. कवरेज मीडिया एन्टरटैन्मेन्ट प्रा.लि.) | 1. सुजात हुसैन मल्लिक<br>2. बाबर आलम मल्लिक | 26.9.2019 |

इस सिलसिले में इस सूचना के माध्यम से उपरोक्त कम्पनियों के प्रधान अधिकारियों/ निदेशकों को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि ऊपर वर्णित सुनवाई की निर्धारित तिथि पर मानवीय राष्ट्रीय कम्पनी विधि अधिकरण के समक्ष संबंधित सुनवाई में उपस्थित हों।

**आपका भवदीय**
**हस्ता./-**
**(अमर जीवन)**
**आयकर अधिकारी**
**(न्यायिक)-3, नई दिल्ली**

**davp 15403/11/0006/1920**

**HDFC**

**हाउसिंग डेवलपमेंट फाइनांस कॉर्पोरेशन लि.**
**शाखा का पता: ब्रूक हाउस, 2रा तल, 9 शेक्सपिअर सारणी, कोलकाता 700071**
**टेली.: 033-22801980; 22815491-94; 23018300, फैक्स: 033-22806295,**
**वेब: www.hdfc.com**

**मांग सूचना**

**प्रतिभूति हित (प्रवर्त्तन) नियमावली, 2002 (नियमावली) के नियम 3 के साथ पठित वित्तीय परिसम्पत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 (अधिनियम) की धारा 13 (2) के अंतर्गत**

प्रतिभूति हित (प्रवर्त्तन) नियमावली, 2002 (नियमावली) के नियम 3 के साथ पठित वित्तीय परिसम्पत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 (अधिनियम) की धारा 13 (2) के अंतर्गत जैसा कि वित्तीय परिसम्पत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्त्तन अधिनियम, 2002 के अंतर्गत हाउसिंग डेवलपमेंट फाइनांस कॉर्पोरेशन लि. (एचडीएफसी लिमिटेड) के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्त्तनः नियमावली, 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13(12) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए अधोहस्ताक्षरी ने उक्त अधिनियम की धारा 13(2) के अंतर्गत मांग सूचना जारी कर ऋणधारकों/ सांविधिक उत्तराधिकारियों/ सांविधिक प्रतिनिधियों, यहां नीचे सूचीबद्ध, को नीचे दिए गए विवरणों के अनुसार संबंधित सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के भीतर मांग सूचना में वर्णित राशि वापस लौटाने का निर्देश दिया था। अधोहस्ताक्षरी ने इन सूचनाओं को उक्त ऋणधारकों/सांविधिक उत्तराधिकारियों/ सांविधिक प्रतिनिधियों के अंतिम ज्ञात पते पर चिपकवाया था। उक्त सूचना की प्रति अधोहस्ताक्षरी के पास उपलब्ध है तथा उक्त ऋणधारक/सांविधिक उत्तराधिकारी/ सांविधिक प्रतिनिधि यदि ऐसा चाहें तो किसी भी कार्य दिवस को सामान्य कार्यावधि के दौरान अधोहस्ताक्षरी से उक्त सूचना की प्रति प्राप्त कर सकते हैं।

उपरोक्त के सिलसिले में, एतद्द्वारा एक बार फिर से उक्त देनदारों/ सांविधिक उत्तराधिकारियों/ सांविधिक प्रतिनिधियों को सूचित किया जाता है कि संबंधित सूचनाओं की तिथि से 60 दिनों के भीतर उक्त देनदारों द्वारा निष्पादित, यदि कोई हो, ऋण अनुबंध तथा अन्य दस्तावेजों/ लेखों के साथ पठित रूप में कॉलम (घ) में वर्णित संबंधित तिथि से भुगतान एवं / अथवा उगाही की तिथि तक नीचे वर्णित आगे के ब्याज के साथ उनके नामों के समक्ष यहां नीचे दर्शाई गई राशि का एचडीएफसी लिमिटेड को भुगतान करें। ऋण के नियत पुनर्भुगतान के लिए प्रतिभूति के रूप में क्रमशः उक्त देनदार (रों) द्वारा निम्न प्रतिभूत परिसम्पत्तियां एचडीएफसी लिमिटेड के पास गिरवी रखी गई है।

ऋणधारकों/ सांविधिक उत्तराधिकारियों/ सांविधिक प्रतिनिधियों का ध्यान प्रतिभूत परिसम्पत्तियों को विमोचित करने के लिये उपलब्ध समय के संदर्भ में अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा (8) के प्रावधानों के प्रति आकृष्ट की जाती है।

| क्रम सं. | ऋणधारकों/ सांविधिक उत्तराधिकारियों/ सांविधिक प्रतिनिधियों का नाम | कुल बकाया देयता | मांग सूचना तिथि | प्रतिभूत परिसम्पत्तियों/ अचल सम्पत्तियों का विवरण |
|---|---|---|---|---|
| (क) | (ख) | (ग) | (घ) | (ङ) |
| 1. | ऋणधारकः<br>श्री नीलाब्रा मुखर्जी | 30.6.2019 को रु. 2354299/- | 13.8.2019 | उस भूमि तथा उस पर वर्तमान एवं भविष्य के निर्माण (उक्त सम्पत्ति) में अविभाजित आनुपातिक शेयर के साथ ग्राम सैन्टे माजरा में. खसरा नं. 37//21/1, 38//24, 25/1, 25/2, 25/3, 4, 5, 3/2, 40//15/2, 41//8, 9/1, 9/2, 3/1, 10/1, 11/1, 11/2, 12/1, 12/2, 13/1, 6, 7, 13/2, 1/3, 2, 42//1, 9/3, 10, खरार- लैण्ड्रन रोड, जिला मोहाली, खरार, एसएएस नगर, पंजाब, पिन 140301 में स्थित आवास परियोजना ''ऑचर्ड कन्ट्री'' के नाम से विदित में कार पार्किंग स्थान के साथ टावर-7 के 2रे तल पर अपार्टमेन्ट नं. 202 की सम्पत्ति, माप 1701 वर्ग फीट लगभग। |

* आगे के ब्याज, 18% प्रति वर्ष की दर से यथा लागू के साथ अनुषांगिक चार्जेज, लागतों, प्रभारों भुगतान एवं/ अथवा उगाही की तिथि तक वहन की गई, के साथ। यदि उक्त देनदार एचडीएफसी लि. को उपरोक्त का भुगतान करने में विफल होते हैं तो लागतों एवं परिणामों के लिये उक्त देनदार (रों)/ सांविधिक उत्तराधिकारियों/ सांविधिक प्रतिनिधियों की सम्पूर्ण जोखिम पर एचडीएफसी लि. उक्त अधिनियम की धारा 13 (4) तथा लागू होने वाले नियमों के अंतर्गत उक्त प्रतिभूत परिसम्पत्तियों/ अचल सम्पत्तियों के विरुद्ध आगे की कार्यवाही करेगा।

उक्त देनदार (रों)/ सांविधिक उत्तराधिकारियों/ सांविधिक प्रतिनिधियों को उक्त अधिनियम के अंतर्गत बिक्री, पट्टा अथवा अन्य रूप से एचडीएफसी लिमिटेड की पूर्व लिखित अनुमति के बिना उपरोक्त प्रतिभूत परिसम्पत्तियों/ अचल सम्पत्तियों को अंतरित करने से निषिद्ध किया जाता है। यदि कोई व्यक्ति अधिनियम अथवा उसके अंतर्गत निर्मित नियमों के प्रावधानों के उल्लंघन या उल्लंघन का प्रयास करते हैं तो वे अधिनियम के प्रावधानों के अंतर्गत कैद एवं/ अथवा दंड के भागी बनेंगे।

**तिथि: 29.8.2019**
**स्थान: कोलकाता**

**हाउसिंग डेवलपमेन्ट फाइनांस कॉर्पोरेशन लिमिटेड के लिये**
**हस्ता./- देवजीत मुखोपाध्याय (प्राधिकृत अधिकारी)**

**पंजी. कार्यालयः रैमन हाउस, एचटी पारेख मार्ग, 169, बैकबे रिक्लैमेशन, चर्चगेट, मुम्बई-400020**
**कॉर्पोरेशन पहचान संख्या: L70100MH1977PLC019916**

**फिनिक्स एआरसी प्राईवेट लिमिटेड CIN: U67190MH2007PTC168303**
**पंजी. कार्यालय: दानी कॉर्पोरेट पार्क, 5वां तल, 158, सी.एस.टी. रोड,**
**कालीना, सांताक्रुज (ई), मुंबई-400098, टेली.: 022-67412314, फैक्स: 022-67412313,**
**ई-मेल: info@phoenixarc.co.in, वेबसाईट: www.phoenixarc.co.in**

**परिसम्पत्तियों की ऑनलाईन ई-नीलमी बिक्री**

**अचल सम्पत्तियों की बिक्री के लिये बिक्री सूचना**

प्रतिभूति हित (प्रवर्त्तन) नियमावली, 2002 के नियम 8(6) के प्रावधानों के साथ पठित वित्तीय परिसम्पत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्त्तन अधिनियम, 2002 के अंतर्गत अचल परिसम्पत्तियों की बिक्री के लिये ई-नीलामी बिक्री सूचना

बजाज फाइनांस लिमिटेड (बीएफएल) ने एसाइन्मेन्ट अनुबंध तिथि 3.12.2018 के माध्यम से फीनिक्स एआरसी प्राईवेट लिमिटेड (फीनिक्स ट्रस्ट एफवाई 19-5 स्कीम I के ट्रस्टी के रूप में कार्यरत) के पक्ष में ऋण सौंप दिया है तथा एतद्द्वारा आम जनता तथा विशेष रूप से ऋणधारकों एवं गारन्टरों जिनका विवरण नीचे तालिका में वर्णित है, को सूचित किया जाता है कि प्रतिभूत क्रेडीटर के पास गिरवी/चार्ज्ड नीचे वर्णित अचल सम्पत्ति जिसका 23.5.2019 को फीनिक्स एआरसी के प्राधिकृत अधिकरी द्वारा भौतिक कब्जा किया गया है, की कम्पनी के बकाये की वसूली के लिये ''जैसा है जहां है'', ''जैसा है जो है'' तथा ''जो भी वहां जैसा है'' आधार पर बिक्री की जायेगी।

**ज्ञात अधिभार, यदि कोई हो, के साथ अचल सम्पत्ति का विवरण:**

सम्पत्ति ''प्लॉट नं. 924, सेक्टर-15ए, तहसील एवं जिला फरीदाबाद, एरिया माप 424.66 वर्ग यार्ड्स

| ऋणधारक/कों एवं गारन्टर(रों) का नाम एवं पता | 1. ई नीलामी की तिथि एवं समय<br>2. ईएमडी जमा करने की अंतिम तिथि<br>3. सम्पत्ति के निरीक्षण की तिथि एवं समय | 1. आरक्षित मूल्य<br>2. सम्पत्ति का ईएमडी<br>3. बोली वृद्धि |
|---|---|---|
| श्री नीरज चौधरी, पुत्र श्री राकेश मोहन चौधरी एवं श्रीमती मोनिका चौधरी, पत्नी श्री नीरज चौधरी, दोनों: एच.नं.-781, सेक्टर-17-ए, गुड़गाँव, हरियाणा-122001<br>ऋण खाता संख्या: 4010HL07191340<br>कुल बकाया राशिः सम्पूर्ण भुगतान तक लागतों तथा चार्जेज के साथ 23.8.2019 से अनुबंधित दर पर आगे के ब्याज के साथ 22.8.2019 को रु. 26210804.37/- (रुपये दो करोड़ बासठ लाख दस हजार आठ सौ चार एवं पैसे सैंतीस मात्र) | 1. ई-नीलामी तिथिः 18 सित., 2019 को 12.00 बजे अप. से 1.00 बजे अप. तक 5 मिनट के असीमित विस्तार के साथ।<br>2. ईएमडी जमा करने की अंतिम तिथि केवाईसी के साथ 16 सित. 2019 के 5.00 बजे अप. (आईएसटी) तक है।<br>3. निरीक्षण की तिथिः 6 सितम्बर 2019 को 11.00 बजे पूर्वा. से 4.00 बजे अप. (आईएसटी) तक | आरक्षित मूल्यः रु. 1,57,50,000/- (रुपये एक करोड़ सत्तावन लाख पचास हजार मात्र)<br>ईएमडीः रु. 15,75,000/- (रुपये पन्द्रह लाख पचहत्तर हजार मात्र)<br>बोली वृद्धि- रु. 1,00,000/- (रुपये एक लाख मात्र) एवं उसके गुणकों में। |

धरोहर राशि का भुगतान ''फीनिक्स ट्रस्ट एफवाई 19-5 स्कीम 1'' के पक्ष में नई दिल्ली में भुगतान योग्य डीडी के द्वारा अथवा चालू खाता: 8612768219; कोटक महिन्द्रा बैंक लिमिटेड, शाखाः कलीना, मुम्बई, आईएफएससी कोडः KKBK0000631 में एनईएफटी/आरटीजीएस द्वारा किया जायेगा।

बिक्री के अंतर्गत परिसम्पत्तियों से संबंधित किसी स्पष्टीकरण/अपेक्षा के लिये बोलीदाता श्री निखिल जैन (+91-9560392937) या श्रीमती अंकिता शर्मा (+91-09999868258) अथवा सुश्री अनीशा शिन्दे (022-68492441) एवं श्री कुलदीप गुप्ता (+91 8588870051) से सम्पर्क करें।

बिक्री के विस्तृत नियमों एवं शर्तों के लिये कृपया लिंक http://phoenixarc.co.in/saleauction.php?id=ndcz देखें या फीनिक्स एआरसी प्राईवेट लिमिटेड की वेबसाईट अर्थात् www.phoenixarc.co.in एवं/अथवा https://phoenixarc.auctiontiger.net देखें।

**प्राधिकृत अधिकारी**
**फीनिक्स एआरसी प्राईवेट लिमिटेड के लिये**
**(फीनिक्स ट्रस्ट एफ वाई 19-5 स्कीम I के ट्रस्टी)**

**स्थान: नई दिल्ली**
**तिथि: 27.9.2019**

# Shivalik Mercantile Co-operative Bank Ltd.

**Regd. Office: 13/1207, Ansari Road, Saharanpur – 247001, (U.P.)**

## NOTICE

**Notice** is hereby given that 22nd Annual General Meeting (AGM) of the members of **SHIVALIK MERCANTILE CO-OPERATIVE BANK LIMITED** will be held on **Sunday, September 15, 2019 at 11:00 am at Hotel Royal Residency, Ambala Road, Saharanpur - 247001, Uttar Pradesh**, to transact the following business:

1. To confirm quorum of 22nd Annual General Meeting (AGM).
2. To grant leave of absence to members of the Bank, other than those whose names appear in the attendance register of this 22nd Annual General Meeting.
3. To confirm minutes of 21st Annual General Meeting of members of the Bank held on September 16, 2018.
4. To consider and approve Audited Annual Reports, which consist of the report of Statutory Auditors, Audited Balance Sheet and Profit & Loss Account, Report of the Board of Directors for the year ended March 31, 2019 and Cash Flow Statement as on March 31, 2019.
5. To appropriate Net Profit and to declare dividend as recommended by the Board of Directors for financial year 2018-19.
6. To review actual utilization of reserve and other funds for financial year 2018-19.
7. To take note of Loans & Advances outstanding against the Directors and their relatives during financial year 2018-19.
8. To appoint Statutory Auditors of the Bank for financial year 2019-20 and to authorize the Board of Directors to fix their remuneration.
9. To consider and approve Annual Budget for financial year 2020-21.
10. To consider and approve Long-Term Perspective Plan and Annual Operation Plan of the Bank for financial year 2020-21.
11. To present list of employees who are relatives of members of the Board or MD & CEO of the Bank.
12. To consider and approve forfeiture of shares of the members who are disqualified from being or continuing as members of the bank as specified in the Bye-Laws.
13. Any other items with the permission of Chair

**Regd.Office:**
13/1207, Ansari Road,
Saharanpur – 247001, Uttar Pradesh
Date: August 29, 2019

**By Order of the Board of Directors**
Sd/-
(Suveer Kumar Gupta)
MD & CEO

### BALANCE SHEET AS AT 31ST MARCH 2019

(Amount in ₹)

| Capital & Liabilities | Schedule | Current Year 31.03.2019 | Previous Year 31.03.2018 | Properties & Assets | Schedule | Current Year 31.03.2019 | Previous Year 31.03.2018 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| (1) Capital | 1 | 57,33,72,300.00 | 45,69,82,300.00 | (1) Cash in Hand & Balance With RBI | - | 18,96,49,430.36 | 23,30,88,212.77 |
| (2) Reserve Fund & Other Reserves | 2 | 21,68,93,301.00 | 21,24,61,816.00 | (2) Balances with Other Banks | 6 | 93,80,55,704.61 | 80,90,73,131.70 |
| (3) Deposits & Other Accounts | 3 | 10,51,19,96,779.73 | 9,53,38,93,269.10 | (3) Money at Call & Short Notice | - | 24,00,00,000.00 | 56,00,00,000.00 |
| (4) Borrowings - | | 7,82,00,000.00 | - | (4) Investments | 7 | 2,46,29,81,363.00 | 2,27,84,59,111.00 |
| (5) Bills For Collection Being Bills Receivable As Per Contra | - | - | - | (5) Advances | 8 | 7,15,23,51,768.44 | 6,11,61,09,802.41 |
| | | | | (6) Interest Receivable of which Overdue (on NPA) | 9 | 13,36,69,054.46<br>5,11,16,808.15 | 12,52,55,503.88<br>4,18,71,888.68 |
| (6) Branch Adjustments | - | - | - | | | | |
| (7) Overdue Interest Reserves (on NPA) | - | 5,11,16,808.15 | 4,18,71,888.68 | (7) Bills Receivable being Bills for Collection as per Contra | - | - | - |
| (8) Interest Payable | - | 11,07,282.51 | 10,01,574.51 | | | | |
| (9) Other Liabilities & Provisions | 4 | 13,34,35,561.68 | 17,82,29,448.68 | (8) Fixed Assets Less Depreciation | 10 | 32,16,76,052.51 | 21,76,80,191.49 |
| (10) Profit & Loss | 5 | 4,75,94,568.24 | 5,06,13,813.96 | (9) Other Assets | 11 | 17,49,33,247.93 | 13,53,88,157.58 |
| **Grand Total** | | **11,61,37,16,621.31** | **10,47,50,54,111.13** | | | | |
| **Contingent Liabilities** | **12** | **2,92,26,202.00** | **1,22,23,948.00** | **GRAND TOTAL** | | **11,61,37,16,621.31** | **10,47,50,54,111.13** |

### PROFIT & LOSS ACCOUNT FOR THE YEAR ENDED 31ST MARCH 2019

(Amount in ₹)

| Expenditure | Current Year 31.03.2019 | Previous Year 31.03.2018 | Income | Current Year 31.03.2019 | Previous Year 31.03.2018 |
|---|---|---|---|---|---|
| INTEREST ON DEPOSITS, BORROWINGS ETC. | 61,39,40,257.53 | 59,66,73,603.18 | INTEREST & DISCOUNT | 1,04,91,70,072.45 | 99,03,34,154.24 |
| SALARIES, ALLOWANCES, PROVIDENT FUND, BONUS & GRATUITY ETC. | 24,08,18,744.10 | 21,41,66,644.47 | COMMISSION, EXCHANGE & BROKERAGE | 41,40,946.68 | 11,35,352.74 |
| RENT, TAXES, INSURANCE, LIGHTING ETC. | 7,04,84,479.20 | 6,11,91,447.13 | PROFIT FROM SALE OF NON-BANKING ASSETS | 2,98,595.00 | 1,23,536.50 |
| LAW CHARGES | 90,550.00 | 8,58,123.00 | PROFIT ON SALE OF SECURITIES | 1,01,24,818.00 | 9,78,178.00 |
| POSTAGE AND TELEPHONE CHARGES | 2,56,66,705.49 | 1,54,05,089.34 | OTHER RECEIPTS | 9,12,82,017.09 | 7,02,69,161.74 |
| AUDIT & CONSULTANCY FEES | 4,38,70,825.85 | 3,16,09,324.22 | | | |
| DEPRECIATION AND REPAIRS | 4,40,29,327.27 | 3,18,83,928.76 | | | |
| STATIONERY, PRINTING AND ADVERTISEMENT | 75,64,528.01 | 54,47,789.91 | | | |
| OTHER EXPENDITURE | 6,02,95,365.48 | 5,07,42,661.58 | | | |
| LOSS FROM SALE OF NON-BANKING ASSETS | 1,90,234.00 | 4,02,476.00 | | | |
| PROVISIONS FOR CURRENT YEAR | 1,03,44,832.00 | 2,34,47,408.00 | | | |
| PRIOR PERIOD ADJUSTMENTS | (7,67,556.99) | (8,37,438.00) | | | |
| **BALANCE OF PROFIT** | **3,84,88,157.28** | **3,16,49,325.63** | | | |
| **GRAND TOTAL** | **1,15,50,16,449.22** | **1,06,28,40,383.22** | **GRAND TOTAL** | **1,15,50,16,449.22** | **1,06,28,40,383.22** |
| **CONTINGENT PROV. AGAINST DEPRECIATION IN INVESTMENTS** | **86,20,702.00** | **31,25,216.00** | **TRANSFERRED FROM INVESTMENT FLUCTUATION RESERVE** | **86,20,702.00** | **31,25,216.00** |

### Independent Auditor's Report

To,
**The Members,**
**Shivalik Mercantile Co-Operative Bank Ltd., Saharanpur**

**Report on the Financial Statements**

1. We have audited the accompanying financial statements of Shivalik Mercantile Co-operative Bank Ltd. (PAN: AAAAS3251Q) having Registered office at, Ansari Road, Saharanpur - 247001, which comprise the Balance Sheet as at 31 March 2019, and the Profit and Loss Account, and the Cash Flow Statement for the year then ended as on date, and a summary of significant accounting policies, disclosures and notes on accounts. Out of 31 Branches, the returns of Head Office and its departments and 16 branches audited by us and rest of 15 Branches not audited by us but verified by us from centralised records maintained by head Office, are incorporated in these financial statements. All the Branches are covered under Concurrent/ Internal Audit department of the Bank. The branches and other departments audited by us accounts for 72.35 percentage of Advances, 80.01 percentage of deposits, 77.21 percentage of Income and 66.75 percentage of Expenses.

**Management's Responsibility for the Financial Statements**

2. Management is responsible for the preparation of these financial statements that give a true and fair view of the financial position, financial performance and cash flows of the Bank in accordance with provisions of the Banking Regulations Act, 1949, the guidelines issued by the Reserve Bank of India and the guidelines issued by the National Bank for Agricultural and Rural Development, the Central Registrar of Cooperative Societies, the Multi State Co-operative Societies Act, 2002, the Multi State Co-operative Societies Rules, 2002 (as applicable) and accounting principles generally accepted in India so far as applicable to Banks. This responsibility includes the design, implementation and maintenance of internal controls relevant to the preparation and presentation of the financial statements that are free from material misstatement, whether due to fraud or error.

**Auditor's Responsibility**

3. Our responsibility is to express an opinion on these financial statements based on our audit. We conducted our audit in accordance with Standards on Auditing issued by the Institute of Chartered Accountants of India. Those Standards require that we comply with ethical requirements and plan and perform the audit to obtain reasonable assurance about whether the financial statements are free from material misstatements.
4. An audit involves performing procedures to obtain audit evidence about the amounts and disclosures in the financial statements. The procedures selected depend on the auditor's judgement, including the assessment of the risks of material misstatement of the financial statements, whether due to fraud or error. In making those risk assessments, the auditor considers internal control relevant to the Bank's preparation and fair presentation of the financial statements in order to design audit procedures that are appropriate in the circumstances, but not for the purpose of expressing an opinion on effectiveness of the Bank's internal control. An audit also includes evaluating the appropriateness of accounting policies used and the reasonableness of the accounting estimates made by management, as well as evaluating the overall presentation of the financial statements.
5. We believe that the audit evidence we have obtained is sufficient and appropriate to provide a basis for our audit opinion.

**Opinion:**

6. In our opinion and to the best of our information and according to the explanations given to us, the aforesaid financial statements together with the Notes thereon give the information required by the Banking Regulation Act, 1949, the Multi State Co-operative Societies Act, 2002 and the Multi State Co-operative Societies Rules, 2002 and the guidelines issued by the National Bank for Agricultural and Rural Development (as applicable) and guidelines issued by Reserve Bank of India and the Central Registrar of Cooperative Societies, in the manner so required and give a true and fair view in conformity with the accounting principles generally accepted in India:

a) In the case of the Balance Sheet, of state of affairs of the Bank as at 31st March 2019;
b) In the case of the Profit and Loss Account, of the profit for the year ended on that date; and
c) In the case of the Cash Flow Statement, of the cash flows for the year ended on that date.

**Report on Other Legal & Regulatory Requirements**

7. The Balance Sheet and the Profit and Loss Account have been drawn up in Forms "A" and "B" respectively of the Third Schedule to the Banking Regulation Act, 1949 and the Multi State Co-operative Societies Act, 2002, the Multi State Co-operative Societies Rules, 2002.
8. As required by Section 73(4) of the Multi State Co-operative Societies Act, 2002, we report that:

a) We have obtained all the information and explanations, which to the best of our knowledge and belief were necessary for the purpose of our audit and have found to be satisfactory;
b) In our opinion, proper books of account as required by law have been kept by the Bank so far as it appears from our examination of those books and proper returns adequate for the purposes of our audit have been received from the branches/offices;
c) The transactions of the Bank which came to our notice have been within the powers of the bank;
d) The Balance Sheet and the Profit and Loss Account dealt with by this report are in agreement with the books of account and the returns;
e) The reports on the accounts of the branches/offices audited by the branch auditors have been forwarded to us and have been properly dealt with by us in preparing this Report – Not applicable in our case as the Bank has not appointed any separate Statutory Auditor for Branch Audits. We have reviewed the accounts of all branches as well as Head office.
f) The accounting standards adopted by the Bank are consistent with those laid down by accounting principles generally accepted in India so far as applicable to Banks;
g) In our opinion and according to information and explanations given to us, we have not noticed any material impropriety or irregularity in the expenditure or in the realization of money due to the bank.

9. As per the information and explanations given to us and based on our examination of the books of account and other records, we have not come across material instances which need to be reported under Rule 27(3) of the Multi State Cooperative Societies Rules, 2002.

Audit Memorandum – NIL
Place: Saharanpur
Date: June 15, 2019

For G.P. Gupta & Co.
Chartered Accountants
(Firm Regn. No.004998C)

### Board of Directors Report:

The Board of Directors are pleased to present the 22nd Annual Report of Shivalik Mercantile Co-operative Bank Limited, along with the Audited Statements of Accounts for the financial year ended March 31, 2019 and the Auditors Report. During the year 2018-19, we opened 2 branches, one in MP and another in UP, there have been many improvements in systems and procedures of Banks functioning so as to ensure better compliance, rigorous monitoring and minimizing various credit and other risk. The Bank has worked hard during the year to switch over to Finacle CBS platform and went live on April 29, 2019. This has enabled Bank to offer better and wider range of services to the customers. Also, Shivalik Bank has become the first Co-operative bank in the country to make an application to transition to a Small Finance Bank under the guidelines released by the RBI for "Voluntary Transition of Primary (Urban) Co-operative Banks (UCBs) into Small Finance Banks (SFBs)" on September 27, 2018. The financial performance for FY 2018-19 is summarized hereunder. The deposit base as on March 31, 2019 stood Rs. 1051.20 Crores registering a growth of 10.3% as compared to prior year. Advances increased to Rs. 715.24 crore registering a growth of 16.9% as compared to the last financial year. Thus, total business stood at Rs. 1766.44 crores as against previous year's Rs. 1565.00 crores. Net Profit (after tax and provisions) has increased to Rs. 3.85 crore which represents a growth of 21.6% as compared to the previous financial year. This is driven by a growth in net interest income which represents long term sustainable income generation driven by the growth in the loan portfolio. Gross NPA reduced to less than 2% which highlights the quality of the loan book that has been built by our team. The Bank is well capitalized and has a Capital to Risk Asset Ratio (CRAR) as on March 31, 2019 at 13.07%. The Board of Directors are pleased to recommend a dividend of Rs. 8 per equity share of Rs. 100 each and entailing a pay out of Rs. 3.67 crore for the year ended March 31, 2019.

# हताशा के कदम

जम्मू-कश्मीर से धारा 370 हटने के बाद पाकिस्तान की झुंझलाहट लगातार बढ़ रही है। हालांकि इस मामले को उसने अंतरराष्ट्रीय बिरादरी के सामने भी रखा और मदद की गुहार लगाई, मगर कोई कामयाबी नहीं मिल पाई। जो अमेरिका पहले मध्यस्थता करने की बात कर रहा था, उसने भी कह दिया कि यह दोनों देशों के बीच का मामला है, वे आपस में बैठ कर इसका समाधान निकालें। इस तरह पाकिस्तान हताश है। इसी हताशा में वह कुछ ऐसे कदम उठाने का प्रयास करता है जिससे भारत को सबक सिखाया जा सके, उसे परेशान किया जा सके। मगर अब तक के उसके सारे कदम बेअसर साबित हो चुके हैं। इसी सिलसिले में वह भारत के साथ अपने सारे हवाई मार्ग बंद करने पर विचार कर रहा है। पाकिस्तान के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्री फवाद चौधरी ने ट्वीट कर कहा कि प्रधानमंत्री यह फैसला जल्दी ही करने वाले हैं। इससे संबंधित कानूनी पहलुओं पर विचार चल रहा है। मगर यह समझ से परे है कि ऐसा करके आखिर पाकिस्तान को हासिल क्या होगा! इससे महज उसकी कुछ खुनस ही मिटेगी।

अगर पाकिस्तान भारत आने-जाने वाले विमानों को अपनी सीमा से होकर नहीं गुजरने देने का फैसला करता है तो निस्संदेह विमानन कंपनियों का खर्चा बढ़ेगा। मगर ऐसा नहीं कि इससे सिर्फ भारत को नुकसान होगा, पाकिस्तान को भी राजस्व घाटा उठाना पड़ेगा। फिर यह पहली बार नहीं होगा, जब पाकिस्तान अपने हवाई मार्ग भारत के लिए बंद कर देगा। बालाकोट पर हवाई हमले के बाद भी उसने ऐसा किया था। इसकी वजह से भारत से उड़ान भरने वाले विमानों को कुछ लंबा रास्ता तय करके दूसरे देशों में पहुंचना पड़ता था। मगर फिर उसने हवाई रास्ते खोल दिए। ऐसे फैसलों से विमानों को थोड़ा अधिक समय उड़ान भरनी पड़ती है, उनका खर्च बढ़ जाता है। जाहिर है, इसका असर मुसाफिरों पर भी पड़ता है। मगर ऐसा कभी नहीं हुआ कि बड़े पैमाने पर उड़ानें रद्द करनी पड़ी हों। इसलिए अगर इस बार भी वह ऐसा फैसला करता है, तो भारतीय या दूसरी विमानन कंपनियों के लिए बहुत घबराने की बात नहीं होगी।

जब दो देशों के बीच तनाव बढ़ता है तो इस तरह के फैसले संभावित होते हैं। पुलवामा के बाद भारत ने पाकिस्तान के साथ कई कारोबारी रिश्ते तोड़ लिए थे। इसी तरह बालाकोट और फिर धारा 370 हटने के बाद पाकिस्तान ने भी कई कारोबारी गतिविधियों पर विराम लगा दिया। अब वह पाकिस्तान के रास्ते अफगानिस्तान के साथ भारत के व्यापार पर भी अंकुश लगाने पर विचार कर रहा है। वह भारत से अफगानिस्तान के लिए जाने वाली सड़कों को भी बंद करने पर विचार कर रहा है। जाहिर है, इससे वाणिज्यिक वाहनों को थोड़ा लंबा रास्ता तय करना पड़ेगा, जिससे माल ढुलाई का खर्च बढ़ेगा। पर पाकिस्तान को इसका भी नुकसान उठाना पड़ेगा। पहले ही भारत के साथ उसके व्यापारिक रिश्ते खत्म होने से उसे बड़े पैमाने पर घाटा उठाना पड़ रहा है। वहां की आर्थिक स्थिति ठीक नहीं है, ऐसे में खुनस में उठाए गए कदम उसके ही लिए परेशानी का सबब बनेंगे। इमरान खान जिस तरह खुद को पाकिस्तान की तरक्की के लिए समर्पित बताते रहे हैं, उससे लगता रहा है कि वे भारत के साथ रिश्ते बेहतर बनाने के पक्ष में हैं। पर हवाई रास्ते बंद करने और व्यापार रोक देने जैसे कदमों पर उनके विचार करने से यही जाहिर है कि वे बातचीत के जरिए समाधान के पक्ष में नहीं हैं।

# हिंसा की जमीन

राजधानी दिल्ली सहित देश के अलग-अलग हिस्सों में मंगलवार को पीट-पीट कर मार डालने की जो दहला देने वाली घटनाएं सामने आईं, उनसे एक बार फिर यह सवाल उठा है कि आखिर लोग इतने असहिष्णु और हिंसक क्यों होते जा रहे हैं। किसी को बच्चा चोर समझ कर, तो किसी को डायन बता कर मार डालने की घटनाएं वाकई चिंताजनक हैं। पुरानी दिल्ली स्टेशन के बाहर मंगलवार को एक मदरसे के शिक्षक को पटरी पर दुकान लगाने वाले कुछ दुकानदारों ने पीट-पीट कर मार डाला। बात सिर्फ इतनी थी कि इस शिक्षक ने हेडफोन उठा कर देखा और पसंद न आने पर खरीदने से इंकार कर दिया। इसी को लेकर विवाद हो गया, जो उनके लिए जानलेवा साबित हुआ। मुंबई में एक वृद्ध ठेले वाले को कुछ लोगों ने पीट-पीट कर इसलिए मार दिया कि उसने कुछ लोगों को वहां कचरा फेंकने से मना किया था। बिहार के नवादा जिले के एक गांव में एक वृद्ध महिला को डायन बता कर पीट-पीट कर मार डाला गया। इसी तरह उत्तर प्रदेश के संभल में भीड़ ने बच्चा चोर होने के शक में एक व्यक्ति की हत्या कर दी। ऐसे ही एक मामले में मेरठ में एक महिला को बांध कर पीटा गया। ये सारी घटनाएं बताती हैं कि देश में कैसा खौफनाक भीड़ तंत्र बन चुका है, जिसका कानून-व्यवस्था में न कोई भरोसा है, न ही उसका कोई खौफ।

ऐसी घटनाएं पिछले कुछ सालों में ज्यादा बढ़ी हैं। कभी 'गोरक्षक' कानून-व्यवस्था को हाथ में लेते हैं और 'गोतस्करों' को ठिकाने लगा देते हैं तो कभी बच्चा चोरी के शक में अनजान व्यक्ति भीड़ का शिकार हो जाता है। कई बार ऐसी घटनाएं धर्म-विशेष के लोगों के साथ हुई हैं, जिन्हें 'जय श्रीराम' का नारा लगाने को मजबूर करते हुए पीट-पीट कर मार दिया गया। कुछ घटनाओं को लेकर तो कहा जा सकता है कि इन्हें अंजाम देने वाले किसी न किसी रूप में प्रेरित होकर ऐसा करते होंगे, लेकिन राजधानी दिल्ली में जिस मदरसे के शिक्षक को हेडफोन पर विवाद के कारण मार डाला गया, वह ज्यादा गंभीर चिंता का विषय है। इस घटना को अंजाम देने वालों ने जरा भी नहीं सोचा कि कुछ रुपए की चीज के पीछे वे एक व्यक्ति को जिस तरह मौत के घाट उतार रहे हैं उसका हश्र क्या हो सकता है। इस घटना से हर आदमी के भीतर यह खौफ पैदा होना स्वाभाविक है कि रास्ते चलते न जाने क्या विवाद हो जाए और लोग पीट-पीट कर मार डालें! ऐसी घटनाओं के पीछे सबसे बड़ा कारण ही यही है कि लोगों में कानून-व्यवस्था का भय खत्म हो गया है। शायद वे जानते हैं कि पुलिस कुछ नहीं करेगी। इस घटना में भी पुलिस ने कुछ पटरी दुकानदारों के खिलाफ गैर-इरादतन हत्या का मामला दर्ज कर लिया। हैरानी की बात है कि भीड़ भरे बाजार में किसी ने उस शिक्षक को बचाने की कोशिश भी नहीं की।

समाज में बढ़ती इस तरह की हिंसक प्रवृत्ति एक लोकतांत्रिक और सभ्य राष्ट्र के लिए शर्मनाक है। इस तरह की घटनाओं का ग्राफ जिस तेजी से बढ़ रहा है, उससे साफ है कि देश में कानून-व्यवस्था का कोई मतलब नहीं रह गया है। ऐसी घटनाएं पुलिस और समाज दोनों के लिए चुनौती बन गई हैं। ऐसे अपराधियों से निपटने के लिए कानून भी काफी हैं, लेकिन ठप तंत्र में सब बेअसर साबित हो रहे हैं।

## कल्पमेधा

अहंकारी हमेशा केवल अपने महान कार्यों का वर्णन करता है और दूसरों के सिर्फ कुकर्मों का।

-स्पिनोजा

# मतभेदों में उलझता जी-7

ब्रह्मदीप अलूने

**जी-7 समूह के देश दुनिया में पूंजीवाद का प्रतीक हैं और इसमें रूस का होना या न होना भी बड़ा मुद्दा रहा है जो सदस्य देशों के बीच विरोधाभास को बढ़ाता रहा है। इस समूह के देशों की आपसी असहमतियों का आक्रामक कूटनीतिक प्रदर्शन भी चुनौतीपूर्ण रहा है। क्रीमिया पर रूस के आधिपत्य के बाद लोकतांत्रिक मूल्यों के नाम पर वर्ष 2014 में रूस को जिस तरह से समूह से बाहर का रास्ता दिखाया गया था, उसे लेकर भी आपसी मतभेद सामने आते रहे हैं।**

वैश्विक आर्थिक मुद्दों पर विचार और परामर्श के विकसित देशों के सबसे बड़े संगठन जी-7 का फ्रांस में शिखर सम्मेलन ऐसे समय पर आयोजित हुआ जब अमेरिका की रूस से कूटनीतिक तकरार और चीन से आर्थिक तनाव चरम पर है। दुनिया के विकसित और अग्रणी राष्ट्रों के इस समूह में जहां एक ओर आर्थिक, सामाजिक, राजनीतिक, कूटनीतिक और राष्ट्रीय नीतियों को लेकर गहरे मतभेद सामने आ रहे हैं, वहीं दूसरी ओर युद्ध, राष्ट्रवाद, दक्षिणपंथ के उभार, मुक्त बाजार के साथ अप्रवासन का विरोध और परमाणु हथियारों का जखीरा जुटाने की होड़ के बीच शांति और समग्र विकास के प्रति प्रतिबद्धता में गहरा अंतर्द्वंद्व दिखाई साफ नजर आ रहा है।

दरअसल, अमेरिका, फ्रांस, इटली, कनाडा, जर्मनी, जापान और इंग्लैंड जी-7 के सदस्य राष्ट्र हैं जो स्वतंत्रता, समानता, लोकतंत्र और मानवाधिकारों की रक्षा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता का इजहार करते रहे हैं। उच्च आय और विकास के उच्च पैमाने स्थापित करने वाले जी-7 के राष्ट्राध्यक्ष हर साल अलग-अलग देशों में शिखर सम्मेलन आयोजित करते हैं और आर्थिक गतिविधियों के साथ ही जलवायु परिवर्तन, गरीबी, असमानता, सुरक्षा, पर्यावरणीय संकट जैसे सामाजिक सरोकारों और वैश्विक समस्याओं से जुड़े विषयों पर भी विमर्श करते हैं। इन सबके बीच यह भी दिलचस्प है कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के उभार के बाद महाशक्ति अमेरिका की भूमिका वैश्विक हितों से ज्यादा अमेरिकीवाद पर केंद्रित हो गई है और इसके प्रभाव से जी-7 भी अछूता नहीं है। जी-7 समूह के देश दुनिया में पूंजीवाद का प्रतीक हैं और इसमें रूस का होना या न होना भी बड़ा मुद्दा रहा है जो सदस्य देशों के बीच विरोधाभास को बढ़ाता रहा है। इस समूह के देशों की आपसी असहमतियों का आक्रामक कूटनीतिक प्रदर्शन भी चुनौतीपूर्ण रहा है। क्रीमिया पर रूस के आधिपत्य के बाद लोकतांत्रिक मूल्यों के नाम पर वर्ष 2014 में रूस को जिस तरह से समूह से बाहर का रास्ता दिखाया गया था, उसे लेकर भी आपसी मतभेद सामने आते रहे हैं। अब ट्रंप ने जी-7 को रूस के बिना अधूरा बताया है, वहीं अन्य देश ट्रंप की नीतियों को लेकर सहज नहीं लग रहे।



जी-7 दुनिया के औद्योगिक देशों का समूह है लेकिन इन देशों में से अधिकतर अपनी बड़ी अर्थव्यवस्था के मुकाबले वैश्विक अर्थव्यवस्था में बहुत कम भागीदारी कर रहे हैं। भारत और चीन की चुनौती इस समूह के सामने बरकरार है। यूरोपीय संघ का सबसे बड़ा देश जर्मनी है और उसका मुस्लिम शरणार्थियों के प्रति उदार रवैया ट्रंप के आक्रामक राष्ट्रवाद के विरोध में नजर आता है। जर्मनी के बड़े राजनेता जिकमार गैबरियल ट्रंप को शांति और समृद्धि के लिए खतरा बता चुके हैं। हाल में ट्रंप ने फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों की आर्थिक नीतियों की कड़ी आलोचना करते हुए आरोप लगाया था कि फ्रांस गूगल जैसी बहुराष्ट्रीय कंपनियों पर कर लगाने की तैयारी कर रहा है। ट्रंप प्रशासन ने कहा था कि फ्रांस की ओर से लगाया गया कर अन्यायपूर्ण ढंग से अमेरिकी टैक कंपनियों को नुकसान पहुंचाने वाला है। वहीं, फ्रांस का कहना था कि अन्य देशों की कंपनियां उनके यहां या तो कॉर्पोरेट कर देती ही नहीं हैं या देती भी हैं तो बहुत ही कम। करों को लेकर असहमति से उत्तेजित ट्रंप ने वाइन को लेकर फ्रांस की आलोचना करने से गुरेज नहीं किया और धमकी दी की उनका देश फ्रेंच वाइन के आयात पर शुल्क लगाने पर विचार कर रहा है। अमेरिका वाइन की खपत और आयात करने वाला दुनिया का सबसे बड़ा देश है। वह जिन देशों से वाइन आयात करता है, उनमें फ्रांस भी शामिल है।

मध्य पूर्व को लेकर भी यूरोप और अमेरिका के मतभेद जगजाहिर हैं। ईरान संकट पर फ्रांस के राष्ट्रपति मैक्रों चाह रहे हैं कि परमाणु करार टूटे नहीं। मैक्रों को जर्मनी और ब्रिटेन का भी समर्थन हासिल है। ये देश चाहते हैं कि ईरान और अमेरिका के बीच रिश्ते सुधरें जिससे इलाके में तनाव कम हो। ईरान पर अमेरिकी प्रतिबंध से जापान और फ्रांस जैसे देश प्रभावित हुए हैं। फ्रांस चाहता है कि ईरान पर लगी अमेरिकी पाबंदी में ढील दी जाए जिससे तेल आयात का रास्ता साफ हो। इसके अलावा ब्रेग्जिट को लेकर ब्रिटेन और अमेरिका के संबंध खराब हो चुके हैं। ट्रंप की बयानबाजी ने ब्रिटेन की आंतरिक राजनीति को प्रभावित किया है। ट्रंप ने ब्रिटेन से व्यापार को लेकर जहां बातचीत की बात कही, वहीं हाल में ब्रिटिश प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन ने कहा है कि अगर अमेरिका ब्रिटेन के साथ व्यापार सौदा चाहता है तो उसे ब्रिटिश व्यापार पर से प्रतिबंध हटाना होगा। जी-7 शिखर सम्मेलन के दौरान जॉनसन ने स्वीकार किया कि अमेरिका में ब्रिटिश व्यवसायों के लिए बहुत बाधाएं हैं। ब्रिटेन की कंपनियों के लिए अमेरिकी बाजार में बड़े पैमाने पर अवसर की संभावनाएं देखते हुए जॉनसन अमेरिकी नीतियों में सुधार के हिमायती है। यहां यह भी उल्लेखनीय है कि रक्षा क्षेत्र में यूरोप में सबसे ज्यादा खर्च करने वाले ब्रिटेन ने अमेरिका समर्थित नाटो को हमेशा समर्थन दिया है। ब्रिटेन में कई अमेरिकी सैन्य अड्डे बने हुए हैं और दोनों देशों की सेना गृह युद्ध और आतंकवाद से प्रभावित कई देशों में सैनिक कार्रवाई में साझीदार भी रही है। इसके बाद भी आर्थिक हितों को लेकर दोनों देश आमने-सामने हैं। जाहिर है, न्यूयार्क और लंदन दुनिया के दो बड़े वित्तीय केंद्र भले हों लेकिन अमेरिका और ब्रिटेन के बीच व्यापार में सहयोग का भविष्य इतना आसान नहीं दिखता।

यूरोप की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था इटली के चीन से रिश्ते भी अमेरिका को नागवार गुजर रहे हैं। इस साल मार्च में बेल्ट एंड रोड प्रोजेक्ट को लेकर इटली और चीन के बीच बंदरगाह, पुल और बड़े बिजली संयंत्र लगाने को लेकर हुए समझौते को भी ट्रंप के लिए झटका माना गया। रोम में आयोजित एक समारोह में प्रधानमंत्री गिउसेप कोंटे और चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग की मौजूदगी में दोनों देशों के अधिकारियों ने उनतीस अलग-अलग समझौतों पर हस्ताक्षर किए थे। इस समझौते के साथ इटली बेल्ट एंड रोड प्रोजेक्ट से जुड़ने वाला जी-7 समूह का पहला देश बन गया। चीन की इस परियोजना से अमेरिका ने दूरी बना रखी है। जहां तक जापान का सवाल है, अमेरिका और जापान के बीच व्यापारिक टकराव देखने को मिलता रहा है। येन और डॉलर की प्रतिद्वंद्विता दोनों देशों के आपसी संबंधों को चुनौतीपूर्ण बना रही है। इस साल ट्रंप ने जापान की यात्रा कर यह दावा किया था कि हम अमेरिका के निर्यात की बाधाएं और व्यापार असंतुलन को दूर करना चाहते हैं और हमारे संबंधों में पारस्परिकता सुनिश्चित करना चाहते हैं। ट्रंप ऊंची कर दरों की वजह से अमेरिका को होने वाले अरबों डालर के नुकसान के लिए जापान की आलोचना कर चुके हैं। इसी तरह जी-7 के एक और बड़े देश कनाडा के साथ भी अमेरिकी संबंध बद से बदतर देखे गए हैं। पिछले साल ट्रंप ने कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो को 'बेईमान और कमजोर' तक कह दिया था।

बहरहाल दुनिया में अमेरिका की अर्थव्यवस्था का महत्त्व बरकरार है और उसके सहयोग के बिना साझा हितों की कल्पना नहीं की जा सकती। जाहिर है, ट्रंप को नियंत्रित और संतुलित रख ही जी-7 अपने उद्देश्यों में कामयाब हो सकता है लेकिन यह इतना आसान नहीं है। जी-7 के अन्य देश अमेरिका से उदार नीति की अपेक्षा करते हैं, जबकि ट्रंप 'अमेरिकी फर्स्ट' के लिए कृत संकल्पित हैं।

# कथा नए स्कूल की

प्रेमपाल शर्मा

**दुनिया मेरे आगे**

हाल में बुलंदशहर के अपने गांव के रास्ते में दोस्त ने बताया कि यहां खुर्जा और बुलंदशहर के बीच अल्पसंख्यकों के लिए कुछ नए स्कूल खुले हैं। योजना तो पिछली सरकार की थी लेकिन बन कर अब तैयार हुए हैं। देखने की उत्सुकता हुई और गाड़ी उधर मोड़ दी। जीटी रोड के मुख्य सड़क मार्ग से गांव की पतली-पतली गलियों के बीच लगभग एक किलोमीटर का रास्ता पार करके हम स्कूल पहुंचे। ऐसी भव्य इमारत! चमाचम! बीस कमरे, सुंदर-सा प्रवेश द्वार, खेल का मैदान, नए लगे पेड़। मन ऊर्जा से भर गया।

लेकिन उत्साह ठंडा होने में भी देर नहीं लगी। स्कूल छठी से लेकर बारहवीं तक का है लेकिन अभी सिर्फ दो कक्षाएं ही चलती हैं- नवीं और दसवीं की। पिछले वर्ष सिर्फ नवीं कक्षा ही चल रही थी। क्यों? यहां तो चारों तरफ बच्चों के लिए स्कूल है ही नहीं और इतनी अच्छे स्कूल में दाखिला क्यों नहीं? 'क्योंकि सरकार ने दो साल में अभी सिर्फ एक शिक्षक दिया है। उसे शिक्षक मानो, प्रिंसिपल मान लो या क्लर्क, वही सभी कुछ है। स्कूल की अकेली शिक्षिका अचानक हमारे पहुंचने से अचकचा गई। फर्श पर एक साथ दो कक्षाओं के बीच में उनकी कुर्सी थी। एक तरफ नवीं क्लास के बच्चे तो दूसरी तरफ दसवीं के। काश हार्वर्ड, कैंब्रिज के शिक्षाविद हमसे भी कुछ सीख पाते कि कैसे अकेले शिक्षक के बूते भारत में पूरा स्कूल चलाया जाता है।

जब ठीक-ठाक कक्षाएं हैं तो फर्श पर क्यों बैठे हैं? यह पूछने पर शिक्षिका ने व्यावहारिक बात बताई- 'मैं बीच में बैठ कर दोनों क्लासों को दो भी संभाल लेती हूं।' हमने पूछा- क्या सभी विषय पढ़ा लेती हैं? तो वे बोलीं- 'क्या करें, मैं हूं अर्थशास्त्र की लेकिन बारी-बारी से सभी विषय पढ़ाने ही पड़ते हैं।' आप और शिक्षकों की मांग क्यों नहीं करते लिखित में? क्या डीएम और उच्च शिक्षा अधिकारियों को बताया? ऐसे प्रश्नों पर वे हकलाने लगीं कि कहीं कोई आफत न खड़ी हो जाए।

लब्बोलुआब यह कि बार-बार कहने के बावजूद न शिक्षक नियुक्त हुए ,न क्लर्क और इसीलिए जो बच्चे दाखिला लेना भी चाहते हैं मसलन छठी, सातवीं क्लास में, वे भी नहीं आ पाते। इस बारे में गांव के प्रधान को भी सारी हकीकत पता है लेकिन वे दिल्ली रहते हैं यानी कि उनकी पत्नी गांव की प्रधान बनी हैं और पूरे परिवार के साथ में दिल्ली में रहती हैं। प्रधानी के दायित्व गांव में उनके छोटे भाई संभालते हैं, यानी कि भारतीय लोकतंत्र में खड़ाऊ प्रधानी। साल में असली प्रधान पत्नी तो मुश्किल से ही आती है, उनके पति कभी-कभी आते हैं जैसे पिछले बार एक सरकारी कार्यक्रम में पेड़ लगाने और फिर चुनाव के दौरान आए थे।

खुशी की बात यह थी कि बच्चों के चेहरे पर अद्भुत मुस्कुराहट थी। खिले-खिले ऊर्जा से भरे हुए। मानो घर के रोजाना के कामों से मुक्ति उन्हें स्कूल में रह कर ही मिलती हो। जुलाई के महीने में जरूर संख्या कुछ कम रहती है क्योंकि उन दिनों ये सब बच्चे खेतों में धान की रोपाई करने जैसे कामों में लगे रहते हैं। शिक्षिका समझदार लगती थीं क्योंकि उन्होंने कहा, इनके लिए पेट भरना ज्यादा जरूरी है बजाय स्कूल के और इसीलिए हम इसे नजरअंदाज कर देते हैं। वाकई लड़कियों की कॉपी में लेख को देख कर लगता था, काश इनके पंखों को और उड़ने का मौका मिलता!

कुछ लड़कियां अपने मां-बाप के साथ घर पर सिलाई और कढ़ाई-बुनाई का काम भी संभालती हैं। जाहिर है, बच्चे तो पढ़ना चाहते हैं लेकिन सरकार और समाज की ऐसी नीयत, व्यवस्था और विवशता के चलते दुनिया की सबसे नौजवान आबादी अभी भी सबसे निरक्षर आबादी है। काश, कभी डीएम या शिक्षा अधिकारी भी मुख्य शहर से सिर्फ तीन किलोमीटर पर स्थित इस स्कूल का दौरा कर पाते! शायद उन्हें अपने आला अफसरों और नेताओं की खुशामद से ही फुर्सत नहीं मिलती! काश प्रधान गांव में ही रहता और दिल्ली से लोकतंत्र नहीं चलाता! और जब भी कि यह स्कूल मुख्य सड़क के किनारे होता जहां बच्चों के आने-जाने की सुविधा रहती।

पता लगा कि स्कूल बनवाने के लिए तो सरकार चार करोड़ रुपए तक देती है लेकिन जमीन ग्राम सभा जिसकी कीमत दस लाख से अधिक नहीं होगी। और ग्राम सभा वहीं जमीन देती है जो किसी बियाबान में उसके अधिकार में है। इसीलिए न स्कूल जाने के रास्ते सही होते हैं, न आबादी और जरूरत के हिसाब से बनाए जाते हैं। और न फिर उनकी खैर खबर ली जाती है। चार करोड़ का ठेका तो तुरंत पूरा हो गया, अल्पसंख्यकों के लिए किए जाने वाले कामों की भी खानापूर्ति हो गई, सही शिक्षा का सपना न जाने कब पूरा होगा।

## चौपाल

### बदलते सुर

कश्मीर से धारा 370 को निष्क्रिय किए जाने के बाद से ही पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी सरकार को आड़े हाथों लेते रहे हैं। लेकिन अब अचानक उनका कैसे हृदय परिवर्तन कैसे हो गया है? उनके स्वर एकदम बदल गए और वे सरकार के समर्थन कह रहे हैं कि मैं कई मामलों में सरकार से असहमत हूं पर कश्मीर में पाकिस्तान हिंसा भड़का रहा है और वह दुनियाभर में आतंकवाद के प्रमुख समर्थक बना हुआ है, कश्मीर का मसला भारत का आंतरिक मामला है इसमें किसी दूसरे देश के हस्तक्षेप की जरूरत नहीं है। अगर राहुल अब हकीकत को मान रहे हैं तो बहुत अच्छी बात है। उन्होंने भले ही सरकार से अपनी वैचारिक भिन्नता बताई हो, किंतु देश के साथ उन्होंने सरकार के साथ खड़े होकर खुद, पार्टी, जनहित और देशहित में दिल से जो कहा वह सराहनीय है। इस तरह कांग्रेस ने एक बेहतर संदेश विपक्षियों को दिया है कि आंतरिक मतभेद चाहे कितने भी हों लेकिन राष्ट्रहित में हमें हमेशा सरकार के साथ एकजुट होकर खड़े होना चाहिए।

• *शकुंतला महेश नेनावा, इंदौर*

### बौखलाया पाक

जम्मू-कश्मीर से धारा 370 को हटाए जाने के बाद से पाकिस्तान बुरी तरह बौखलाया हुआ है। इस बौखलाहट में वह दुनिया के दूसरे देशों के आगे इस मामले में दखल देने की फरियाद करता घूम रहा है। लेकिन सारी दुनिया पाकिस्तान की मंशा को जानती है, इसलिए किसी भी देश ने उसे कोई तवज्जो नहीं दी और इस मामले में इसका साथ देने से भी इंकार कर दिया, यहां तक कि मुसलिम देशों ने भी इस मुद्दे पर उसका साथ देने से साफ मना कर दिया। इस बौखलाहट में आकर पाकिस्तान ने परमाणु युद्ध की धमकी भी दे डाली। यह उसकी सबसे बड़ी नासमझी है। वह शायद भूल चुका है कि भारत के साथ हर युद्ध में उसकी करारी हार हुई है। जंग हमेशा नुकसानदायी होती है, पाकिस्तान के सत्ताधारी और कट्टरपंथी इस बात को क्यों नहीं समझते। बल्कि अगर पाकिस्तान को खुद एक बेहतर राष्ट्र बनना है तो उसे अपने यहां पल रहे आतंकी संगठनों पर नकेल कसनी चाहिए। पाक को यह बात याद रखनी चाहिए कि परमाणु बमों का असर आज तक नागासाकी और हिरोशिमा के लोग भुगत रहे हैं। परमाणु युद्ध किसी मसले का हल नहीं हो सकता।

• *राजेश कुमार चौहान, जलंधर*

### सदुपयोग हो पैसे का

रिजर्व बैंक ने केंद्र सरकार को पौने दो लाख करोड़ रुपए हस्तांतरित करने का फैसला किया है। देश का पैसा, देश को मिले और जनहित में अगर इसका सदुपयोग होता है तो यह निर्णय बहुत ही सराहनीय व स्वागत योग्य है। लेकिन अब तक जो भी देखने और सुनने में आया है कि केंद्र सरकार देश व जनहित में जितनी भी अच्छी योजनाएं बनाती है, पैसा देती है, उस पैसे का उपयोग कम, दुरुपयोग ज्यादा होता है। चाहे वह बैंकों से कर्ज लेकर भाग जाने का मामला हो या इन योजनाओं में भ्रष्टाचार, कमीशन खोरी का मामला हो। केंद्र सरकार को अब व्यापक व समग्र रूप से यह प्रयास करना चाहिए कि पाई-पाई पैसे का सदुपयोग देश व जनहित में हो, ताकि सरकार के इस फैसले की आलोचना करने वालों का मुंह बंद हो सके।

• *हेमा हरि उपाध्याय, खाचरोद (उज्जैन)*

### अनूठी पहल

उत्तर प्रदेश की राज्यपाल ने एक अनुकरणीय पहल करते हुए टीबी पीड़ित एक बच्ची के इलाज का पूरा खर्चा उठाने का संकल्प लिया और सबसे अच्छी बात यह रही कि तत्काल बाद राजभवन के कई अधिकारियों ने इसी तरीके की पहल करते हुए टीबी पीड़ित बच्चों को इलाज के लिए गोद लिया। काश, आज भारत में सभी साधन संपन्न लोग अगर इसी तरीके से पहल करते हुए शिक्षा से वंचित या इलाज से वंचित गरीब बेसहारा बच्चों को गोद लेकर के उनकी परवरिश की जिम्मेदारी उठा लें तो हम एक सशक्त और मजबूत समाज की स्थापना कर सकेंगे।

• *रमेश माहेश्वरी, सुल्तानपुर*

किसी भी मुद्दे या लेख पर अपनी राय हमें भेजें। हमारा पता है : ए-8, सेक्टर-7, नोएडा 201301, जिला : गौतमबुद्धनगर, उत्तर प्रदेश

आप चाहें तो अपनी बात ईमेल के जरिए भी हम तक पहुंचा सकते हैं। आइडी है : chaupal.jansatta@expressindia.com

### कामयाबी का शिखर

कुछ शख्सियतें ऐसी होती हैं जो कामयाबी के पीछे नहीं बल्कि कामयाबी उनके पीछे भागती है और ऐसे में वे आसमान में इतनी सीढ़ियां लगा लेती हैं कि उनके साथ चलने वाले काफी पीछे छूट जाते हैं। पीवी सिंधु, हिमा दास, दुती चंद से लेकर मैरीकॉम, सानिया मिर्जा और गीता फोगाट तक आसमान में चमकने वाले कुछ सितारे ऐसे ही हैं जो सफलता के उस मुकाम पर हैं जहां पहुंचना मुश्किल तो नहीं पर फिलहाल भारतीय महिला खिलाड़ियों के लिए आसान भी नहीं है। खेलों का हम सभी से नाता रहा है। देश में खेलों को प्रोत्साहन मिलने के कारण इन दिनों बड़ी संख्या में महिलाएं इसमें करियर बना रही हैं। बात चाहे क्रिकेट या हॉकी की हो या तैराकी और फुटबॉल की हर क्षेत्र में प्रतिभाओं की भरमार है। लेकिन प्रतिभा तभी निखरती है जब उसे तराशा जाए। आज महिलाएं आत्मनिर्भर, स्वनिर्मित और आत्मविश्वासी हैं जिन्होंने पुरुष प्रधान चुनौतीपूर्ण क्षेत्रों में भी अपनी योग्यता प्रदर्शित की है। वे केवल शिक्षिका, नर्स, डाक्टर न बन कर इंजीनियरिंग, वैमानिकी, सेना, पत्रकारिता जैसे नए क्षेत्रों को अपना रही हैं। राजनीति के क्षेत्रों में महिलाओं ने नए कीर्तिमान स्थापित किए हैं।

बीसवीं सदी के उत्तरार्द्ध और अब इक्कीसवीं सदी के प्रारंभ में बराबरी व्यवहार वाले जोड़े बन रहे हैं। नौकरी वाली नारी के साथ पुरुष की मानसिकता में भी बदलाव आया है। पहले नौकरी वाली औरत के पति को औरत की कमाई खाने वाला कह कर चिढ़ाया जाता था। लेकिन आज यह सोच बदल चुकी है। स्त्री अब आत्मनिर्भर है। महिलाओं के संबंध में भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू ने कहा था कि यदि आपको देश का विकास करना है तो महिलाओं का उत्थान करना होगा। महिलाओं का विकास होने पर समाज व देश का विकास स्वतः हो जाएगा।

• *अमन सिंह, बरेली*

**कार्बन उत्सर्जन को कम करने में महत्त्वपूर्ण भूमिका**



नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र की कार्बन उत्सर्जन को कम करने में महत्त्वपूर्ण भूमिका है। आज पूरी दुनिया के सभी देश कार्बन उत्सर्जन को कम करने में लगे हैं। इसके लिए वे न सिर्फ जीवाश्म ईंधन से अपनी निर्भरता को कम कर रहे हैं, बल्कि सौर ऊर्जा के अलावा पवन ऊर्जा और समुद्री ऊर्जा को बड़े पैमाने पर उपयोग कर रहे हैं। भविष्य में इसका और विस्तार होगा जिससे करोड़ों की संख्या में रोजगार पैदा होंगे।

# खेल-खेल में बच्चों की पढ़ाई

मीना

**'शिक्षक वह नहीं जो छात्र के दिमाग में तथ्यों को जबरन ठूंसे, बल्कि वास्तविक शिक्षक तो वह है जो उसे आने वाले कल की चुनौतियों के लिए तैयार करें।' डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन के इन विचारों को मनु गुलाटी और आरती कानूनगो जैसी शिक्षिकाएं बखूबी निभा रही हैं। ये शिक्षिकाएं केवल रचनात्मक तरीके से पढ़ा ही नहीं रही हैं बल्कि छात्राओं को आगे कैसे बढ़ाया जाए, उनमें आत्मविश्वास कैसे पैदा किया जाए आदि विषयों पर भी काम कर रही हैं। सरकारी स्कूल की इन शिक्षिकाओं ने बच्चों को रचनात्मक तरीके से पढ़ाकर देश का नाम दुनिया भर में रोशन किया है।**

संगीत और नृत्य से अंग्रेजी की एबीसीडी पढ़ाने वाली मनु गुलाटी को भारत सरकार ने 2018 में राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार से सम्मानित किया था। वे दिल्ली सरकार के एसकेवी नंबर-दो स्कूल, पंजाबी बाग में पढ़ाती हैं। मनु गुलाटी टीजीटी होने के साथ-साथ अब परामर्शदाता शिक्षिका भी हैं। वे कहती हैं कि सरकारी स्कूल में जिस वर्ग से बच्चे आते हैं वो बहुत अमीर परिवारों के नहीं होते। इनके लिए अंग्रेजी को समझना थोड़ा मुश्किल होता है इसलिए बच्चों को अंग्रेजी सिखाना और आना बहुत रोचक होना चाहिए। ताकि बच्चे को उस भाषा से प्यार हो जाए। इसीलिए मैंने पढ़ाने के लिए संगीत और नृत्य का तरीका निकाला।

उनका मानना है कि पढ़ाने के लिए सृजनात्मकता जरूरी है। अगर पढ़ाने के तरीके रचनात्मक नहीं होंगे तो बच्चों के लिए शिक्षा उबाऊ बन जाएगी। मनु का अनुभव रहा है कि रचनात्मक तरीके से पढ़ाने से कक्षा में छात्राओं की उपस्थिति बढ़ी है। अपने पढ़ाने के अलग अंदाज से मनु उस छवि को भी तोड़ रही हैं जिसमें ये माना जाता था कि सरकारी स्कूल के शिक्षक पढ़ाते नहीं हैं।



बच्चों के साथ मनु गुलाटी

## संगीत और नृत्य से जुड़ते हैं बच्चे

मनु कहती हैं कि हम पहले अंग्रेजी गाने बच्चों को सुनाते हैं। इससे छात्राओं को शब्द याद होते हैं। इन्हीं को मैं नृत्य और संगीत के साथ सिखाती हूं। मेरे स्टेप्स डांस के शब्द के अनुसार होते हैं। जब यही प्रक्रिया बच्चे करते हैं तो वे उससे खुद को जोड़ पाते हैं और वो शब्द उन्हें याद रहते हैं। मनु का मानना है कि नंबर ही तरीका नहीं है ये देखने का कि किस बच्चे ने कितना सीखा। मेरे लिए जरूरी है कि जो भी मैं अपने बच्चे को करवा रही हूं उसमें मेरे बच्चे को आत्मविश्वास आए।

## माहवारी की भ्रांतियों को तोड़ा

मनु जेंडर के मुद्दों पर भी काम करती हैं। वे कहती हैं कि लड़कियां घरों में अधिक रहती हैं इस वजह से उन्हें मालूम नहीं होता कि अगर बैंक जाएं तो कैसे लेन-देन करें या माहवारी को लेकर उनके अंदर बहुत से भ्रामक तथ्य होते हैं। इन सभी भ्रांतियों को तोड़ने का काम हम करते हैं। वे कहती हैं कि बच्चों के समग्र विकास के लिए जरूरी है कि उनमें किसी भी काम को करने के लिए आत्मविश्वास पैदा हो। जब बच्चे संगीत और नृत्य के माध्यम से सीखते हैं तो उनकी झिझक हटती है।

## शिक्षक भी लगातार सीखें

वे कहती हैं कि विद्यार्थी के जीवन में शिक्षक सभी भूमिकाएं निभाता है। वो मां, बहन, दोस्त, पिता कुछ भी हो सकता है। बच्चे बहुत संघर्ष से निकल रहे हैं। अगर कोई लड़की किसी समस्या से गुजर रही है तो हम उसके साथ बैठें और बात करें। मैं भावुक और सामाजिक मुद्दों पर बात करने में विश्वास करती हूं। जिंदगी में नंबर ज्यादा या कम मायने नहीं रखता बल्कि मायने ये रखता है कि मेरा बच्चा खुश रहे। वे कहती हैं कि सीखना केवल विद्यार्थी को नहीं है बल्कि शिक्षकों को भी लगातार सीखते रहना चाहिए। शिक्षक विद्यार्थी तो हर पल होना ही चाहिए। तभी बच्चों को कुछ नया मिल पाएगा।

बदलाव

'टीचर इनोवेटर ऑफ द इयर 2018' और 'ग्लोबल टीचर प्राइज' की दौड़ में शामिल रहीं आरती कानूनगो गवर्नमेंट गर्ल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल, स्कूल ब्लॉक, शकरपुर में पढ़ाती हैं। उनका मानना है कि पढ़ाने के रचनात्मक तरीके (इनोवेशन) और शिक्षक दोनों साथ-साथ चलते हैं। सरकारी स्कूलों में एक कक्षा में 50 से 60 बच्चे होते हैं। उनका किसी बात को समझने का स्तर भी अलग होता है। कोई किसी बात को बहुत आसानी से समझ लेता है तो किसी को कोई बात समझाने के लिए नए तरीके अपनाने पड़ते हैं और वही नए तरीके उस समय के लिए किसी शिक्षक के लिए रचनात्मकता होती है।

## खेल-खेल में सिखाती हूं अंग्रेजी

अंग्रेजी की शिक्षिका आरती का कहना है कि मैं बच्चों को नाटक, कहानी, आर्ट एंड क्राफ्ट, कविता, संगीत आदि कई ऐसे तरीके हैं जिनसे उन्हें पढ़ाती हूं। वे कहती हैं कि किसी भी भाषा को सीखने का पहला तरीका होता है उसे सुनना। जब बच्चे सुनते हैं तो उनके लिए भाषा का अजनबीपन खत्म होता है। मैंने कई सारे खेल इजात किए जिनसे बच्चों को पढ़ाती हूं। आरती का कहना है कि जब शिक्षक किसी योजना के साथ कक्षा में जाएंगे तभी वे उसे कर पाएंगे। पढ़ाने के ऐसे तरीके ही रचनात्मकता कहलाते हैं।

## छात्राओं को किया जागरूक

आरती पढ़ाने के अलावा छात्राओं को जागरूक करने का भी काम करती हैं। वे कहती हैं कि जब उन्होंने इस स्कूल में पढ़ाना शुरू किया था तब लड़कियां अक्सर अपने माहवारी के दिनों में छुट्टी कर लेती थीं। इस वजह से उनकी कक्षा में उपस्थिति कम हो जाती थी। उस वक्त ये जरूरी था कि छात्राओं को पहले स्कूल में लाया जाए। जब मैंने अपने पढ़ाने के तरीकों को कुछ अलग किया और जब लड़कियों को समझाया कि माहवारी आपके उनके लिए कोई मुसीबत नहीं है बल्कि सामान्य जीवन के लिए बहुत जरूरी है। तब उन्हें और ज्यादा समझाने की जरूरत नहीं पड़ी, वे खुद कक्षा में आने लगीं। आरती का कहना है कि शिक्षक और अभिभावक बच्चों को अच्छे नंबर लाने के लिए प्रोत्साहित करते हैं लेकिन ज्ञान प्राप्त करने के लिए नहीं। पर हमें ये समझना होगा कि अगर बच्चा ज्ञान प्राप्त करेगा तो नंबर भी अच्छे लाएगा। हमारा पहला फोकस होता है कि बच्चा अच्छे से किसी भी बात को समझे। वे कहती हैं कि बच्चों के समग्र विकास के लिए शिक्षकों का सृजनात्मक होना बहुत जरूरी है। जब शिक्षक खुद नए प्रयास करते हैं तब बच्चे भी मेहनत करते हैं।



आरती कानूनगो

# सफलता पाने के लिए इन बातों को ध्यान में रखिए

परामर्श

**ह**र व्यक्ति अपने जीवन में सफल होना चाहता है। प्रत्येक व्यक्ति का सफलता का अपना पैमाना होता है। कोई बहुत धन कमाना चाहता है तो कोई शक्तिशाली कुर्सी तक पहुंचना चाहता है। वहीं, कुछ लोग अपने जीवन के माध्यम से दुनिया को कुछ सकारात्मक देना ही अपनी सफलता मानते हैं। किसी भी तरह की सफलता बहुत मेहनत, लगन और आत्मविश्वास से प्राप्त की जाती है। अधिकतर सफल लोगों के अंदर कुछ चीजें या आदतें एक जैसी होती हैं। आप भी इनको अपनाकर सफलता की सीढ़ी पर चढ़ सकते हैं।

**बड़ा सोचें :** अपनी सोच को हमेशा बड़ा रखें। बड़े विचार रखने वाले लोग ही सफल होते हैं। किसी ने कहा है कि बड़ा लक्ष्य तय करने से अधिक खतरनाक होता है, छोटा लक्ष्य तय करना। जब लक्ष्य ही छोटा होगा तो हमारे प्रयास भी छोटे होंगे। बड़े प्रयासों के लिए बड़े लक्ष्य के साथ बड़ी सोच भी जरूरी है।

**काम और जीवन के बीच संतुलन बनाएं :** अपने काम और व्यक्तिगत जीवन में संतुलन बनाकर रखने वाले लोग ज्यादा सफल होते हैं। आपका काम बहुत जरूरी है लेकिन उससे ज्यादा आवश्यक है आपकी सेहत, दिमाग की शांति, घरवालों का प्यार, दोस्तों का अपनापन आदि। इनके बिना कोई व्यक्ति सफलता के बारे में सोच भी नहीं सकता है।

**जो पसंद है, वही करें :** दुनिया के अधिकतर लोग आजीविका कमाने के लिए वह काम नहीं करते जिससे वह पसंद करते हैं। कुछ लोग तो जिस काम को पसंद नहीं करते हैं, वही कर रहे होते हैं। लेकिन सफल होने के लिए जरूरी है कि आप वही काम करें जिसे पसंद करते हैं। सबसे पहले अपनी पसंद को पहचाने और कोशिश करें कि उसी के माध्यम से अपनी आजीविका कमाएं। इससे आपको सफल होने में अधिक समय नहीं लगेगा।



**विफलता से घबराएं नहीं :** सफलता और विफलता एक सिक्के के दो पहलु हैं। इसलिए सफलता पाने के लिए विफलता को गहराई से समझने की आवश्यकता है। अगर आपके जीवन में विफलता आए तो घबराने की बजाए उससे सीख लें। कहते हैं विफलता से अच्छा शिक्षक और कोई नहीं हो सकता है।

**नए विचारों को अपनाएं :** कई बार लोग नए विचारों को अपनाने से घबराते हैं। सफलता की राह में यह एक बड़ा रोड़ा है। हमेशा नए विचारों को सुनने, समझने और जो बेहतर लगें उन्हें अपनाने को तैयार रहना चाहिए। नए विचार हमारी सफलता की राह को कई बार आसान भी बनाते हैं। क्योंकि सफल लोग चीजों को अलग तरह से करने के लिए जाने जाते हैं।

**अपनी क्षमता पर भरोसा रखें :** सफलता पाने के लिए यह महत्त्वपूर्ण है कि आप अपनी क्षमता पर पूरा भरोसा रखें। यदि आप ऐसा नहीं करेंगे तो अन्य लोग भी आप पर विश्वास नहीं कर पाएंगे और फिर सफलता आपके हाथों से फिसल सकती है। अपनी क्षमता पर विश्वास रखते हुए, पूरी लगन और मेहनत से अपने लक्ष्य की प्राप्ति में लग जाएं। ऐसे में सफलता आपसे अधिक दूर नहीं रहेगी।

**कड़ी मेहनत के लिए रहें तैयार :** सफलता कभी भी आसान रास्तों पर चलकर प्राप्त नहीं की जा सकती है। इसके लिए मेहनत सबसे जरूरी सामग्री है। इस सामग्री के बिना दुनिया में कोई भी व्यक्ति सफलता का स्वाद नहीं चख सकता है। कई बार आपको अपनी सोच से भी ज्यादा मेहनत करनी होती है और उसी के बाद सफलता का मीठा फल प्राप्त होता है।

युवा शक्ति डेस्क

# नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र में है उज्ज्वल भविष्य

सुशील राघव

**किसी देश का विकास और उसकी उन्नति बहुत हद तक ऊर्जा क्षेत्र पर निर्भर करती है। विभिन्न प्रकार की ऊर्जा की उपलब्धता देश के विकास को तेज गति प्रदान करती है। लेकिन बढ़ते प्रदूषण और घटते जीवाश्म ईंधन को देखते हुए पूरी दुनिया की निर्भरता नवीकरणीय या अक्षय ऊर्जा पर निरंतर बढ़ रही है। यही वजह है कि इस क्षेत्र में नौकरियों की भरमार है। 2017 में भारत दुनिया के उन छह देशों में शामिल था जिन्होंने अक्षय ऊर्जा के क्षेत्र में 70 फीसद नौकरियां दी थीं। अंतरराष्ट्रीय अक्षय ऊर्जा एजंसी (एआरईए) के मुताबिक, 2017 में भारत में सात लाख से अधिक नौकरियां इस क्षेत्र में युवाओं को मिली थीं। सौर ऊर्जा, पवन ऊर्जा और समुद्री ऊर्जा के उपयोग की वजह से इस क्षेत्र में रोजगार की अपार संभावनाएं हैं।**

### योग्यता

नवीकरणीय या अक्षय ऊर्जा के क्षेत्र में बीवोक से लेकर पीजी डिप्लोमा, बीटेक, एमटेक, एमएससी, एमफिल और पीएचडी तक पाठ्यक्रम उपलब्ध हैं। जहां तक बीटेक में दाखिले का सवाल है जो इसके लिए विद्यार्थियों को विज्ञान विषयों में 12वीं पास होना चाहिए। इसके अलावा जेईई मेन में भी पास होना आवश्यक है। यदि आइआइटी में दाखिला लेना है तो उसके लिए जेईई एडवांस्ड में पास होना जरूरी है। एमटेक या एमएससी में प्रवेश के लिए बीटेक की डिग्री होना अनिवार्य है। वहीं, बीवोक में दाखिले के लिए विद्यार्थियों को 12वीं में विज्ञान विषयों के साथ पास होना अनिवार्य है।



अवसर

### संस्थान

- जामिया मिल्लिया इस्लामिया, दिल्ली
- पुणे विश्वविद्यालय, पुणे
- भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, दिल्ली
- भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, मुंबई
- भारतीय स्किल डेवलपमेंट यूनिवर्सिटी, जयपुर
- तेजपुर विश्वविद्यालय, तेजपुर
- राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान, तिरुचिरापल्ली
- राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, भोपाल
- अन्नामलाई विश्वविद्यालय, चेन्नई
- हैदराबाद विश्वविद्यालय, हैदराबाद

### वेतनमान

स्नातक पाठ्यक्रम करने के बाद इस क्षेत्र में 20 से 25 हजार रुपए की नौकरी आसानी से मिल जाती है। वहीं, एमटेक या एमएससी करने वाले विद्यार्थियों को 40 से 45 हजार रुपए नौकरी मिल जाती है। मजदूर सांख्यिकी ब्यूरो की रिपोर्ट के मुताबिक नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र के पेशेवरों के वेतन में 2017 से 2025 तक 15 से 20 फीसद सालाना तक की बढ़ोतरी की संभावना है। युवा अपना व्यवसाय भी शुरू कर सकते हैं।

### पाठ्यक्रम

- एमएससी (नवीकरणीय ऊर्जा) • एमटेक (ऊर्जा अध्ययन)
- एमटेक (ऊर्जा एवं पर्यावरण प्रबंधन) • एमटेक (ऊर्जा तकनीक)
- एमटेक (ऊर्जा विज्ञान एवं इंजीनियरिंग) • एमटेक (ऊर्जा इंजीनियरिंग)
- एमटेक (अक्षय ऊर्जा इंजीनियरिंग एवं प्रबंधन) • एमफिल (ऊर्जा)
- एमई (ऊर्जा इंजीनियरिंग) • पीजी डिप्लोमा (ऊर्जा प्रबंधन)
- एमवोक (अक्षय ऊर्जा तकनीक) • बीवोक (अक्षय ऊर्जा तकनीक)

### नौकरी के विकल्प

- ऊर्जा इंजीनियर • ऊर्जा परीक्षक
- पीवी तंत्र स्थापनाकर्ता
- सौर उष्ण तंत्र स्थापनाकर्ता
- नवीकरणीय ऊर्जा बिक्री प्रतिनिधि
- सिस्टम इंजीनियर • एप्लीकेशन इंजीनियर
- प्रोजेक्ट इंजीनियर



भारत में नवीकरणीय ऊर्जा का क्षेत्र तेजी से बढ़ रहा है। देश में सौर ऊर्जा, पवन ऊर्जा और समुद्री ऊर्जा के क्षेत्र में बड़े-बड़े प्रोजेक्ट शुरू हो रहे हैं। इससे रोजगार भी तेजी से बढ़ रहा है। अगले कुछ सालों में इस क्षेत्र में लाखों की संख्या में नौकरियां उपलब्ध होंगी। जो विद्यार्थी आज इस क्षेत्र में पढ़ाई करेंगे उनका भविष्य पूरी तरह से सुरक्षित रहेगा।
– ब्रिगेडियर (डॉक्टर) एसएस पाब्ला, कुलपति, बीएसडीयू

## सूचनापट्ट

### दाखिले

**एसओएल, दिल्ली**

दिल्ली विश्वविद्यालय से संबद्ध स्कूल ऑफ ओपन लर्निंग (एसओएल) में स्नातक पाठ्यक्रमों की दाखिला प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। यहां पढ़ाने जाने वाले पांच पाठ्यक्रमों बीए प्रोग्राम, बीकॉम, बीकॉम ऑनर्स, बीए ऑनर्स राजनीतिक शास्त्र और बीए ऑनर्स अंग्रेजी में दाखिला लेने के लिए ऑनलाइन आवेदन करना होगा। आवेदकों को शुल्क का ऑनलाइन भुगतान करना होगा। इसके बाद एसओएल का पहचानपत्र ऑनलाइन ही प्रिंट किया जा सकेगा। विद्यार्थियों को विलंब शुल्क के रूप में 200 रुपए अतिरिक्त देने होंगे।

**अंतिम तिथि : 31 अगस्त, 2019**

**इग्नू, दिल्ली**

इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू) में जुलाई सत्र के लिए 150 से अधिक पाठ्यक्रमों के लिए दाखिले के लिए पंजीकरण शुरू हो गए हैं। इनमें सर्टिफिकेट से लेकर स्नातक, स्नातकोत्तर और स्नातकोत्तर डिप्लोमा शामिल हैं। अधिकतर पाठ्यक्रमों के लिए ऑनलाइन आवेदन करना है लेकिन कुछ पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए सिर्फ ऑफलाइन ही आवेदन किया जा सकेगा। सर्टिफिकेट पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए 15 जुलाई तक पंजीकरण किया जा सकता है। विश्वविद्यालय के मुताबिक सभी पाठ्यक्रमों की संपूर्ण जानकारी इग्नू की वेबसाइट पर मौजूद है।

**अंतिम तिथि : 31 अगस्त, 2019**

**जामिया दूरस्थ, दिल्ली**

जामिया मिल्लिया इस्लामिया के दूरस्थ और मुक्त शिक्षा केंद्र में विभिन्न पाठ्यक्रमों के लिए दाखिले शुरू हो गए हैं। इस केंद्र में बीए, बीबीए, बीकॉम, बीकॉम (अंतरराष्ट्रीय व्यापार एवं वित्त), बीएड, एमकॉम, एमए, एमए हिंदी, एमए अंग्रेजी, एमए शिक्षा, एमए इतिहास, एमए मानव संसाधन प्रबंधन, एमए लोक प्रशासन, एमए राजनीतिक विज्ञान, एमए समाजशास्त्र और एमबीए पाठ्यक्रमों में दाखिले हो रहे हैं। इसके अलावा कुछ डिप्लोमा और सर्टिफिकेट में भी प्रवेश लिया जा सकता है। बीएड और एमबीए में आवेदन 22 जुलाई तक ही किए जा सकते हैं। एमबीए की प्रवेश परीक्षा तीन अगस्त को और बीएड की प्रवेश परीक्षा चार अगस्त को आयोजित की जाएगी। केंद्र की ओर से एमबीए और बीएड को छोड़कर बाकी सभी पाठ्यक्रमों में आवेदन के साथ ही दाखिले की सुविधा उपलब्ध कराई गई है।

**अंतिम तिथि : 31 अगस्त, 2019**

### योग्यता परीक्षा

**सीटेट-दिसंबर 2019**

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) की ओर से आयोजित केंद्रीय अध्यापक पात्रता परीक्षा (सीटेट) का आयोजन 8 दिसंबर को होगा। पहला पेपर सुबह साढ़े नौ बजे से लकर दोपहर बारह बजे तक और दूसरा पेपर दोपहर दो बजे से शाम चार बजे तक आयोजित होगा। पहला पेपर पहली से पांचवीं तक के बच्चों को पढ़ाने के लिए जबकि दूसरा पेपर कक्षा छह से आठ तक के बच्चों को पढ़ाने के लिए पास करना आवश्यक है। इसके लिए ऑनलाइन आवेदन शुरू हो चुके हैं। उम्मीदवार सीटेट की वेबसाइट के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। सामान्य और ओबीसी वर्ग के उम्मीदवारों को दोनों में से किसी एक पेपर के लिए आवेदन करने पर शुल्क के रूप में 700 रुपए का भुगतान करना होगा। वहीं, सामान्य और ओबीसी वर्ग के उम्मीदवारों को दोनों पेपरों के लिए आवेदन शुल्क के रूप में 1200 रुपए देने होंगे।

**अंतिम तिथि : 18 सितंबर, 2019**

### योग्यता परीक्षा

**कैट-2019**

भारतीय प्रबंधन संस्थानों (आइआइएम) के स्नातकोत्तर, पीजी डिप्लोमा और शोध पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए 24 नवंबर 2019 को संयुक्त प्रवेश परीक्षा (कैट-2019) का आयोजन किया जाएगा। यह परीक्षा दो पालियों में आयोजित होगी। कैट के लिए ऑनलाइन पंजीकरण 7 अगस्त से शुरू होंगे। अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और दिव्यांग उम्मीदवारों को पंजीकरण शुल्क के रूप में 950 रुपए और अन्य सभी उम्मीदवारों को 1900 रुपए का भुगतान करना होगा। उम्मीदवार परीक्षा के लिए अपने प्रवेश पत्र 23 अक्तूबर 2019 से डाउनलोड किए जा सकेंगे। यह परीक्षा देश के 156 शहरों में आयोजित होगी।

**अंतिम तिथि : 18 सितंबर, 2019**

# विधायकों के लिए आचार संहिता तैयार करेगी विधानसभा अध्यक्षों की समितियां

## नवंबर में देहरादून में होने वाली पीठासीन अधिकारियों की बैठक में रिपोर्ट पेश करेंगी

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली,28 अगस्त।

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने राज्य विधान मंडलों के कामकाज को सुव्यवस्थित, कागजमुक्त बनाने, आचार संहिता बनाने एवं कार्यवाही में व्यवधान को समाप्त करने जैसे विषयों पर राज्यों के विधानसभा अध्यक्षों की दो समितियां गठित करने की घोषणा की। ये समितियां इस साल नवंबर में देहरादून (उत्तराखंड) में होने वाले पीठासीन अधिकारियों की बैठक में अपनी रिपोर्ट पेश करेगी। उन्होंने बुधवार को संसदीय सौध में आयोजित राष्ट्रमंडल संसदीय संघ (सीपीए) भारत क्षेत्र की कार्यकारी समिति और भारत में विधायी निकायों के पीठासीन अधिकारियों की बैठकों की अध्यक्षता की।

दोनों बैठकों के समाप्त होने के बाद मीडिया के लोगों से बात करते हुए बिरला ने कहा कि भारत में विधायी निकायों के तीस (30) पीठासीन अधिकारियों ने आज की बैठक में विचार-विमर्श किया और इस दौरान विभिन्न विषयों पर सार्थक चर्चाएं हुईं। सभी पीठासीन अधिकारियों की यह आम राय थी कि संसद और राज्य विधानमंडल जनता के प्रति जवाबदेह हैं तथा अलग-अलग क्षेत्रों से जुड़े मामलों पर सभा में सार्थक चर्चा और विचार- विमर्श होना चाहिए। उन्होंने जानकारी दी कि राज्य विधानमंडलों की बैठकों की सख्या बढ़ाने के साथ-साथ विधायी कार्य की उपयोगिता बढ़ाने को लेकर पीठासीन अधिकारियों के बीच आम राय थी। यह भी महसूस किया गया कि कानूनों को पारित करने के लिए विधानमंडलों में व्यापक और स्वस्थ चर्चा की आवश्यकता है और सभा को बिना किसी व्यवधान के अपना कार्य करने की जरूरत है। संवाददाता सम्मेलन में उनके साथ बिहार, उत्तर प्रदेश, राजस्थान आदि के विधान सभा अध्यक्ष भी मौजूद थे।

बिरला ने यह बताया कि पीठासीन अधिकारियों के बीच बनी आम सहमति को देखते हुए व्यवधानों पर रोक लगाने के लिए विधायी निकायों के लिए समान आचार संहिता बनाई जाएगी। इसके लिए पीठासीन अधिकारियों की एक समिति बनाई जाएगी जो विधान सभाओं के अध्यक्षों और विधान परिषदों के सभापतियों के साथ परामर्श कर- के देहरादून में होने वाले अगले सम्मेलन में अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करेगी।

इस बैठक में डिजिटल सुविधाएं, कागजमुक्त कामकाज के कई सुझाव आए। उन्होंने कहा कि हर विधानसभा की प्रक्रिया अलग अलग है, ऐसे में डिजिटल प्लेटफार्म ई सेवा युक्त पद्धति से व्यवस्था को समावेशी बनाया जाएगा। इस विषय पर विचार करने के लिए विधानसभा अध्यक्षों की एक समिति बनाई जाएगी जो इस पर रिपोर्ट तैयार करेगी।

बिरला ने कहा कि बैठक में सभी का मत था कुशलता से कम खर्च में बिना व्यवधान के सत्र अधिकतम चले। इस विषय पर भी एक कार्य निष्पादन रिपोर्ट तैयार करने पर सहमति बनी है। उन्होंने कहा कि संसद एवं राज्य विधान मंडलों में अच्छे शोध के माध्यम से कार्य कुशलता को बढ़ा सकते हैं।

उन्होंने कहा कि बैठक के विचारों में से कुछ बातों पर तो विधानसभाओं में नियमों के माध्यम से अमल किया जा सकता है । कुछ विषयों पर केंद्र सरकार से और कुछ बातों पर राज्य सरकारों से विचार विमर्श करना होगा।

उन्होंने जोर दिया कि नारेबाजी करना और आसन के समक्ष आकर हंगामा करना अभिव्यक्ति नहीं है बल्कि निर्बाध रूप से चर्चा हो और अच्छे ढंग से बात रखना जरूरी है।

# येचुरी को सुप्रीम कोर्ट से कश्मीर जाने की इजाजत मिली

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 28 अगस्त।

सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को माकपा नेता सीताराम येचुरी को जम्मू-कश्मीर जाकर अपनी पार्टी के सहयोगी और पूर्व विधायक मोहम्मद यूसुफ तारिगामी से मुलाकात की अनुमति दे दी। अदालत ने केंद्र के इस तर्क को दरकिनार कर दिया कि इससे राज्य में हालात और बिगड़ सकते हैं। प्रधान न्यायाधीश रंजन गोगोई, न्यायमूर्ति एसए बोबडे और न्यायमूर्ति एस अब्दुल नजीर के पीठ ने सरकार के दावे को दरकिनार करते हुए सवाल किया, 'आपको क्या दिक्कत हो सकती है यदि देश का कोई नागरिक वहां जाना चाहता है और अपने मित्र व पार्टी सहयोगी से मिलना चाहता है।'

पीठ ने कहा, 'यदि कोई नागरिक देश के किसी हिस्से में जाना चाहता है तो उसे वहां जाने का हक है।' केंद्र की ओर से महान्यायवादी तुषार मेहता ने माकपा नेता सीताराम येचुरी की घाटी यात्रा का विरोध करते हुए कहा कि इससे वहां के हालात खराब हो सकते हैं। वहां हालात सामान्य हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि वामपंथी नेता की प्रस्तावित यात्रा राजनीतिक लगती है।

शीर्ष अदालत ने स्पष्ट किया कि सीताराम येचुरी को सिर्फ अपनी पार्टी के सहयोगी से मिलने के लिए जम्मू-कश्मीर जाने की अनुमति दी जा रही है और यदि यह पता चला कि वे किसी दूसरी तरह की गतिविधियों में संलिप्त हो रहे हैं, तो इसे अदालत के आदेश का उल्लंघन माना जाएगा। येचुरी की ओर से वरिष्ठ वकील राजू रामचंद्रन ने कहा कि वे लिखित में यह आश्वासन देने के लिए तैयार हैं कि वे तारिगामी से मिलने और उनका कुशल क्षेम मालूम करने के अलावा किसी अन्य तरह की गतिविधि में संलिप्त नहीं होंगे।

रामचंद्रन ने कहा कि तारिगामी जम्मू-कश्मीर विधानसभा के चार बार विधायक रह चुके हैं और उनकी चार अगस्त को अंतिम बार येचुरी से फोन पर बात हुई थी। जिसमें उन्होंने कहा था कि उनका स्वास्थ्य खराब है। रामचंद्रन ने कहा, 'मैं (येचुरी) पार्टी का महासचिव हूं। वह (तारिगामी) चार बार के हमारी पार्टी के विधायक हैं। मैं उन्हें लेकर चिंतित हूं।' पीठ ने जब यह कहा कि वह येचुरी को तारिगामी से मिलने के लिए जम्मू- कश्मीर जाने की अनुमति देगी तो रामचंद्रन ने कहा, 'मैं(येचुरी) पहले भी गया था। उन्होंने (प्रशासन) मुझे हवाईअड्डे से बाहर जाने की अनुमति नहीं दी।'

# राहुल ने कुर्सी छोड़ी लेकिन ज्यादातर नेता नहीं हटे

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 28 अगस्त।

कांग्रेस में केवल अध्यक्ष बदला है जबकि पार्टी को चलाने वाले बाकी तमाम नेता अपनी-अपनी कुर्सी से पूरी शिद्दत से चिपके हुए हैं। लोकसभा में करारी शिकस्त के मद्देनजर राहुल गांधी ने तो पार्टी अध्यक्ष पद छोड़ दिया लेकिन उनकी टीम के किसी नेता ने पद छोड़ना जरूरी नहीं समझा। अध्यक्ष पद पर उनकी ताजपोशी से लेकर उनकी विदाई तक साए की तरह उनसे चिपके रहने वाले उनकी युवा टीम के चमकते चेहरे अब भी बाकायदा अपनी कुर्सी पर डटे हुए हैं। पार्टी की कमान अब सोनिया गांधी के हाथों में आ गई है लेकिन बाकी कुछ भी बदलता हुआ नहीं दिखाई दे रहा है। वरिष्ठ से लेकर नौजवान तक कोई भी कांग्रेसी नेता पद छोड़ने को तैयार नहीं दिखता। ऐसे में सियासी गलियारों में यह सवाल पूछा जा रहा है कि टीम को बदले बगैर, महज अध्यक्ष बदल लेने से कांग्रेस के भाग्य बहुर जाएंगे?

लोकसभा चुनाव परिणाम आने के बाद 25 मई को हुई कांग्रेस कार्यसमिति की बैठक में राहुल गांधी ने अपने इस्तीफे की पेशकश तो की ही, बताते हैं कि चुनावी हार के बावजूद पार्टी के वरिष्ठ नेताओं के कुर्सी से चिपके रहने को लेकर राहुल ने अपनी नाराजगी जताने में भी संकोच नहीं किया। पार्टी हित के परे जाकर अपने बेटों के चुनावी टिकट के लिए पार्टी छोड़ने की धमकी देने वाले नेताओं के नाम भी उन्होंने बता दिए। लेकिन गांधी की इस बेबाकी के बावजूद किसी भी नेता ने चुनावी हार की जिम्मेदारी लेना जरूरी नहीं समझा। राहुल गांधी की युवा टीम के अहम चेहरों में कांग्रेस के मीडिया विभाग के प्रभारी रणदीप सिंह सुरजेवाला एक खास नाम हैं। सूत्रों की मानें तो महत्वपूर्ण मामलों में राहुल हमेशा सुरजेवाला की राय को तवज्जो देते आए हैं और सुरजेवाला ने भी जींद उपचुनाव में ताल ठोक कर यह साबित करने की कोशिश की कि पार्टी के लिए वे हर जगह खड़े होने को तैयार हैं। लेकिन लोकसभा की चुनावी हार के बाद सुरजेवाला अब भी अपने पद पर बने हुए हैं। पार्टी ने उनकी भूमिका में कोई तब्दीली नहीं की है।

इसी प्रकार राहुल गांधी के जमाने में जनार्दन द्विवेदी की जगह संगठन महासचिव बनाए गए के सी वेणुगोपाल लोकसभा चुनाव के समय भी बेहद महत्वपूर्ण भूमिका में थे और राहुल के इस्तीफा देने के बाद और भी ज्यादा महत्वपूर्ण हो गए। सोनिया गांधी के अध्यक्ष बनने तक सामने रहकर पार्टी संगठन को चलाने का काम उन्होंने ही किया। अब सोनिया गांधी के आ जाने के बाद भी उनकी कुर्सी नहीं बदली है। संगठन महासचिव के तौर पर वे अपना काम देख रहे हैं।

कांग्रेस के पूर्व सांसद ज्योतिरादित्य सिंधिया भी राहुल गांधी के बेहद करीबी नेताओं में शुमार किए जाते रहे। कहते हैं कि यदि राहुल की चली होती तो कमलनाथ की जगह सिंधिया को ही मध्य प्रदेश का मुख्यमंत्री बनाया गया होता। कांग्रेस में उनके कद व हैसियत का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि उत्तर प्रदेश में सपा-बसपा द्वारा गठबंधन से कांग्रेस को दूर रखने के फैसले के बाद राहुल गांधी ने प्रियंका गांधी के साथ उनको पार्टी महासचिव बनाया और पश्चिमी उत्तर प्रदेश का प्रभार सौंपा। लोकसभा की चुनावी हार के बाद सिंधिया ने अपना पद तो त्याग दिया लेकिन अब सोनिया गांधी की अध्यक्षता वाली कांग्रेस में भी उनको उतना ही वजन हासिल है। उनको महाराष्ट्र सरीखे महत्वपूर्ण चुनावी राज्य की उम्मीदवार चयन समिति का अध्यक्ष बनाया गया है। दिव्या स्पंदना को कांग्रेस के सोशल मीडिया की जिम्मेदारी सौंपे जाने से पहले रोहतक के पूर्व सांसद दीपेन्द्र हुड्डा यह काम देख रहे थे। राहुल की टीम का हिस्सा बताए जाने वाले दीपेन्द्र बहुत कम वोटों से लोकसभा का चुनाव हार गए। लेकिन पार्टी में उनकी अहमियत पहले की तरह ही कायम है और अब उनको हरियाणा कांग्रेस में महत्वपूर्ण जिम्मेदारी दिए जाने की तैयारी है। इसी प्रकार दिव्या स्पंदना के पद छोड़ने के बाद कांग्रेस का सोशल मीडिया संभालने वाले निखिल अल्वा भी अब भी अपनी भूमिका में डटे हुए हैं।

राहुल गांधी के करीबी माने जाने वाले के राजू अब भी पार्टी में अहम रोल निभा रहे हैं और अब भी उनकी गिनती राहुल गांधी के खास सिपहसलारों में की जाती है। राष्ट्रीय युवा कांग्रेस के अध्यक्ष पद से केशव यादव हट गए लेकिन बाकी पूरी टीम जस की तस है। यही हाल लगभग अन्य तमाम संगठनों का भी है। ऐसे में पार्टी जानकारों का कहना है कि यह मानना गलत होगा कि केवल राहुल के अध्यक्ष पद छोड़ देने भर से कांग्रेस बदल जाएगी।

## भाजपा हुई हमलावर, माफी की मांग

पेज 1 का बाकी

लोगों का गुस्सा सामने आया तो राहुल गांधी को अपने बयान से यू-टर्न लेना पड़ा।

दरअसल, रविवार को राहुल गांधी के एक ट्वीट को आधार बनाकर पाकिस्तान ने संयुक्त राष्ट्र (यूएन) को चिट्ठी लिखी। पाकिस्तान की मानवाधिकार मंत्री शिरीन मजारी ने अपने पत्र में दावा किया, 'अनुच्छेद 370 हटाए जाने के बाद राहुल गांधी ने जम्मू-कश्मीर में लोगों की मौत का जिक्र किया था।' राहुल गांधी ने अपने ट्वीट में कहा था, 'जम्मू-कश्मीर के लोगों की स्वतंत्रता और नागरिक आजादी पर अंकुश लगाए हुए 20 दिन हो गए हैं। विपक्ष और मीडिया को तब जम्मू-कश्मीर के लोगों पर किए जा रहे कठोर बल प्रयोग और प्रशासनिक क्रूरता का अहसास हुआ, जब उन्होंने शनिवार को श्रीनगर का दौरा करने की कोशिश की।' पाकिस्तानी मीडिया ने राहुल गांधी के इस ट्वीट और बयान को प्रमुखता से प्रकाशित किया। इसके बाद शिरीन मजारी ने कहा, 'भारत के मुख्यधारा के राजनेताओं जैसे कांग्रेस पार्टी के नेता राहुल गांधी ने स्वीकार किया था कि जम्मू-कश्मीर में लोग मर रहे हैं। वहां (कश्मीर) बहुत गलत हो रहा है।' इसके बाद मजारी ने संयुक्त राष्ट्र को इसका ब्योरा देते हुए पत्र लिखा। इसके बाद बुधवार को राहुल गांधी ने कश्मीर में हिंसा भड़काने व आतंकवाद का समर्थन करने को लेकर पाकिस्तान पर करारा हमला बोला। गांधी ने दो टूक कहा कि कई मुद्दों पर केंद्र की राजग सरकार से असहमत होने के बावजूद वह यह स्पष्ट करना चाहते हैं कि जम्मू-कश्मीर भारत का आंतरिक मामला है और पाकिस्तान या कोई दूसरा देश इसमें दखल नहीं दे सकता।

## कोयला खनन में 100 फीसद एफडीआइ को केंद्र सरकार की मंजूरी

पेज 1 का बाकी

की 45 हजार सीटें बढ़ाई गई हैं। पिछले पांच साल में 82 मेडिकल कॉलेज मंजूर किए गए और अब अगले तीन साल में 75 नए मेडिकल कॉलेज खोले जाएंगे।

जावडेकर ने बताया कि गन्ना किसानों को 60 लाख मीट्रिक टन शक्कर निर्यात करने के लिए निर्यात पर छूट देने का फैसला लिया गया है। 6,268 करोड़ रुपए की छूट दी जाएगी। यह राशि सीधे किसान के खाते में जाएगी। इससे लाखों गन्ना किसान लाभान्वित होंगे। उन्होंने बताया कि देश में 162 लाख मीट्रिक टन शक्कर का सरप्लस स्टॉक है। इसमें से 40 लाख मीट्रिक टन बफर स्टॉक में रखा गया है।

केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने बताया कि बैठक में एफडीआइ से जुड़े नियमों और प्रावधानों के उदारीकरण के लिए भी कई फैसले लिए गए। उन्होंने कहा कि वर्ष 2014 से 2019 के बीच 286 अरब डॉलर का रेकॉर्ड एफडीआइ भारत आया है। उसके पहले के पांच वर्षों में यह आंकड़ा 189 अरब डॉलर था। 2018-19 के अंतरिम आंकड़ों में 64 अरब डॉलर का एफडीआइ आया। एफडीआइ के उदारीकरण और लचीलेपन की दिशा में काम किया जा रहा है। भारत को निवेश का आकर्षक केंद्र बनाने के लिए यह अहम फैसले लिए गए।

# मोदी की रूस यात्रा में अहम रक्षा व परमाणु समझौते की तैयारी

पेज 1 का बाकी

370 खत्म करने का भारत सरकार का संप्रभु निर्णय है और आंतरिक मामला है। रूस ने इस मुद्दे पर संरा सुरक्षा परिषद की अनौपचारिक बैठक में भी भारत का साथ दिया था। कुदाशेव ने कहा कि भारत और रूस-दोनों पक्ष रक्षा, व्यापार, असैन्य परमाणु क्षेत्र, ऊर्जा, हाइड्रो कार्बन सहित अनेक क्षेत्रों में सहयोग को बढ़ाने के बारे में व्यापक चर्चा करेंगे। भारत स्थित रूसी दूतावास के उप प्रमुख रोमन बाबूसकिन ने कहा कि मोदी की यात्रा के दौरान मौजूदा असैन्य परमाणु सहयोग का विस्तार करने पर चर्चा होगी और दोनों देश कुडनकुलम परियोजना के तहत भारत में छह और परमाणु रिएक्टर बनाने के लिए एक सामान्य समझौते को अंतिम रूप देने के लिए काम कर रहे हैं।

बाबूसकिन ने कहा कि मोदी की यात्रा के दौरान महत्त्वपूर्ण क्षेत्रों में दोनों देशों के बीच सहयोग को बढ़ाने के लिए कई समझौतों पर हस्ताक्षर किए जाएंगे। अफगान शांति प्रक्रिया का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि भारत और ईरान दोनों अफगानिस्तान में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले देश है और नई दिल्ली ने देश के सामाजिक-आर्थिक विकास में बड़ा सहयोग किया है। कुदाशेव और बाबूसकिन ने मोदी की रूस की आगामी यात्रा से पहले मीडिया को संबोधित किया। प्रधानमंत्री मोदी ब्लादिवोस्तोक में पूर्वी आर्थिक मंच की बैठक में भी हिस्सा लेंगे। लिपक्षीय मुद्दों के अलावा दोनों देशों के बीच प्रमुख क्षेत्रीय और अंतरराष्ट्रीय मुद्दों पर चर्चा होने की उम्मीद है। रूसी राजदूत ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी और रूसी राष्ट्रपति ब्लादिमीर पुतिन के बीच शिखर बैठक के दौरान दोनों देश के मध्य आपसी सहयोग के नए आयाम पर चर्चा होगी।

## मंत्री समूह का गठन

पेज 1 का बाकी

मंत्रालय के एक अधिकारी के मुताबिक इस मंत्री समूह में कानून मंत्री रविशंकर प्रसाद, सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री थावरचंद गहलोत, कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर, मंत्री जितेंद्र सिंह और पेट्रोलियम मंत्री धर्मेंद्र प्रधान शामिल हैं।

यह समूह जम्मू कश्मीर से संबंधित मुद्दों को देखेगा। मंत्री समूह दोनों केंद्र शासित प्रदेशों में उठाए जाने वाले विभिन्न विकास, आर्थिक और सामाजिक कदमों के बारे में सुझाव देगा। मंत्री समूह की पहली बैठक सितंबर के पहले हफ्ते में होगी। जम्मू-कश्मीर को दो केंद्र शासित प्रदेश में बांटने और वहां स्थिति को सामान्य बनाने के लिए 15 केंद्रीय मंत्रालयों और विभागों के सचिवों ने बैठक की थी। दोनों प्रदेशों में संपत्ति और श्रमशक्ति के बंटवारे और विकास कार्यक्रमों को लेकर प्रमुखता से चर्चा की गई। दोनों प्रदेशों, खासकर लद्दाख क्षेत्र में जरूरी वस्तुओं के भंडारण के लिए उठाए जाने वाले कदमों पर भी चर्चा की गई।

## कराची के ऊपर तीन विमानन मार्ग बंद किए पाकिस्तान ने

पेज 1 का बाकी

मार्ग का इस्तेमाल करना होगा। प्राधिकरण ने 'नोटिस टू एअरमैन' में कहा है कि यह चार दिवसीय पाबंदी एक सितंबर को खत्म होगी।

विज्ञान व प्रौद्योगिकी मंत्री फवाद चौधरी ने मंगलवार को ट्वीट किया था कि प्रधानमंत्री इमरान खान भारत के लिए विमानन क्षेत्र पर पूर्ण पाबंदी पर गौर कर रहे हैं। पाकिस्तान के मंत्रिमंडल ने मंगलवार को भारत को उड़ान के लिए देश के विमानन क्षेत्र और अफगानिस्तान के साथ व्यापार के लिए भू-मार्ग का इस्तेमाल करने से रोकने के विचार पर चर्चा की थी। अंतिम फैसला प्रधानमंत्री इमरान खान करेंगे। पाकिस्तान ने बालाकोट में जैश-ए-मोहम्मद के आतंकवादी शिविर पर भारतीय वायुसेना के हवाई हमले के बाद फरवरी में अपना विमानन क्षेत्र पूरी तरह बंद कर दिया था। उसने नई दिल्ली, बैंकाक और क्वालालम्पुर को छोड़कर बाकी उड़ानों के लिए 27 मार्च को अपना विमान क्षेत्र खोला था।

## उत्तर प्रदेश के डीजीपी को महिला आयोग का नोटिस

पेज 1 का बाकी

डीजीपी से यह भी कहा है कि इस मामले की जल्द जांच कराई जाए और पीड़ित लड़की एवं उसके परिवार की सुरक्षा सुनिश्चित करें। महिला आयोग की ओर से जारी एक बयान में कहा गया है कि आयोग ने उन खबरों का संज्ञान लिया है, जिनके मुताबिक उत्तर प्रदेश के शाहजहांपुर में एक विधि महाविद्यालय की छात्रा ने चिन्मयानंद पर 'यौन शोषण' का आरोप लगाते हुए सोशल मीडिया में एक वीडियो पोस्ट किया और पिछले तीन दिनों से वह लापता है। आयोग ने कहा कि महिलाओं के खिलाफ बढ़ते अपराध की वह निंदा करता है और महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है। उसने कहा, 'इस मामले की गंभीरता को ध्यान में रखते हुए हम मामले का स्वतः संज्ञान ले रहे हैं। हमने उत्तर प्रदेश के डीजीपी को नोटिस जारी कर मामले की जांच कराने और विस्तृत रिपोर्ट देने को कहा है।'

# सुप्रीम कोर्ट का पांच सदस्यीय संविधान पीठ करेगा समीक्षा

पेज 1 का बाकी

इन दलीलों से असहमति व्यक्त की कि चूंकि वे न्यायालय में मौजूद हैं, इसलिए नोटिस जारी करने की जरूरत नहीं है।

पीठ ने कहा, 'हम इस मामले को पांच सदस्यीय संविधान पीठ को सौंपेंगे।' पीठ ने इस दलील को स्वीकार नहीं किया कि नोटिस जारी करने का 'सीमा पार से अप्रत्यक्ष परिणाम' होगा। अटार्नी जनरल का कहना था कि इस मामले को संविधान पीठ को सौंपते समय नोटिस जारी नहीं किया जाना चाहिए। उनका कहना था कि यहां होने वाली चर्चा को संयुक्त राष्ट्र ले जाया जाएगा। उनका इशारा संभवतः इस ओर था कि इस मामले की सुनवाई की ओर वे लोग संयुक्त राष्ट्र का ध्यान आकर्षित करेंगे जो पड़ोसी देश सहित केंद्र के इस फैसले का विरोध कर रहे हैं।

इस मुद्दे पर दोनों ही पक्षों के वकीलों में बहस के बीच ही पीठ ने कहा, 'हमें पता है कि क्या करना है, हमने आदेश पारित कर दिया है। हम इसे बदलने नहीं जा रहे।' अनुच्छेद 370 के अधिकतर प्रावधानों को रद्द करने संबंधी राष्ट्रपति के आदेश को चुनौती देने वाली पहली याचिका अधिवक्ता मनोहर लाल शर्मा ने दायर की थी। इसके बाद जम्मू कश्मीर के एक अन्य वकील शाकिर शबीर भी इसमें शामिल हो गए। जम्मू कश्मीर के एक प्रमुख राजनीतिक दल नेशनल कांफ्रेंस ने भी 10 अगस्त को राज्य की स्थिति में बदलाव को चुनौती देते हुए शीर्ष अदालत में याचिका दायर की। याचिका में दलील दी गई कि राज्य के नागरिकों के अधिकार छीन लिए गए हैं।

याचिका में कहा गया है कि संसद द्वारा पारित और बाद में राष्ट्रपति द्वारा जारी आदेश 'असंवैधानिक' है और इसे 'शून्य और अप्रभावी' घोषित करने का अनुरोध किया गया है। यह याचिका नेशनल कांफ्रेंस के लोकसभा सदस्य मोहम्म्द अकबर लोन और सेवानिवृत्त न्यायाधीश हसनैन मसूदी ने दायर की है। लोन जम्मू कश्मीर विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष हैं। हसनैन मसूदी जम्मू कश्मीर हाई कोर्ट के सेवानिवृत्त न्यायाधीश हैं जिन्होंने 2015 में अपने फैसले में कहा था कि अनुच्छेद 370 संविधान का स्थायी हिस्सा है। अन्य याचिकाओं में कुछ पूर्व रक्षा अधिकारियों और नौकरशाहों ने इस संबंध में सरकार के फैसले को चुनौती दी है। इन याचिकाओं में भी राष्ट्रपति के पांच अगस्त के आदेश को असंवैधानिक और शून्य घोषित करने का अनुरोध किया गया है। यह याचिका गृह मंत्रालय के जम्मू कश्मीर के लिए वार्ताकारों के समूह के पूर्व सदस्य प्रो. राधा कुमार, जम्मू कश्मीर काडर के पूर्व आइएएस अधिकारी हिंडाल हैदर तैयबजी, एअर वाइस मार्शल (सेवानिवृत्त) कपिल काक, मेजर जनरल (सेवानिवृत्त) अशोक कुमार मेहता, पंजाब काडर के पूर्व आईएएस अधिकारी व पूर्व केंद्रीय गृह सचिव गोपाल पिल्ले ने दायर की है।

## राज्य में देंगे 50 हजार नौकरियां : मलिक

पेज 1 का बाकी

मंत्रालय से कहा है कि ढूंढ़िए कि कश्मीर में विकास के लिए क्या-क्या हो सकता है। हर दिन मंत्रालयों की टीमें राजभवन आ रही हैं।' उन्होंने कहा कि राज्य में निवेश नहीं आ रहा था। विकास में हम पीछे रह गए थे। उन्होंने कहा कि अगले छह महीने में जम्मू-कश्मीर और लद्दाख में इतना काम होगा कि पार वाले कश्मीर (पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर) के लोग भी कहने लगेंगे कि हम उन जैसा होना चाहते हैं।

मलिक ने लोगों से अपील की है कि वे अफवाहों पर ध्यान न दें। हालात धीरे-धीरे सामान्य हो रहे हैं और जल्द ही पाबंदियों को धीरे-धीरे उठा लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि 111 में से 81 पुलिस स्टेशनों में ढील दी जा रही है। तमाम जगहों पर दिन के वक्त कोई पाबंदी नहीं है। कई जगहों पर लैंडलाइन खुल गई है। इंटरनेट खोलने में शायद थोड़ा वक्त लगे। स्कूल खुल गए हैं, जहां उपस्थिति कुछ जगहों पर अच्छी है तो कुछ जगह कम है। जम्मू के सभी 10 जिलों में मोबाइल सेवा शुरू हो गई है। लद्दाख के दो जिलों में भी मोबाइल सेवा जारी है। ट्रांसपोर्ट सही से हो रहा है, अस्पतालों में इलाज हो रहा है, सारी जरूरी दवाएं हैं। अफवाहों में न आएं।

सत्यपाल मलिक ने कहा कि ये दिक्कतें पहले भी थीं। इन दिक्कतों को 10-20 दिन भुगत लें। हमारे लिए एक-एक कश्मीरी भाई की जान महत्त्वपूर्ण है। हम नहीं चाहते कि एक भी आदमी की जान जाए। सीमा पार से आतंकवाद में 40 हजार से ज्यादा लोग मारे गए हैं। यहां अफवाहें फैलाई जा रही हैं। पाबंदियों को समझने की कोशिश करें। फोन, इंटरनेट आखिर किस काम आता है। यह आतंक फैलाने में हथियार की तरह इस्तेमाल होता है। इसलिए इंटरनेट सेवा बहाल करने में वक्त लगेगा।

उन्होंने कहा कि राहुल गांधी ने राजनीतिक नौसिखिए की तरह व्यवहार किया। संसद में उन्हीं का नेता (अधीर रंजन चौधरी) कश्मीर को अंतरराष्ट्रीय मामला बता रहा था। वहां उन्हें (राहुल गांधी) उस नेता को टोकना चाहिए था और बैठा देना चाहिए था।

# कश्मीर में मीडिया पर प्रतिबंध : केंद्र-राज्य सरकार को नोटिस

पेज 1 का बाकी

के बाद ये प्रतिबंध लगाए गए थे। प्रधान न्यायाधीश रंजन गोगोई, न्यायमूर्ति एसए बोबडे और न्यायमूर्ति एस अब्दुल नजीर के पीठ ने कश्मीर टाइम्स की कार्यकारी संपादक अनुराधा भसीन और कांग्रेस के कार्यकर्ता तहसीन पूनावाला की याचिकाओं पर ये नोटिस जारी किए। इन सभी को एक हफ्ते के भीतर नोटिस के जवाब देने हैं। इस मामले में अब एक हफ्ते बाद सुनवाई होगी।

भसीन की ओर से वकील वृंदा ग्रोवर ने कहा, इन प्रतिबंधों की वजह से सूचना के 'ब्लैक आउट' को 24 दिन हो गए हैं। भसीन ने मोबाइल इंटरनेट और लैंडलाइन सेवाओं सहित हर तरह की संचार सेवाओं को बहाल करने का निर्देश देने का अनुरोध किया है, ताकि मीडिया के लिए पेशेवर तरीके से काम करने का माहौल बन सके।

भसीन ने अपनी याचिका में कहा है कि केंद्र और जम्मू कश्मीर प्रशासन को कश्मीर व जम्मू के कुछ जिलों में पत्रकारों और मीडिया कर्मचारियों का निर्बाध आवागमन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया जाए। ताकि वे संविधान के अनुच्छेद 14, 19(1)(ए)(जी) और 21 में प्रदत्त अधिकारों के तहत अपने पेशेवर अधिकारों का इस्तेमाल कर सकें और कश्मीर घाटी के निवासियों के बारे में जानकारी प्राप्त कर सकें।

पूनावाला के वकील ने इससे पहले कहा था कि वे अनुच्छेद 370 पर कोई राय व्यक्त नहीं कर रहे हैं लेकिन चाहते हैं कि कर्फ्यू/प्रतिबंध और अन्य कठोर कदम वापस लिए जाएं। वकील ने यह भी कहा था कि लोग अपने परिवार के सदस्यों से बात करना चाहते हैं और उनका यह अधिकार है कि वे वहां के हालात में उनके ठीक होने के बारे में जानकारी प्राप्त करें।

पूनावाला ने पूर्व मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला, और महबूबा मुफ्ती जैसे नेताओं को हिरासत से रिहा करने का निर्देश देने का भी अनुरोध अदालत से किया था। इसके अलावा उन्होंने राज्य की वस्तुस्थिति का पता लगाने के लिए एक न्यायिक आयोग गठित करने का भी अनुरोध किया था।

## शाह ने कहा, पुलिस मामलों में दोषसिद्धि की दर 'बहुत ही दयनीय'

पेज 1 का बाकी

का इस्तेमाल समय की मांग है। उन्होंने कहा कि उन्होंने बीपीआरडी से राष्ट्रीय व राज्य स्तरों पर 'मॉडस आपरेंडी ब्यूरो' बनाने की योजना तैयार करने का निर्देश दिया है और यह कि सरकार उन सभी आपराधिक मामलों में फोरेंसिक सबूत को अनिवार्य बनाने पर विचार कर रही है जिनमें सात या उससे अधिक साल की कैद की सजा का प्रावधान है। गृहमंत्री ने कहा, 'दोषसिद्धि की स्थिति वाकई बहुत दयनीय है। मौजूदा समय में यह नहीं चल सकता। उसमें सुधार की जरूरत है और सुधार तभी हो सकता है जब जांच में अपराध विज्ञान साक्ष्य की मदद ली जाए।' उन्होंने कहा, 'यदि आरोपपत्र के समर्थन में अपराध विज्ञान साक्ष्य होते हैं तब न्यायाधीश और बचाव पक्ष के वकील के पास ज्यादा विकल्प नहीं होते हैं। ऐसे में अपने आप ही दोषसिद्धि की दर सुधरेगी।' पुलिस अनुसंधान व विकास ब्यूरो गृहमंत्रालय के अंतर्गत आता है जिस पर पुलिस बलों के लिए कामकाज की नीतियां तैयार करने व प्रौद्योगिकीय हल सुझाने की जिम्मेदारी है।

## उड़ी के गुरेज में पाकिस्तान के दो कमांडो मार गिराए

पेज 1 का बाकी

है। उसकी तरफ से जम्मू-कश्मीर में अशांति फैलाने की कोशिशें लगातार जारी हैं और भारतीय सेना उसे मुंहतोड़ जवाब भी दे रही है। बुधवार को उड़ी के गुरेज सेक्टर में पाकिस्तानी फौज के विशेष कमांडो (एसएसजी) की टीम नापाक हरकत को अंजाम देने के फिराक में थी, लेकिन भारतीय सेना को इसकी भनक लग गई। भारतीय जवानों ने जवाबी कार्रवाई में पाकिस्तानी एसएसजी के दो कमांडो को ढेर कर दिया।

घुसपैठ कराने के इरादे से पाकिस्तानी सेना मंगलवार से ही जम्मू-कश्मीर के उड़ी सेक्टर में नियंत्रण रेखा के पास संघर्ष विराम का उल्लंघ कर रही है। भारतीय सेना ने भी उनका मुंहतोड़ जवाब दिया है। मंगलवार को तीन कमांडो मारे गए थे। सैन्य प्रवक्ता के मुताबिक, बीते एक हफ्ते में एसएसजी के 10 कमांडो को मार गिराया गया है। इमरान खान की परमाणु बम से हमले की धमकियों के बीच पाक सेना ने पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर में अपनी गतिविधियां बढ़ा दी है। खुफिया रिपोर्ट के मुताबिक, पाक अधिकृत कश्मीर (पीओके) में पाकिस्तानी सेना ने अपने 100 से ज्यादा एसएसजी कमांडो फोर्स को तैनात किया है। वहीं नियंत्रण रेखा पर घुसपैठ के लिए पाक की बार्डर एक्शन टीम (बैट) और आतंकी मिलकर भारतीय सेना के खिलाफ ऑपरेशन चलाने की तैयारी कर रहे है। सुरक्षा एजंसियों के मुताबिक पीओके में जैश-ए-मोहम्मद के आतंकियों को पाकिस्तान की एसएसजी कमांडो फोर्स का पूरा समर्थन प्राप्त है।

# दूसरे दौर में नडाल का प्रवेश

न्यूयार्क, 28 अगस्त (एएफपी)।




जापान की नाओमी ओसाका ने रूस की अन्ना ब्लिंकोवा को तीन सेट चले मुकाबले में हराकर दूसरे दौर में प्रवेश किया।

रफेल नडाल ने जॉन मिलमैन के खिलाफ सीधे सेटों में जीत के साथ चौथे अमेरिकी ओपन खिताब के अपने अभियान की शानदार शुरुआत की। हालांकि पुरुष एकल के पहले दौर में कई शीर्ष वरीय खिलाड़ियों को हार का सामना करना पड़ा। दुनिया के शीर्ष 10 खिलाड़ियों में शामिल चार खिलाड़ियों डोमनिक थिएम, स्टीफानोस स्टिपास, केरेन खचानोव और राबर्टो बतिस्ता आगुत को मंगलवार को हार का सामना करना पड़ा जिससे नडाल का फाइनल तक का सफर कुछ आसान होता दिख रहा है।

स्पेन के दूसरे वरीय और 2010, 2013 व 2017 के चैंपियन नडाल ने लगभग दो घंटे में आस्ट्रेलिया के दुनिया के 60वें नंबर के खिलाड़ी मिलमैन को 6-3, 6-2, 6-2 से हराया। दो बार के फ्रेंच ओपन उप विजेता थिएम को हालांकि इटली के थॉमस फाबियानों के हाथों 6-4, 3-6, 6-3, 6-2 से हार का सामना करना पड़ा। थिएम इससे पूर्व विंबलडन के भी पहले दौर में बाहर हो गए थे।

स्टिपास को चार घंटे चले कड़े मुकाबले में आंद्रे रूबलेव के खिलाफ 6-4, 6-7 (5/7), 7-6 (9/7), 7-5 से हार झेलनी पड़ी। वह मैच के दौरान पैर की जकड़न से परेशान रहे और उन्होंने अंपायर पर पक्षपात का आरोप भी लगाया।

लगातार दूसरे ग्रैंडस्लैम टूर्नामेंट के पहले दौर में हार का सामना करने वाले स्टिपास को अंतिम सेट में समय से जुड़े नियमों के उल्लंघन के लिए एक अंक की पेनल्टी का सामना करना पड़ा था।

स्टिपास ने इसके बाद फ्रांस के चेयर अंपायर डेमियन डुमुसोइस को मैच के दौरान कहा कि 'तुम सब अजीब हो'। रूस के नौवें वरीय खचानोव को कनाडा के वासेक पासपिसिल के खिलाफ 6-4, 5-7, 5-7, 6-4, 3-6 से शिकस्त झेलनी पड़ी जबकि स्पेन के 10वें वरीय आगुत को कजाखस्तान के मिखाइल कुकुशकिन के खिलाफ पांच सेट में 6-3, 1-6, 4-6, 6-3, 3-6 से हार का सामना करना पड़ा।

छठे वरीय एलेक्जेंडर ज्वेरेव ने हालांकि पांच सेट में मालदोवा के राडू एल्बट को 6-1, 6-3, 3-6, 4-6, 6-2 से हराकर दूसरे दौर में जगह बनाई। पूर्व चैंपियन मारिन सिलिच ने स्लोवाकिया के मार्टिन क्लिजान के खिलाफ सीधे सेटों में जीत के साथ अगले दौर में प्रवेश किया।

महिला एकल में गत चैंपियन जापान की नाओमी ओसाका ने दुनिया की 84वें नंबर की रूस की अन्ना ब्लिंकोवा को तीन सेट चले कड़े मुकाबले में 6-4, 6-7 (5/7), 6-2 से हराकर दूसरे दौर में प्रवेश किया। पिछले दो साल से अमेरिकी ओपन के पहले दौर में शिकस्त झेलने वाली विंबलडन चैंपियन सिमोना हालेप ने अमेरिका की निकोल गिब्स को पहले दौर में 6-3, 3-6, 6-2 से हराया।

विंबलडन में शानदार प्रदर्शन करने वाली 15 साल की कोको गॉफ ने अमेरिकी ओपन में पदार्पण करते हुए तीन सेट में अनास्तासिया पोतापोवा को शिकस्त दी।

# दक्षिण अफ्रीका 'ए' के खिलाफ निगाहें गिल पर

तिरूवनंतपुरम, 28 अगस्त (भाषा)।

भारत 'ए' और दक्षिण अफ्रीका 'ए' के बीच गुरुवार से शुरू हो रही पांच अनौपचारिक एक दिवसीय क्रिकेट मैचों की श्रृंखला में निगाहें शुभमन गिल पर टिकी होंगी। हाल के समय में अच्छी फॉर्म में चल रहे गिल ने भारत 'ए' के साथ कैरेबियाई दौरे पर अच्छा प्रदर्शन किया था। लेकिन सीनियर एक दिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट टीम में जगह बनाने से वह चूक गए। गिल अब दक्षिण अफ्रीका 'ए' के खिलाफ अपनी छाप छोड़ने की कोशिश करेंगे।

इस साल न्यूजीलैंड में दो एक दिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैच खेलने वाले पंजाब के दाएं हाथ के बल्लेबाज गिल कैरेबियाई दौरे की फॉर्म आगामी श्रृंखला में भी बरकरार रखते हुए चयनकर्ताओं को प्रभावित करने की कोशिश करेंगे। गिल के अलावा पैर के अंगूठे की चोट से उबरने वाले ऑलराउंडर विजय शंकर पर भी चयनकर्ताओं की नजरें होंगी।

शंकर को इस चोट के कारण इंग्लैंड में आइसीसी क्रिकेट विश्व कप के बीच से स्वदेश लौटना पड़ा था और हाल में तमिलनाडु प्रीमियर लीग के साथ उन्होंने प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में वापसी की। वेस्ट इंडीज दौरे पर भारत की सीमित ओवरों की सीनियर टीम में वापसी करने वाले मनीष पांडे पहले तीन मैचों में टीम की अगुआई करेंगे।

# मेडिकोट के बिना भी ओलंपिक पहुंच सकता हूं : मिर्जा

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 28 अगस्त।

अर्जुन पुरस्कार के लिए नामित फवाद मिर्जा की तोक्यो खेलों के लिए क्वालीफाई करने की उम्मीदों को उनके पसंदीदा घोड़े के चोटिल होने से झटका लगा है। हालांकि उनका मानना है कि वे अन्य दो घोड़ों के साथ इस लक्ष्य तक पहुंचने में कामयाब हो जाएंगे।

मिर्जा पिछले साल जकार्ता में एशियाई खेलों की घुड़सवारी प्रतियोगिता में व्यक्तिगत पदक जीतने वाले 1982 के बाद पहले भारतीय बने थे। साथ ही टीम प्रतियोगिता में भी उन्होंने रजत पदक दिलाने में अहम भूमिका निभाई थी।

जर्मनी में तोक्यो ओलंपिक की तैयारी में जुटे मिर्जा ने कहा कि वो अभी क्वालीफाई करने के बारे में सोच रहे हैं। हालांकि उनके पसंदीदी घोड़े सेगनूर मेडिकोट की सेवाएं उन्हें पूरे साल नहीं मिलेंगी। मिर्जा ने बताया कि अभी वह चोटिल है और उसे ठीक होने में लगभग एक साल का समय लगेगा। अभी उनके पास दो और घोड़े हैं जिसके साथ ट्रेनिंग कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि मेडिकोट ने मुझे एशियाई खेलों में दो पदक दिलाए लेकिन वह अभी चोटिल है। मैं अपने अन्य दो घोड़ों के साथ अभ्यास कर रहा हूं। नए घोड़े के साथ



तालमेल बैठाने के सवाल पर उन्होंने कहा कि यह थोड़ा मुश्किल जरूर है लेकिन अभी मेरे पास काफी समय है।

फवाद को खेल दिवस के मौके पर अर्जुन पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। इस सम्मान का उनके जीवन में क्या महत्व है, इस सवाल पर उन्होंने कहा कि यह काफी बड़ा क्षण है। पहले तो मुझे विश्वास ही नहीं हुआ। इसका कारण है कि घुड़सवारी में भारत का प्रदर्शन उतना अच्छा नहीं रहा है। जब भी इस खेल में कोई पुरस्कार मिला तो वह कोई फौजी ही रहा। ऐसे में पहली बार किसी सिविलियन को इससे सम्मानित किया जा रहा है। यह पुरस्कार मुझे और इस खेले को आगे बढ़ाने में अहम भूमिका निभाएगा।

# फर्राटा धाविका विलियम्स डोप टेस्ट में नाकाम

किंगस्टन, 28 अगस्त (एएफपी)।

दोहरी विश्व अंडर-20 फर्राटा चैंपियन ब्रायना विलियम्स को डोप टैस्ट में नाकाम रहने के बाद अगले महीने होने वाली विश्व चैंपियनशिप से बाहर रहना पड़ सकता है। जमैका के दैनिक 'द ग्लीनर' ने कहा कि 17 बरस की यह धाविका 20 से 23 जून तक हुई राष्ट्रीय सीनियर चैंपियनशिप में डोप टेस्ट में विफल रही थी जिसमें वह 100 मीटर में तीसरे स्थान पर रही। अखबार ने कहा कि उनके बी नमूने की जांच में भी प्रतिबंधित डायूरेटिक हाइड्रोक्लोरोथियाजाइड के अंश पाए गए।

# हमने कोचों में निवेश नहीं किया : गोपीचंद

हैदराबाद, 28 अगस्त (भाषा)।

भारत भले ही पीवी सिंधू के रूप में अपने पहले विश्व चैंपियन की सफलता का जश्न मना रहा हो लेकिन राष्ट्रीय बैडमिंटन कोच पुलेला गोपीचंद एक अलग ही चिंतन में हैं। उनका मानना है कि देश ने कोचों में पर्याप्त निवेश नहीं किया है। ओलंपिक रजत पदक विजेता सिंधू रविवार को बैडमिंटन में भारत की पहली विश्व चैंपियन बनी जब उन्होंने फाइनल में जापान की नोजोमी ओकुहारा को सीधे सेटों में हराया।

गोपीचंद का हालांकि मानना है कि देश को यह तथ्य स्वीकार करना होगा कि तेजी से सामने आ रही प्रतिभा को संभालने के लिए पर्याप्त कोच नहीं हैं। गोपीचंद ने मंगलवार रात सिंधू की मौजूदगी में प्रेस कांफ्रेंस में कहा कि हमने कोचों में पर्याप्त निवेश नहीं किया है। द्रोणाचार्य पुरस्कार विजेता गोपीचंद को सिंधू ही नहीं बल्कि साइना नेहवाल और के श्रीकांत सहित अन्य खिलाड़ियों को निखारने का श्रेय भी जाता है। उन्होंने कहा कि हम स्तरीय कोच तैयार नहीं कर पा रहे हैं और यह ट्रेनिंग कार्यक्रम नहीं हैं। यह हमारे आसपास के माहौल से जुड़ा मामला है। इसलिए हमें इस खाई को पाटने के लिए कड़ी मेहनत करने की जरूरत है। गोपीचंद ने कहा कि टीम के साथ दक्षिण कोरिया के किम जी ह्युन जैसे कुछ विदेशी कोच हैं लेकिन सामने आ रही प्रतिभा को संभलाने के लिए अधिक कोचों की जरूरत है।




(THIS IS A PUBLIC ANNOUNCEMENT FOR INFORMATION PURPOSES ONLY AND NOT AN OFFER DOCUMENT)

ISHAN

**ISHAN DYES AND CHEMICALS LIMITED**

Our Company was originally incorporated as a private company limited by shares under the Companies Act, 1956 with the name *"Ishan Dyes and Chemicals Private Limited"* in the state of Gujarat pursuant to Certificate of Incorporation dated November 30, 1993 issued by the Registrar of Companies, Gujarat, Dadra & Nagar Haveli. Subsequently, our Company was converted into a public limited company and the name of our Company was changed to *"Ishan Dyes and Chemicals Limited"* pursuant to a fresh Certificate of Incorporation consequent upon change of name dated September 21, 1994 issued by the Registrar of Companies, Gujarat, Dadra & Nagar Haveli. For details of change in name and Registered Office of our Company, please see the chapter titled *"History and Certain Corporate Matters"* beginning on page 59 of the Letter of Offer.

**Registered Office:** 18, G.I.D.C. Estate Phase - 1, Vatva, Ahmedabad – 382 445, Gujarat, India.
**Telephone:** +91-79-25832144/25893607 | **Facsimile:** +91-79-25833643 | **Email:** ishandyes@yahoo.com | **Website:** www.ishandyes.com
**Contact Person:** Ms. Ankita V. Shah, Company Secretary and Compliance Officer | **Email:** ishandyes@yahoo.com
**Corporate Identity Number:** L24110GJ1993PLC020737

**PROMOTERS OF OUR COMPANY**

**MR. PIYUSHBHAI N. PATEL, MR. SHRINAL P. PATEL, MS. ANILABEN P. PATEL, MS. MIRALI H. PATEL AND MR. MARUTBHAI D. PATEL**

**ISSUE OF UP TO 51,81,762 EQUITY SHARES OF FACE VALUE OF ₹10 EACH ("RIGHTS EQUITY SHARES") FOR CASH AT A PRICE OF ₹ 27 EACH INCLUDING A SHARE PREMIUM OF ₹ 17 PER EQUITY SHARE ("ISSUE PRICE") AGGREGATING TO AN AMOUNT NOT EXCEEDING ₹ 1,399.08 LAKH ON A RIGHTS BASIS TO THE EXISTING EQUITY SHAREHOLDERS OF OUR COMPANY IN THE RATIO OF 46 RIGHTS EQUITY SHARES FOR EVERY 100 FULLY PAID UP EQUITY SHARES HELD BY THE EXISTING EQUITY SHAREHOLDERS ON THE RECORD DATE, THAT IS ON FRIDAY, MAY 10, 2019 ("ISSUE"). THE ISSUE PRICE FOR THE RIGHTS EQUITY SHARES IS 2.7 TIMES THE FACE VALUE OF THE EQUITY SHARES. FOR FURTHER DETAILS, PLEASE SEE THE CHAPTER TITLED "TERMS OF THE ISSUE" BEGINNING ON PAGE 127 OF THE LETTER OF OFFER.**

**BASIS OF ALLOTMENT**

The Board of Directors of our Company thanks all Investors for their response to the Issue, which opened on Friday, July 12, 2019 and closed on Friday, August 09, 2019. The total number of Composite Application Forms (**"CAFs"/"Applications"**) (net of cheque return) received were 84 (including 27 ASBA Applications) for 47,03,782 Equity Shares which includes Applications for subscriptions to Additional Equity Shares. The Issue was subscribed to the extent of 90.78% (net of Cheque return) of the Issue Size in terms of the number of Equity Shares applied. The Basis of Allotment was finalized on August 21, 2019 in consultation with BSE Limited (**"BSE"**), the Designated Stock Exchange. The Board of Directors of the Company approved the allotment of 47,03,447 Equity Shares on August 23, 2019. In the Issue, 3,128 Equity Shares have been kept in abeyance. All valid Applications (including ASBA Applications) after technical rejections have been considered for Allotment. The breakup of valid applications is given below:-

**1. Basis of Allotment:**

| Applicants | Number of valid applications received (including ASBA) and allotted | Number of Equity Shares applied for and allotted against Rights Entitlement (A) | Number of Additional Equity Shares allotted (B) | Total Rights Equity Shares allotted (A+B) |
|---|---|---|---|---|
| Eligible Shareholders | 73 | 21,31,523 | 23,30,968* | 44,62,491 |
| Renouncees | 6 | 18,176 | 2,22,780 | 2,40,956 |
| **TOTAL** | **79** | **21,49,699** | **25,53,748** | **47,03,447** |

*Includes 19 Additional Rights Equity Shares applied by the shareholders whose fractional entitlement has been ignored at the time of computation of Rights entitlement.*

**2. Information regarding All Applications Received (including ASBA Application received)**

| Category | Applications Received (including ASBA) | | Equity Shares Applied for | | | Equity Shares Allotted | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | Number | % | Number | Value (₹) | % | Number | Value (₹) | % |
| Eligible Shareholders | 78 | 92.86% | 44,62,826 | 12,04,96,302.00 | 94.88% | 44,62,491 | 12,04,87,257.00 | 94.88% |
| Renouncees | 6 | 7.14% | 2,40,956 | 65,05,812.00 | 5.12% | 2,40,956 | 65,05,812.00 | 5.12% |
| **TOTAL** | **84** | **100.00%** | **47,03,782** | **12,70,02,114.00** | **100.00%** | **47,03,447** | **12,69,93,069.00** | **100.00%** |

The Company has received approval for listing of 47,03,447 Equity Shares issued on Rights Basis from the BSE Limited (**"BSE"**) on August 26, 2019. The refund instructions were initiated on August 23, 2019 and the dispatch of Allotment Advice cum Refund Intimation to the allottees, as applicable, has been completed on August 27, 2019.

The credit of Equity Shares to the respective demat accounts of the shareholders in respect of Allotment in dematerialized form has been completed on August 27, 2019. The trading in Equity Shares issued in the Rights Issue shall commence on BSE upon receipt of trading permission. The trading is expected to commence on or before August 29, 2019.

**INVESTORS MAY PLEASE NOTE THAT THE EQUITY SHARES CAN BE TRADED ON THE STOCK EXCHANGE ONLY IN THE DEMATERIALISATION FORM.**

**NO OFFER IN THE UNITED STATES:** The Rights Entitlements and the Rights Equity Shares have not been and will not be registered under the United States Securities Act, 1933, as amended (**"Securities Act"**), or any U.S. state securities laws and may not be offered, sold, resold or otherwise transferred within the United States of America or the territories or possessions thereof (**"United States" or "U.S."**) or to, or for the account or benefit of, "U.S. persons" (as defined in Regulation S under the Securities Act (**"Regulation S"**), except in a transaction exempt from the registration requirements of the Securities Act. The Rights Entitlements referred to in the Letter of Offer are being offered in India, but not in the United States. The offering to which the DLOF, the Letter of Offer and Abridged Letter of Offer relates is not, and under no circumstances is to be construed as, an offering of any securities or rights for sale in the United States or as a solicitation therein of an offer to buy any of the said securities or rights.

**DISCLAIMER CLAUSE OF SEBI:** SEBI only gives its observations on the Draft Letter of Offer and this does not constitute approval of either the Issue or the Draft Letter of Offer. Investors are advised to refer to the Letter of Offer for the full text of the *"Disclaimer Clause of SEBI"* on page 119 of the Letter of Offer.

**DISCLAIMER CLAUSE OF BSE (THE DESIGNATED STOCK EXCHANGE):** It is to be distinctly understood that the permission given by BSE Limited should not, in anyway, be deemed or construed that the Letter of Offer has been cleared or approved by BSE Limited; nor does it certify the correctness or completeness of any of the contents of the Letter of Offer. The investors are advised to refer to the Letter of Offer for the full text of the *"Disclaimer Clause of BSE"* Limited on page 122-123 of the Letter of Offer.

All capitalised terms not defined herein shall have the same meanings ascribed to such terms in the Letter of Offer.

| LEAD MANAGER TO THE ISSUE | REGISTRAR TO THE ISSUE | COMPANY SECRETARY |
|---|---|---|
| VIVRO<br>**Vivro Financial Services Private Limited**<br>Vivro House, 11, Shashi Colony, Opposite Suvidha Shopping Center, Paldi, Ahmedabad - 380007, Gujarat, India.<br>**Tel.:** +91-79-4040 4242<br>**Fax :** +91-79-2665 0570<br>**Email:** project.blue@vivro.net<br>**Website:** www.vivro.net<br>**Investor Grievance Email:** investors@vivro.net<br>**Contact Person:** Mr. Anish Akruwala / Mr. Bhargav Parekh<br>**SEBI Registration No.** INM000010122<br>**CIN:** U67120GJ1996PTC029182 | LINKIntime<br>**Link Intime India Private Limited**<br>C-101, 1st Floor, 247 Park, L.B.S. Marg, Vikhroli (West), Mumbai– 400083, Maharashtra, India<br>**Tel.:** + 91-22-4918 6200<br>**Fax:** +91-22-4918 6195<br>**Email:** ishandyes.rights@linkintime.co.in<br>**Website:** www.linkintime.co.in<br>**Investor Grievance Email:** ishandyes.rights@linkintime.co.in<br>**Contact Person:** Mr. Sumit Deshpande<br>**SEBI Registration Number:** INR000004058<br>**CIN:** U67190MH1999PTC118368 | **Ms. Ankita V. Shah**<br>Ishan Dyes and Chemicals Limited 18, G.I.D.C Estate Phase – 1, Vatva, Ahmedabad – 382445, Gujarat, India. **Facsimile:** +91-79-25833643;<br>**Telephone:** +91-79-25832144/25893607;<br>**Email:** ishandyes@yahoo.com<br>**Website:** www.ishandyes.com<br>Investors may contact the Registrar to the Issue or the Company Secretary and Compliance Officer for any Post-Issue related matter. All grievances relating to the ASBA process may be addressed to the Registrar to the Issue, with a copy to the SCSB, giving full details such as name, address of the applicant, number of Equity Shares applied for, Amount blocked, ASBA Account number and the Designated Branch of the SCSB where the CAF was submitted by the ASBA Investors. |

**For Ishan Dyes and Chemicals Limited**
**Sd/-**
**Ms. Ankita V. Shah**
**Company Secretary and Compliance Officer**

**Place** : Ahmedabad
**Date** : August 28, 2019

**THE LEVEL OF SUBSCRIPTION SHOULD NOT BE TAKEN TO BE INDICATIVE OF EITHER THE MARKET PRICE OF THE EQUITY SHARES ON LISTING OR THE BUSINESS PROSPECTS OF ISHAN DYES AND CHEMICALS LIMITED.**

**Disclaimer:** The Letter of Offer has been filed with the Securities and Exchange Board of India and BSE Limited. The Letter of Offer is available on the website of SEBI at www.sebi.gov.in, website of designated stock exchange i.e. BSE Limited at www.bseindia.com and the website of the Lead Manager at www.vivro.net. Investors should note that investment in securities involves a high degree of risk and are requested to refer to the Letter of Offer, including the section *"Risk Factors"* beginning on page 17 of the Letter of Offer.

Raka

रजिस्ट्रेशन नं. डी.एल.-21047/03-05, आरएनआई नं. 42819/83, वर्ष 36, अंक 284, *हवाई शुल्क:* इंफल-पांच रुपए, गुवाहाटी-चार रुपए, रायपुर-दो रुपए और पटना-एक रुपए।

दि इंडियन एक्सप्रेस प्राइवेट लिमिटेड के लिए आर. सी. मल्होत्रा द्वारा ए-8, सेक्टर 7, नोएडा- 201301, जिला गौतम बुद्ध नगर (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित और मेजनीन फ्लोर, एक्सप्रेस बिल्डिंग, 9-10, बहादुर शाह जफर मार्ग, नई दिल्ली-110002 से प्रकाशित। फोनः (0120) 2470700/2470740, ई-मेलः edit.jansatta@expressindia.com, फैक्सः (0120) 2470753, 2470754, **बोर्ड अध्यक्षः विवेक गोयनका, कार्यकारी संपादकः मुकेश भारद्वाज***, *पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के जिम्मेवार। कापीराइटः दि इंडियन एक्सप्रेस प्राइवेट लिमिटेड। सर्वाधिकार सुरक्षित। लिखित अनुमति लिए बगैर प्रकाशित सामग्री या उसके किसी अंश का प्रकाशन या प्रसारण नहीं किया जा सकता।